राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 19 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 93 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलते कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू

## सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पर रोक लगाने से किया इंकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फांसी की सजा को खत्म करने और उसकी जगह कम दर्दनाक तरीका अपनाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी लेकिन सुधार की गुंजाइश बनाए रखी। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके फैसले से केंद्र सरकार को किसी एक्सपर्ट रिव्यू (विशेषज्ञ समीक्षा) का आदेश देने से नहीं रोका जा सकता जिसमें कानून, फोरेंसिक मेडिसिन, न्यूरोसाइंस और क्रिमिनोलॉजी जैसे क्षेत्रों की मदद ली जाए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सजा-ए-मौत का कोई दूसरा तरीका सजा पाने वाले की गरिमा बनाए रखते हुए अनावश्यक दर्द को बेहतर ढंग से कम कर सकता है। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। फैसला सुनाते हुए जस्टिस मेहता ने कहा कि हम इस बात से सहमत नहीं हैं कि सीआरपीसी की धारा 354 / बीएनएसएस की धारा 393(5) (फांसी के जरिए मौत की सजा से जुड़े प्रावधान) की संवैधानिक वैधता पर दोबारा विचार करने के लिए तीन जजों की बेंच (दीना मामले में) के फैसले को बड़ी बेंच के पास भेजने का कोई आधार बनता है। जस्टिस मेहता ने कहा कि मामले को खत्म करने से पहले हम यह साफ करना चाहते हैं कि इस रिट याचिका को खारिज करने का मतलब यह नहीं समझा जाना चाहिए कि भविष्य में संवैधानिक जांच का रास्ता बंद हो गया है। अगर ऐसे ठोस वैज्ञानिक, मेडिकल या अनुभव-आधारित सबूत सामने आते हैं जिनसे यह साबित हो कि 'दीना' मामले में जिस तथ्यात्मक और वैज्ञानिक आधार पर फ़ैसला लिया गया था, वह बाद की घटनाओं के कारण काफी हद तक बदल गया है तो भविष्य में संवैधानिक जांच हो सकती है। बेंच ने कहा कि संविधान की व्याख्या ऑर्गेनिक है और इसे संवैधानिक राय के विकास और वैज्ञानिक ज्ञान में तरक्की दोनों के हिसाब से रिस्पॉन्सिव रहना चाहिए। बेंच ने कहा कि ऊपर बताई गई बातों के साथ रिट याचिका खारिज की जाती है।

### जेएसएससी नियुक्ति रद्द : कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कैबिनेट के फैसलों पर जताया आभार

# युवाओं के भविष्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी-जेपीएससी और छात्र आंदोलन के बीच झारखंड कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों-विधायकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेताओं ने 17 अगस्त को हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में छात्र हित में लिए गए फैसलों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने सरकार की संवेदनशील पहल और युवाओं के भविष्य को लेकर उसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। कांग्रेस नेताओं ने विशेष कैबिनेट में टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं को रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया। उनका कहना



था कि इस फैसले से प्रभावित विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी और उनके भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता दूर होगी। नेताओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित और युवाओं के हितों को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य झारखंड के युवाओं और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों पर सरकार संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निर्णय लेती रही है और आगे भी लेती रहेगी। मुलाकात के दौरान राज्य में चल रही विकास योजनाओं, जनहित के मुद्दों और छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, रामेश्वर उरांव, प्रदीप यादव, कुमार जयमंगल, राजेश कच्छप, रामचंद्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बाड़ा और ममता देवी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बता दें कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं को लेकर छात्र आंदोलन तेज रहा है। 17 अगस्त की विशेष कैबिनेट बैठक के फैसलों के बाद सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच विवाद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात और कैबिनेट के फैसले के समर्थन को राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेपर लीक मामले में भोजपुर के मिथिलेश सिंह गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के मामलों को लेकर भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के पसौर गांव का रहने वाला मिथिलेश सिंह उर्फ आरके सिंह एक बार फिर सुर्खियों में है। झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े चर्चित पेपर लीक मामले की जांच कर रही झारखंड सीआईडी की विशेष टीम ने मिथलेश सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की खबर जैसे ही उसके पैतृक गांव पसौर पहुंची, गांव में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### वन विभाग ने दो जंगली हाथियों को कुएं से निकाला बाहर

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोला वन क्षेत्र में सोमवार देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई जब हुप्पू पंचायत के नया सिरका गांव में दो जंगली हाथी कुएं में गिर गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान में दोनों हाथियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि दोनों जंगली हाथी मंसू महतो के कुएं में गिरे थे। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों हाथियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिसके बाद वे जंगल की ओर चले गए।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अपराधी को लगी गोली

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा-झरनाकुंड में बैंक लूट की योजना बनाते अपराधियों की तिलैया थाना पुलिस के साथ बीती रात मुठभेड़ हो गई जिसमें एक अपराधी को पैर में गोली लगी है। वहीं अपराधियों की धड़-पकड़ में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार को भी पैर में चोट आई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को कुछ अपराधियों के द्वारा अपराध की योजना बनाने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के तहत पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही बैंक लूट की योजना बना रहे एक अपराधी ने पुलिस पर हथियार तान दिया। इस दौरान पुलिस के द्वारा फायरिंग की गई जिसमें एक अपराधी घायल हो गया।

### शिक्षक ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर थाना क्षेत्र के छेछानी टोला में शादी के दबाव के चलते एक कंप्यूटर शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कृपा शंकर पांडेय के 28 वर्षीय पुत्र प्रणव पांडेय के रूप में हुई है। वे पिछले पांच वर्षो से चियांकी स्थित हेरिटेज स्कूल में बतौर शिक्षक कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार प्रणव की शादी तय कर दी गई थी, लेकिन उन्हें वह लड़की पसंद नहीं थी। बावजूद परिजनों द्वारा नापसंद लड़की से शादी के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

# पांच लाख का इनामी कमांडर समेत चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के खिलाफ गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डुमरी थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने संगठन के पांच लाख रुपये के इनामी सब जोनल कमांडर रामदेव लोहरा समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, जिंदा कारतूस और संगठन से जुड़े अन्य सामान बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई को इलाके में जेजेएमपी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम सफलता माना जा रहा है। एसपी हारिस बिन जमां के अनुसार गिरफ्तार उग्रवादियों में रामदेव लोहरा, अरविंद नायक, मुनेश्वर सिंह और जितेंद्र लोहरा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक रामदेव लोहरा संगठन में सब जोनल स्तर पर सक्रिय था और उस पर



पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं अरविंद नायक संगठन में एरिया कमांडर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने बताया कि जेजेएमपी के सदस्यों के डुमरी इलाके में फिर से संगठन को सक्रिय करने और उसका विस्तार करने की कोशिश किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहले उसका सत्यापन किया और इसके बाद विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-56 राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक सेमी-ऑटोमैटिक राइफल बरामद की है। इसके अलावा पुलिस को 146 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार हथियारों के साथ वॉकी-टॉकी, आठ मोबाइल फोन, वाई-फाई डोंगल और प्रतिबंधित जेजेएमपी/नक्सली पर्चे भी बरामद किए गए हैं। बरामद सामान के आधार पर पुलिस अब संगठन की गतिविधियों और उसके नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के जरिए जेजेएमपी के अन्य सदस्यों, उनके संभावित ठिकानों और इलाके में संगठन की गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पांच लाख रुपये के इनामी सब जोनल कमांडर समेत चार उग्रवादियों की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी जेजेएमपी के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से संगठन के नेटवर्क और उसकी गतिविधियों से जुड़े कई अहम सुराग सामने आ सकते हैं।

# लेवी का पैसा लेने पहुंचे दो अपराधियों को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में लेवी वसूली के लिए पहुंचे दो अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। निरंकारी चौक और कुर्मीडीह के बीच हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो अपराधी घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अपराधियों की पहचान इरफान आलम और नन्हे अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और निरंकारी चौक से कुर्मीडीह तक पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी लेवी का पैसा लेने के लिए बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के निरंकारी चौक और कुर्मीडीह के बीच पहुंचने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। इसी दौरान अपराधियों का पुलिस से सामना हो गया। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने भागने की कोशिश की और मुठभेड़ की स्थिति बन गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इरफान आलम और नन्हें अंसारी के पैर में गोली लगी। बताया जा रहा है कि इरफान आलम वासेपुर का रहने वाला है जबकि नन्हे अंसारी पुटकी का निवासी है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि अपराधी फोन पर गोपी खान से बातचीत कर रहे थे। दोनों अपराधी कथित तौर पर गोपी खान के कहने पर लेवी की रकम वसूलने पहुंचे थे। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही इलाके में पुलिस की अतिरिक्त टीम पहुंच गई। पुलिस आसपास के इलाकों में भी जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों अपराधियों के साथ और कौन-कौन लोग मौजूद थे।

# परीक्षा रद्द होने से नियुक्त अभ्यर्थियों में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से सोमवार को जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द किए जाने के बाद विवाद और गहरा गया है। परीक्षा के जरिए नियुक्त होकर अपने-अपने पदों पर सेवा दे रहे अभ्यर्थियों ने सरकार के फैसले के खिलाफ रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करने और न्याय की मांग कर रहे हैं। झारखंड सरकार के सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) रद्द करने के फैसले के बाद परीक्षा पास कर नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों के एक वर्ग में नाराजगी सामने आई है। उनका कहना है कि उन्होंने चयन प्रक्रिया के तहत परीक्षा पास की और नियुक्ति के बाद अपने पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में पूरी परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले से उनके भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है। प्रोजेक्ट भवन में प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी ने कहा कि हमने निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए परीक्षा पास की और नियुक्त हुए हैं, फिर हमारे साथ ऐसा कदम क्यों उठाया जा रहा है? हम तो कथित अनियमितताओं की जांच की मांग कर रहे थे। अगर जांच में कोई गलती सामने आती है तो उसमें शामिल संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाए। इधर राज्य सरकार के फैसले से प्रभावित जेएसएससी सीजीएल के जरिए नौकरी पाए कर्मचारियों को आज मंगलवार से कार्यालय में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। सरकार की इस कार्रवाई से इन कर्मचारियों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# देश के टॉप 100 पुलिस कप्तानों में धनबाद एसएसपी ने बनाई पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के एसएसपी प्रभात कुमार ने अपनी पुलिसिंग और नेतृत्व क्षमता के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। फ्रेम इंडिया-एशिया पोस्ट की ओर से जारी देश के 100 सर्वश्रेष्ठ पुलिस कप्तानों की सूची में झारखंड के पांच आइएएस अधिकारियों को जगह मिली है। इनमें धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार के अलावा पाकुड़ एसपी अनुदीप सिंह, विशेष शाखा एसपी हृदीप पी. जनार्दन, गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार और सिमडेगा एसपी श्रीकांत सुरेशराव कोत्रे शामिल हैं। धनबाद जैसे चुनौतीपूर्ण जिले में पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी संभालना आसान नहीं है। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध और साइबर क्राइम के साथ-साथ संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई पुलिस के सामने बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में एसएसपी प्रभात कुमार का देश के टॉप-100 पुलिस कप्तानों में



शामिल होना धनबाद पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। फ्रेम इंडिया-एशिया पोस्ट के अनुसार, पुलिस कप्तानों के चयन में सिर्फ अपराध नियंत्रण को ही आधार नहीं बनाया गया। नेतृत्व क्षमता, जनमित्र पुलिसिंग, नवाचार, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, संकट प्रबंधन, जवाबदेही, जनसंपर्क और पुलिस की सार्वजनिक छवि जैसे कई पहलुओं को भी ध्यान में रखा गया। यानी पुलिसिंग का आकलन केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई से नहीं बल्कि जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता और कार्यशैली को भी आधार बनाकर किया गया है। अब चयनित अधिकारियों में से देश के टॉप-25 पुलिस कप्तानों की अलग सूची तैयार की जाएगी। ऐसे में झारखंड के इन पांच आईपीएस अधिकारियों के सामने टॉप-25 में जगह बनाने की अगली चुनौती होगी। फिलहाल धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार का टॉप-100 में शामिल होना जिले की पुलिसिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी पहचान के तौर पर देखा जा रहा है।

## देवेन्द्र गुट ने भूख हड़ताल तोड़ी, आंदोलन जारी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली को लेकर छात्रों का आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहा सत्याग्रह आंदोलन 24वें दिन भी खत्म नहीं हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से छात्रों की कई प्रमुख मांगें मान लिए जाने और सीजीएल परीक्षा रद्द करने की घोषणा के बाद आंदोलनकारी छात्रों में खुशी जरूर देखने को मिली लेकिन सीबीआई जांच समेत चार मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रखने का फैसला लिया गया है। इसी बीच सीजीएल परीक्षा में चयनित 1975 अभ्यर्थियों के सामने भी नौकरी जाने का संकट खड़ा हो गया है। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा विवाद को लेकर चल रहा आंदोलन फिलहाल दो गुटों में बंटा हुआ है।


# परीक्षाएं रद्द करना समस्या का समाधान नहीं : बाबूलाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार द्वारा परीक्षाएं रद्द करने के फैसले को साजिश करार देते हुए कहा कि सिर्फ परीक्षा रद्द करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। श्री मरांडी ने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सीबीआई जांच होने पर ही परीक्षा में गड़बड़ी, नौकरी खरीदने-बेचने और कथित साजिश में शामिल लोगों का पता चल सकेगा। श्री मरांडी ने कहा कि बीजेपी शुरू से ही यह स्पष्ट करती रही है कि परीक्षाएं रद्द करना समस्या का समाधान नहीं है। सरकार परीक्षाएं रद्द करने का फैसला लेकर अपनी पीठ



थपथपा रही है जबकि छात्रों की असली मांग मामले की निष्पक्ष जांच है। उन्होंने कहा कि मीडिया में सामने आ रही रिपोर्टों से जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने सीआईडी जांच पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीआईडी पहले भी इन मामलों की जांच कर चुकी है और कोर्ट के सामने ऐसी रिपोर्ट रख चुकी है जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी या नौकरी की बिक्री से इनकार किया गया था। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि जांच को गलत दिशा में ले जाने वाले अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में उसी एजेंसी से दोबारा जांच कराने पर छात्रों को न्याय मिलने की उम्मीद कम है। श्री मरांडी ने सरकार की रणनीति पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि नौकरी हासिल करने वाले लोग अदालत का रुख कर सकते हैं। ऐसे में सरकार को अदालत में परीक्षा रद्द करने के आधार और उसके समर्थन में सबूत देने होंगे। बाबूलाल का दावा है कि अगर सबूत सीआईडी की पिछली जांच पर ही आधारित रहे तो अदालत में सरकार का फैसला चुनौती के घेरे में आ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले से ऐसी स्थिति की तैयारी कर रही थी ताकि बाद में अदालत के फैसले का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बच सके। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार छात्रों को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सोच-समझकर कैबिनेट की बैठक बुलाकर परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया है।



# बगोदर अंचल-प्रखंड कार्यालय का आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बगोदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने एसआईआर 2026, राजस्व कार्यों विकास योजनाओं जनशिकायतों और कार्यालयीन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया आयुक्त के बगोदर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया एसआईआर-2026 की प्रगति की ली जानकारी निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर - 2026 की प्रगति की जानकारी ली उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित कार्यों प्राप्त दावा आपत्तियों और उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों और निर्धारित समय सीमा का पूरी तरह पालन हो तथा दावा आपत्तियों का निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से निष्पादन किया जाए लंबित राजस्व मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश आयुक्त ने अंचल कार्यालय के राजस्व कार्यों की भी समीक्षा की उन्होंने राजस्व संग्रह लंबित मामलों प्रमाण पत्रों तथा भूमि संबंधी प्रकरणों की जानकारी ली



उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निष्पादित करने का निर्देश दिया कहा कि राजस्व प्रशासन सीधे आम लोगों से जुड़ा है इसलिए मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई आयुक्त ने योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा पात्र लाभुकों तक लाभ पहुंचने की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। योजनाओं में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ नियमित निगरानी का निर्देश दिया जनशिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता बरतने को कहा आयुक्त ने आम लोगों से प्राप्त शिकायतों और आवेदनों के निष्पादन की स्थिति भी जानी उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और संवेदनशील समाधान सुशासन की महत्वपूर्ण कसौटी है कार्यालय आने वाले लोगों को प्रशासनिक सेवाएं सम्मानपूर्वक और सुगमता से उपलब्ध कराने पर भी उन्होंने जोर दिया बायोमेट्रिक उपस्थिति और कार्यालय अनुशासन की समीक्षा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेंडेंस और कार्यालयीन अनुशासन की भी समीक्षा की गई आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन के लिए सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर सरिया संतोष गुप्ता बीडीओ बगोदर निशा कुमारी सीओ प्रवीण कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## सीसील क्षेत्र में सामुदायिक विकास और आजीविका को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय समुदायों के सामाजिक आर्थिक विकास और उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है इसी क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सीसील क्षेत्र में सामुदायिक विकास एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने कौशल विकास शिक्षा स्वास्थ्य आधारभूत सुविधाओं तथा अन्य विकासात्मक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तार से चर्चा हुई उपायुक्त ने सीसील प्रबंधन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सामुदायिक विकास की योजनाएं स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जाएं उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य केवल सड़क भवन और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि स्थानीय लोगों को दीर्घकालिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए उन्होंने आजीविका संवर्धन कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार को प्राथमिकता देने के साथ पात्र लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं के अभिसरण



कन्वर्गेन्स के माध्यम से बेहतर परिणाम हासिल करने पर जोर दिया गया स्थानीय लोगों की भागीदारी पर विशेष जोर उपायुक्त ने कहा कि किसी भी योजना के चयन और क्रियान्वयन से पहले क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों का आकलन किया जाना जरूरी है योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के साथ साथ उनमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके बैठक में माइन क्लोजर प्लान खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्विकास तथा खनन गतिविधियों के बाद क्षेत्र के सतत और समावेशी विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों के निर्माण हेतु नक्शा स्वीकृति अनिवार्य

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज), झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) नियमावली,2017 के अंतर्गत झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 को संशोधित करते हुए पंचायत राज संस्थाओं के क्षेत्र में भी लागू किया गया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों के निर्माण हेतु भवन का नक्शा स्वीकृत कराना अनिवार्य है। ऐसे भवनों का नक्शा पारित करने की शक्ति जिला परिषद को प्रदान की गई है। नक्शा स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। संबंधित व्यक्ति निबंधित वास्तुविद के माध्यम से नक्शा स्वीकृति हेतु झारखंड भवन योजना अनुमोदन एवं निगरानी प्रणाली की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला परिषद, हजारीबाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वर्ष 2017 के बाद बिना नक्शा स्वीकृत कराए भवन निर्माण करना अवैध माना जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। हजारीबाग शहरी क्षेत्र से सटे ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों, जो अब शहरी क्षेत्र में तब्दील हो रहे हैं, में 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों का निर्माण बिना नक्शा स्वीकृति के किए जाने के मामले संज्ञान में आए हैं। जिला प्रशासन एवं जिला परिषद द्वारा ऐसे निर्माण कार्यों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिषद द्वारा आम नागरिकों, भवन मालिकों एवं निर्माणकताओं से अपील की गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले मकान, दुकान, अस्पताल, बैंक, मार्केट, विद्यालय आदि भवनों के निर्माण से पूर्व जिला परिषद, हजारीबाग में आवेदन कर नक्शा स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें।

### केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने डीसी से की शिकायत

**केरेडारी/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की कथित बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और कर्मियों की कार्यशैली को लेकर मंगलवार को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को लिखित आवेदन सौंपकर सीएचसी प्रभारी डॉ. नफीस अंजुम को हटाने तथा स्वास्थ्य केंद्र में कथित लापरवाही की जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि केरेडारी सीएचसी समेत क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। आवेदन में संस्थागत प्रसव के दौरान नवजातों की मौत, एक प्रसूता के कथित गलत ऑपरेशन तथा 16 अगस्त की रात सर्पदंश के दो मामलों का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि 16 अगस्त की रात केरेडारी प्रखंड के अलग-अलग गांवों में सर्पदंश से पीड़ित एक बच्चे और एक महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया था। परिजनों का दावा है कि उन्हें समय पर एंटीवेनम नहीं दिया गया और दोनों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग पहुंचने के बाद दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने सीएचसी परिसर में प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त से मांग की कि स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता, आवश्यक दवाओं एवं एंटीवेनम की पर्याप्त व्यवस्था और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को दुरुस्त किया जाए। साथ ही, पिछले मामलों की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में इलाज के अभाव या कथित लापरवाही के कारण किसी मरीज की जान न जाए। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, जिला परिषद सदस्य अनिता सिंह, पंकज साहा, प्रमोद साव, कंचन यादव, सुरेश साव, महेंद्र कुमार समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### स्नेहदीप वृद्धाश्रम में लखन प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि, बुजुर्गों को कराया भोजन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शास्त्री नगर निवासी एवं 84 वर्षीय लखन प्रसाद के निधन के बाद उनकी तेरहवीं के अवसर पर स्नेहदीप वृद्धा आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आश्रम में रह रहे करीब 40 बुजुर्गों को उनकी पसंद के मेनू के अनुसार भोजन कराया गया और परिवार के सदस्यों ने बुजुर्गों का हालचाल जाना लखन प्रसाद का निधन 5 अगस्त को हुआ था उनके पुत्र प्रकाश सिन्हा जो एसबीआई में कार्यरत हैं तथा पुत्र राजेश सिन्हा जो माले नेता हैं ने कहा कि परिवार के अभिभावक के चले जाने से घर खाली खाली सा लगता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों के साथ पोते यश सौम्य सत्यम सक्षम पोती साइनी चित्रांश रिद्धिमा बेटी मंजू देवी दामाद दीपक लाला सहित अन्य परिजनों ने योगदान दिया बड़े पुत्र प्रकाश सिन्हा बहू पायल सिन्हा पुत्र राजेश सिन्हा बहू सीमा सिन्हा बहू श्वेता सिन्हा भतीजे दीपक सिन्हा पवन सिन्हा प्रणय सिन्हा निर्णय सिन्हा राजमणि सिन्हा नागमणि सिन्हा प्रभाकर पिंटू अर्ना सिन्हा समेत पूरे परिवार और गोतिया के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई कार्यक्रम में टावर क्लब के टिंकू सिन्हा कोमल सिन्हा और बिपिन अग्रवाल समेत पूरे टावर क्लब की भूमिका भी सराहनीय रही शास्त्री नगर के लोगों ने भी कार्यक्रम में सहयोग करते हुए दिवंगत लखन प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 29 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण, शिक्षा के साथ आवागमन की सुविधा को मिला बढ़ावा

**चौपारण/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सियार कोनी में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 29 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में चौपारण मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल प्राप्त करने वाले बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय तक नियमित रूप से पहुंचना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। साइकिल मिलने से बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को मिलने वाली ऐसी सुविधाएं उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं पर हुई त्वरित सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आमजनों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन ने आम नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनते हुए उनके समाधान की दिशा में पहल की जनता दरबार में सहायक समाहर्ता यश कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती एवं जिला नजारत उप समाहर्ता ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। लोगों ने विभिन्न



विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें और समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए कई मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर मामले की जानकारी ली गई और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया जनता दरबार में अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच करते हुए उनका त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन किया जाए शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया जिला प्रशासन की ओर से आमजनों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उचित माध्यम से प्रशासन के समक्ष रखें। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पात्र मामलों के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## श्मशान की साधना से समाज कल्याण की भावना को चरितार्थ कर रहे बिट्टू बाबा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रंजन चौधरी/नवीन सिन्हा (हजारीबाग)।** भारत की आध्यात्मिक परंपरा केवल मंदिरों की घंटियों और धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रही है। इस परंपरा में ऐसे साधक भी हुए हैं, जिन्होंने कठिन साधना, तप और त्याग के रास्ते को चुना। खासकर तंत्र और अघोर साधना ऐसी ही रहस्यमयी और कठिन आध्यात्मिक परंपराओं में मानी जाती है। आधुनिक दौर में जब युवा पीढ़ी का झुकाव तेजी से पश्चिमी जीवनशैली और



आधुनिक संस्कृति की ओर बढ़ रहा है, ऐसे समय में अपनी प्राचीन परंपराओं, अध्यात्म और साधना के प्रति आकर्षित होना निश्चित रूप से अलग पहचान बनाता है। हजारीबाग के महाबीर स्थान चौक के समीप रहने वाले सुमित प्रकाश उर्फ बिट्टू बाबा की कहानी भी कुछ ऐसी ही आध्यात्मिक यात्रा से जुड़ी है। बचपन से ही उनमें रहस्य, रोमांच और अध्यात्म को जानने की जिज्ञासा रही। धीरे-धीरे यह जिज्ञासा उन्हें तंत्र, साधना और वैष्णव परंपराओं के अध्ययन और अभ्यास की ओर ले गई। समय के साथ उनका जीवन सामान्य सामाजिक जीवन से निकलकर साधना के कठिन मार्ग की ओर बढ़ता गया। बताया जाता है कि वर्ष 2009 से उन्होंने काली पूजा और तांत्रिक साधना के क्षेत्र में अपनी आध्यात्मिक यात्रा को गंभीरता से आगे बढ़ाया। मां कामाख्या और तारापीठ जैसे महत्वपूर्ण शक्ति साधना स्थलों से उनका जुड़ाव हुआ। आगे चलकर नेपाल स्थित त्यागी नाथ अघोरी आश्रम में उनके गुरु महाकाल नाथ अघोरी जी से अघोर दीक्षा प्राप्त करने की बात वे बताते हैं। साधना के इसी क्रम में उनका तांत्रिक नाम संविदानंद नाथ सरस्वती और अघोर नाम शिवेंद्र नाथ अघोरी बताया जाता है, जबकि उनका मूल नाम सुमित प्रकाश उर्फ बिट्टू बाबा है। उनकी साधना यात्रा में दश महाविद्याओं और अन्य तांत्रिक साधनाओं का भी उल्लेख मिलता है। वे बताते हैं कि मां प्राणपविक ललिता त्रिपुर सुंदरी से उन्हें महासाम्राज्य अभिषेक प्राप्त हुआ और इसी साधना परंपरा में उन्हें गुरु-परंपरा का दायित्व भी मिला। इस आध्यात्मिक यात्रा का यह रास्ता उनके लिए हमेशा आसान नहीं रहा। परिवार और समाज की ओर से शुरूआती दौर में विरोध का सामना भी करना पड़ा। बताया जाता है कि 2013 से 2017 के बीच उन्होंने लंबे समय तक घर से पूरी तरह से दूर रहकर मंदिरों और साधना स्थलों में अपना समय बिताया। उनके लिए दिन-रात का बड़ा हिस्सा साधना और आध्यात्मिक अनुशासन में गुजरता था। श्मशान और एकांत साधना को लेकर सामान्य व्यक्ति के मन में भय स्वाभाविक है, लेकिन बिट्टू बाबा के लिए यह भय से अधिक साधना और आत्मअनुशासन का विषय रहा। वे अपने गुरु के उस संदेश को महत्वपूर्ण मानते हैं।

## अभिनेता जावेद पठान ने किया फिल्म निर्माण क्लब का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग, ब्यूरो।** डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में विद्यार्थियों को अभिनय, मंचीय प्रस्तुति और सिनेमा की रचनात्मक दुनिया से जोड़ने के उद्देश्य से ह्यअभिनय एवं प्रदर्शन कलाह्न विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में भारतीय सिनेमा, ओटीटी और विज्ञापन जगत से जुड़े अभिनेता जावेद पठान मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय में फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण क्लब का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजनीश कुमार के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र में जावेद पठान ने अभिनय के अपने अनुभव



साझा किए। उन्होंने आत्मविश्वास, अनुशासन, निरीक्षण क्षमता, शारीरिक हाव-भाव, संवाद अदायगी, आवाज के उतार-चढ़ाव और भावनात्मक अभिव्यक्ति को अभिनय की महत्वपूर्ण कड़ियां बताया। अभिनेता ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक उदाहरण देते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता पहचानने और बिना झिझक अपनी प्रतिभा को सामने लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण क्लब विद्यार्थियों को सीखने, प्रयोग करने और अपनी प्रतिभा को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने का बेहतर मंच देगा। उन्होंने डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया का सार्थक एवं रचनात्मक इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। प्राचार्य डॉ. राजनीश कुमार ने कहा कि शिक्षा का दायरा केवल किताबों और कक्षा तक सीमित नहीं है। अभिनय, फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करती हैं। उन्होंने जावेद पठान के अनुभवों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से कार्यशाला में मिली सीख को अपने व्यक्तित्व विकास में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जावेद पठान ने ह्यधर्म योद्धा गरुड़ह्न, ह्यपुण्य श्लोक अहिल्याबाईह्न, ह्यविघ्नहर्ता गणेशह्न, ह्यबालवीरह्न, ह्यभारत का वीर पुत्र महाराणा प्रतापह्न, ह्यजोधा अकबरह्न, ह्यतुलसी धाम के लड्डू गोपालह्न और ह्यशिव शक्ति— तप, त्याग, तांडवह्न जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के बीच अपने अनुभव साझा करने के लिए अभिनेता के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर छापेमारी, 15 प्रतिष्ठानों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** टोबैको कंट्रोल सेल, खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन सदर अस्पताल एवं झंडा मैदान क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया यह कार्रवाई कोटपा एक्ट 2003 एवं झारखंड संशोधन अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत की गई अभियान के दौरान 15 प्रतिष्ठानों की जांच की गई जांच में तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 9,500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि 21 वर्ष से कम उम्र के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है।

## नई क्लासिक 350 गोरखा एडिशन की लॉन्चिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** रॉयल एनफील्ड ने अपनी लोकप्रिय क्लासिक 350 के नए गोरखा एडिशन को हजारीबाग में शानदार समारोह के दौरान पेश किया। नई मोटरसाइकिल को लेकर बाइक प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आकर्षक रूप-रंग, दमदार उपस्थिति और आधुनिक सुविधाओं ने लोगों का ध्यान खींचा। क्लासिक 350 गोरखा एडिशन गोरखा रेजिमेंट के अदम्य साहस, गौरवशाली विरासत और देश के प्रति समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह विशेष संस्करण गोरखा वीरों के सम्मान में श्रद्धांजलि के रूप में पेश किया गया है। नई क्लासिक 350 में



कंपनी ने अपनी पारंपरिक पहचान को बरकरार रखते हुए आधुनिक सुविधाएं जोड़ी हैं। इसमें जे-सीरीज इंजन, पूरी तरह एलईडी प्रकाश व्यवस्था, असिस्ट एवं स्लिपर क्लच, यूएसबी फास्ट टाइप-सी चार्जर और ट्रिपर नेविगेशन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। लॉन्चिंग के दौरान बड़ी संख्या में ग्राहक और बाइक प्रेमी पहुंचे तथा उन्होंने नई मोटरसाइकिल की खूबियों की जानकारी ली। इससे स्थानीय दोपहिया बाजार में भी उत्साह का माहौल बना। मौके पर शोरूम संचालक शेखर कुमार लाल ने कहा, ह्नबाइक प्रेमियों का उत्साह देखकर हमारा हौसला और भी बढ़ा है। हमें पूरा विश्वास है कि जिस तरह ग्राहकों का प्यार और भरोसा हमें पहले मिलता रहा है, आगे भी मिलता रहेगा।

## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिया मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने मंगलवार को जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा आगामी ईद-उल-मिलाद को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने आगामी ईद-उल-मिलाद त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी एवं सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में



महिला अत्याचार, छेड़खानी, दुष्कर्म एवं पोक्सो से संबंधित मामलों को विशेष प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। इन मामलों में लंबित सभी कांडों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं वर्ष 2025 से पूर्व के लंबित कांडों को भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों में कुल 317 कांड दर्ज किए गए, जबकि 668 कांडों का निष्पादन किया गया। इस दौरान कुल 1225 वारंट एवं कुर्की का निष्पादन किया गया। इसके अलावा 1749 पासपोर्ट का भी निष्पादन किया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। भूमि विवाद के मामलों के समाधान के लिए प्रत्येक थाना में साप्ताहिक थाना दिवस आयोजित करने तथा स्थानीय अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों का निष्पादन करने को कहा गया। साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री वाले स्थानों को चिन्हित कर इसमें शामिल आरोपियों की पहचान करते हुए विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में संगठित अपराध गिरोह, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया।

## खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो महिला मोर्चा ने किया आंदोलन का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र सरकार के खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक-2026 को लेकर झारखंड में राजनीतिक विरोध तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गिरिडीह जिला कार्यालय में झामुमो महिला मोर्चा की बैठक प्रमिला कुमारी के नेतृत्व में हुई बैठक में केंद्र सरकार द्वारा दोनों सदनों में पारित खनिज संशोधन विधेयक का जोरदार विरोध करते हुए इसके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया बैठक में महिला मोर्चा की नेत्रियों ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और यहां के प्राकृतिक संसाधनों पर स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा जरूरी है उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के खनिज एवं आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाला कानून लाने



का आरोप लगाते हुए विधेयक को वापस लेने की मांग है महिला मोर्चा की नेताओं ने चेतावनी दी कि विधेयक के खिलाफ आंदोलन को गांव-गांव और प्रखंड स्तर तक ले जाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो महिलाएं सड़क पर डेरा डालकर आंदोलन करेंगी और झारखंड से एक ढेला खनिज भी बाहर नहीं जाने देने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की खनिज संपदा से मिलने वाले राजस्व का उपयोग विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं में होता है ऐसे में राज्य के अधिकारों को कमजोर करने वाला कोई भी कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### हजारीबाग में जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीण, धान रोपनी कर जताया विरोध

**हजारीबाग।** देश आजादी का 80वां वर्षगांठ मना रहा है, लेकिन सड़क-पुल की स्थिति अभी भी लचर है। हजारीबाग का भी हाल कुछ ऐसा ही है। यहां के लोग अच्छे सड़क के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। जिले के इचाक प्रखंड के जोगीडीह गांव से फुफंदी चौक तक लगभग 9 किलोमीटर जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन कर रखा है। ग्रामीणों ने सांकेतिक रूप से सड़क पर ही धान रोप कर सरकार से सड़क दुरुस्त करने की मांग की है। दरअसल, हजारीबाग जिले के ईचाक प्रखंड अंतर्गत जोगीडीह गांव से फुफंदी चौक होते हुए मनाई चौक तक करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान हैं। सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर सांकेतिक रूप से धान रोपनी कर विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि दरिया, बरका खुर्द और डाडीघाघर पंचायत समेत एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन इसी सड़क से होता है। पिछले करीब एक दशक से सड़क निर्माण नहीं होने के कारण बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है। मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में काफी परेशानी होती है।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट एवं एससी-एसटी मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोरडिहा गांव निवासी एवं वर्तमान में ब्लॉक रोड ओवरब्रिज के समीप रहने वाले तालकेश्वर विश्वकर्मा के पुत्र सूरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना कांड संख्या 146/26 में सूरज विश्वकर्मा नामजद अभियुक्त था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर एएसआई मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### दहेज मामले में महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना एवं विवाहिता की मौत से जुड़े मामले में नामजद महिला अभियुक्त मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना कांड संख्या 228/25 में जनेश्वर राम की पत्नी मुन्नी देवी नामजद अभियुक्त थी। प्राथमिकी जम्होर थाना क्षेत्र के धनगाई गांव निवासी रामनाथ राम ने दर्ज कराई थी। आवेदन में उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उनकी बहन की शादी हरिहरगंज भादवा गांव निवासी जनेश्वर राम के पुत्र सुजीत राम से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज में 20 लाख रुपये की मांग को लेकर उनकी बहन के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। आरोप है कि उसे घर से भी निकाल दिया गया। लगातार बीमार रहने के बाद बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### ई-रिक्शा की बैटरी और चार्जर चोरी, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के हकीमचक गांव में ई-रिक्शा की बैटरी और चार्ज करने वाली मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। अनोज कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि सरकार द्वारा कचरा उठाने के लिए दिए गए ई-रिक्शा की एक बैटरी और चार्जर मशीन 2 अगस्त की रात घर के पास से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सहयोग शिविर का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के डोहरा पंचायत के मध्य विद्यालय डोहरा के परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में विभिन्न गांव के आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखें, अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से सुनने के बाद कई मामलों को ऑन द स्पॉट निराकरण किया। सदर एसडीओ अमित अनुराग, बीडीओ सोनिया ढनढननिया, पीओ राजीव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अंजली कुमार,एमओ शैलेश कुमार समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। सदर एसडीओ ने विभिन्न स्टाल का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अध्यक्षता मुखिया रेखा देवी संचालन आवास पर्यवेक्षक मनीष कुमार ने की। इस शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा आयोजित स्टाल में 62 मामले आये। अधिकारियों ने 24 मामले को निष्पादित किये। सदर एसडीओ अमित अनुराग समेत अन्य अधिकारियों ने आवास योजना के पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इसके अलावा राशनकार्ड के नौ लाभुकों को, स्कुली बैग पांच लाभुक को, पेंशन योजना के पांच लाभुकों उपलब्ध कराई गई। योजना का लाभ मिलते ही लाभुकों ने गदगद होकर आभार व्यक्त किया। प्रखंड नाजिर संटू कुमार,प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन,बीआरपी आंनद कुमार,पंचायत सचिव राजकुमार प्रसाद यादव, उपमुखिया नीलम देवी,समाज सेवी दिलीप साव,मनोज यादव,मनोहर यादव,पूर्व उप मुखिया संजय यादव,मिट्ठू यादव,सुरेंद्र यादव समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### युवती तीन दिनों से लापता, नहीं मिला सुराग

**हिलसा।** थाना क्षेत्र के खड़ी गांव निवासी रिपेंद्र पासवान की पुत्री अंशु कुमारी पिछले तीन दिनों से लापता है। वह वर्तमान में हिलसा में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, अंशु कुमारी तीन दिन पूर्व पीले रंग की ड्रेस पहनकर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी।काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो उसकी मां अंजू कुमारी ने हिलसा थाना में पुत्री की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया। परिजनों के मुताबिक, अंशु कुमारी का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस संभावित ठिकानों पर खोजबीन करने के साथ ही उसके संबंध में जानकारी जुटा रही है। परिजन भी अपने स्तर से लगातार उसकी तलाश में लगे हैं। युवती के अब तक बरामद नहीं होने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं।

### दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के शिवनगर पंचायत के डुमरी गांव में बंद पडे दो घरों में चोरों ने ताला तोड़ किया चोरी घटना रविवार की रात्रि का है।डुमरी गांव निवासी सेवा निर्वित कर्मी रत्नदेव सिंह एवं शिक्षिका सोनी देवी दोनों अपने अपने घरों में ताला लगाकर अपने परिजन के यहाँ चले गये थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा दोनों घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी दोनों परिवार को सोमवार देर शाम को मिल सका। जब दोनों परिवार आये तो देखा घर के मुख दरबाजे का ताला तोडा हुआ है और अंदर बहुत सारा सामान गायब है। कुछ सामान इधर उधर बिखड़ा पड़ा है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते हीं थाना अध्यक्ष रौशन कुमार घटना स्थल पर पहुंच चोरी का जायजा लिया। साथ हीं साथ दोनों परिवार को बहुत जल्द दोषी को गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया।घटना के तीसरे दिन पटना से डॉग स्क्वाड टीम एवं पुलिस की तकनीकी टीम गांव में आई और बहुत सारा साक्ष्य लेकर पटना चली गई। इस साक्ष्य के बाद चोरी की घटना का उदभेदन एवं लुटरे बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में आ जाने की संभावना है।

### जलजमाव और गड्ढे से अनियंत्रित वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**औरंगाबाद।** राजमार्ग-19 पर मंगलवार की सुबह जलजमाव के कारण एक थार अनियंत्रित होकर पलट गयी। वाहन में सवार चालक समेत दोनों युवक हादसे में सुरक्षित बच गये। घटना के बाद कुछ देर के लिए एनएच पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग-19 की है। जानकारी के अनुसार, गया जिले के शेरघाटी निवासी मंटू सिंह और चंदन मेहता रोहतास जिले के डेहरी से अपने घर लौट रहे थे। कुशहा गांव के आगे पहुंचने पर सड़क निर्माण के कारण एनएच पर जमा पानी में उनकी थार का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने वाहन को संभालने का प्रयास किया, लेकिन थार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल वाहन में फंसे दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में दोनों को गंभीर चोट नहीं आयी।

# मूसलाधार बारिश से रामगढ़ बेहालः पतरातू डैम का फाटक खोलने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियां, तालाब और जलाशय उफान पर हैं, जबकि कई इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति बन गई है। खतरे के निशान के करीब पतरातू डैम का जलस्तर कैचमेंट एरिया सहित नलकारी और घाघरा नदी से भारी आवक के कारण पतरातू डैम का जलस्तर करीब 1327.1 आरएल (RL) तक पहुंच गया है। डैम की मूल क्षमता 1332 आरएल है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से जलस्तर 1328 आरएल तक ही नियंत्रित रखा जाता है। डैम पुराना होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी समय फाटक खोलकर पानी छोड़ा जा सकता है। पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के संपदा पदाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। जलस्तर निर्धारित सीमा पर पहुंचते ही फाटक खोले जाएंगे और आवक बढ़ने पर अतिरिक्त फाटक भी खोले जा सकते हैं। रजरप्पा तक दिखेगा असर, मंदिर परिसर में दुकानें डूबीं डैम से पानी छोड़े जाने पर नलकारी नदी का बहाव तेज होगा, जो आगे दामोदर नदी में मिलती है। इसका सीधा असर रजरप्पा तक पड़ेगा। इधर, प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा में दामोदर और भैरवी नदी पहले से ही उफान पर हैं। नदी किनारे लगी बांस-बल्लियों की कई अस्थायी दुकानें जलमग्न हो गई हैं। मंदिर न्यास समिति ने श्रद्धालुओं से नदी किनारे न जाने की अपील की है। प्रशासन ने जारी किया अलर्ट जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे नदियों, डैम, तालाबों और अन्य जलस्रोतों के पास अनावश्यक रूप से न जाएं। बच्चों, युवाओं और मवेशियों को जलधारा से दूर रखने की सख्त हिदायत दी गई है। अधिकारियों को स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल माइकिंग के जरिए लोगों को सतर्क करने का निर्देश दिया गया है।

# 19 अगस्त से संसदीय समिति की टीम रांची दौरे पर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** गंभीर वित्तीय संकट और लगातार घटती उत्पादन क्षमता से जूझ रहे हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में गतिविधियां तेज होती दिख रही हैं। इसी क्रम में संसद की औद्योगिक स्थायी समिति की छह सदस्यीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर 19 अगस्त को रांची पहुंचेगी। समिति का यह दौरा एचईसी की मौजूदा स्थिति को करीब से समझने और कंपनी की समस्याओं का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सांसद तिरुचि शिवा के नेतृत्व में आने वाली समिति में सांसद हंसमुख भाई पटेल समेत अन्य सांसद शामिल हैं। रांची पहुंचने के बाद समिति के सदस्य एचईसी के अधिकारियों और प्रबंधन के साथ कंपनी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जानकारी हासिल करेंगे। इसके बाद 20 अगस्त को समिति एचईसी के तीनों प्रमुख प्लांटों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इस दौरान उत्पादन इकाइयों, मशीनरी, कार्यप्रणाली और मौजूदा संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एचईसी के सीएमडी केएस मूर्ति के साथ कंपनी के सभी निदेशक भी मौजूद रहेंगे। प्रबंधन की ओर से समिति के सदस्यों को तीनों प्लांटों की वर्तमान स्थिति, उत्पादन क्षमता, मशीनों के संचालन और कंपनी के सामने मौजूद चुनौतियों की जानकारी दी जाएगी। समिति यह भी समझने का प्रयास करेगी कि मौजूदा संसाधनों का किस तरह उपयोग किया जा रहा है और उत्पादन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किन कदमों की जरूरत है।

## भारी बारिश के कारण एथलेटिक्स की चयन प्रक्रिया स्थगित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** 70वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के चयन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में रांची के खेलगांव स्थित विभिन्न स्टेडियम में मंगलवार को दूसरे चरण की खुली चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित चयन प्रक्रिया में तीन खेलों के कुल 1,037 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें 920 बालिका और 117 बालक खिलाड़ी शामिल रहे। मंगलवार को ताइक्वांडो, कबड्डी और निशानेबाजी के खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग में कुल 255 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं कबड्डी के तीन आयु वर्गों में 595 बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



निशानेबाजी के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में कुल 185 खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाओं का चयन किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया में निर्धारित आयु वर्ग, पात्रता और खेल से संबंधित मानकों को ध्यान में रखा जा रहा है।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द होते ही कर्मचारी कार्यालय से दूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के फैसले से प्रभावित जेएसएससी सीजीएल के जरिए नौकरी पाए कर्मचारियों को आज मंगलवार से कार्यालय में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। झारखंड मंत्रालय में हर दिन की तरह आज भी ये कर्मचारी अपने ड्यूटी के लिए जैसे ही पहुंचे, मुख्य गेट पर उन्हें रोक दिया गया और प्रवेश के लिए बगैर आईडी दिखाए किसी को भी अनुमति नहीं दी जा रही है। कल तक जिस दफ्तर में वो काम करते थे, आज वही उनके लिए बेगाना



हो गया। सरकार की इस कार्रवाई से इन कर्मचारियों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर नाराज एक कर्मचारी ने बताया कि सरकार बिना कुछ समझे-बुझे यह फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी हुई है तो सरकार को पहले इसकी जांच करानी चाहिए थी और उसमें जो गड़बड़ी करते पाए जाते उसपर कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार ने परीक्षा और परिणाम को रद्द कर दिया। आखिर अब हमलोगों का भविष्य क्या होगा। गौरतलब है कि ये कर्मचारी 30 दिसंबर 2025 को नियुक्ति पत्र पाने के बाद से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत थे।

## बोकारो के गोमिया में जमीन से निकल रही आग की लपटें, ग्रामीणों में दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के गोमिया प्रखंड स्थित बांध पंचायत के पलानी गांव में पिछले कई दिनों से जमीन को चीरकर आग की लपटें निकल रही हैं। जमीन के नीचे से निकल रही आग को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक महीने पहले जमीन के नीचे से बुलबुले निकलते दिखाई दिए थे, जिसके बाद धीरे-धीरे आग निकलनी शुरू हो गई और अब इसका दायरा बढ़ता जा रहा है। गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन और ओएनजीसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह घोर लापरवाही है। वहीं बोकारो डीसी ने खनन विभाग को छाई गिरा कर आग बुझाने का निर्देश दिया है।

**ग्रामीणों ने साझा की परेशानी**

ग्रामीणों का कहना है कि जमीन के नीचे कोयले की गैस के कारण आग लगी है, जिसके चलते इलाके में खेती प्रभावित हो रही है। लोग आग वाले क्षेत्र में जाने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। साथ ही उनका कहना है कि जिस क्षेत्र में आग लगी है, अगर वह सरकारी जमीन है तो उसका अधिग्रहण कर प्रभावित ग्रामीणों को उचित लाभ और आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। वहीं गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यह जिला प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन और ओएनजीसी की घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि कई दिन बीत जाने के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और ग्रामीण भय के माहौल में जी रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं इस संबंध में बोकारो डीसी ने कहा कि यह मामला ओएनजीसी का है, बावजूद हमने जिला खनन पदाधिकारी को आग वाले क्षेत्र में डस्ट भराई का निर्देश दिया था, ताकि तत्काल आग पर काबू पाया जा सके।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में सातवीं व आठवीं की टीम विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नव ज्योति शिक्षा निकेतन में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल में सातवीं और आठवीं की टीम विजेता बनी। कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक दीपक कुमार और राजकुमार के अनुसार कुल चार टीमों के बीच यह मुकाबला हुआ। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गए। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही। फाइनल मुकाबला सातवीं और आठवीं की संयुक्त टीम बनाम पांचवीं और छठी की टीम के बीच खेला गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में पवन, सूरज, विशाल, छोटू, सुनील, अमरेश, गोलू, गुरबज, डैंगी, राजू, सलमान, लक्ष्मी, रितु, मुस्कान, सक्काल, आकाश, संस्कार, शिवम, रमेश, ऊर्जा, अनुज और अमित शामिल रहे। निर्देशक नीरज कुमार ने सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि खेल से अनुशासन और टीम भावना बढ़ती है।इसके साथ ही 15 अगस्त को और भी खेल का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार वितरण पांच सितंबर को किया जाएगा।

## रुद्राभिषेक में हवन का शास्त्रीय प्रमाण नहीं

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**
**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। सावन में रुद्राभिषेक का आयोजन महत्वपूर्ण सनातन परंपरा है। शिव भक्त प्रायः यह अनुष्ठान करते हैं। इस अनुष्ठान में हवन की आवश्यक्ता है या नहीं, क्या हवन करना उचित है, या अनुचित। ऐसे प्रश्न को लेकर विमर्श आवश्यक प्रतीत होता है। कर्मकांड विशेषज्ञ आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री बताते हैं कि श्रीरुद्राभिषेक के साथ हवन करने का शास्त्रीय प्रमाण नहीं मिलता है। अनेकानेक पाण्डुलिपि, प्रकाशित रुद्राभिषेक पद्धति में कहीं चर्चा में नहीं है। यजुर्वेद से संग्रहित किया गया दश से समान्वित रुद्राष्टाध्यायी के अन्दर स्वाहा युक्त मन्त्र आते हैं, जिसके द्वारा अभिषेक किया जाता है न कि हवन।

बताया कि शिव की अर्चना में नारियल का प्रयोग नहीं किया गया है। नारियल फोड़ना और जलाना निषेध है क्योंकि नारियल शिव का प्रतिरूप माना गया। हवन में (पूर्णाहुति) सुखा नारियल डालते हैं, यह उचित नहीं है। आग पानी एक जगह नहीं रख सकते। दोनों को दूर रखने का शास्त्र निर्देश है। श्री शास्त्री कहते हैं कि जब आप मकान बनते हैं, तो उत्तर से ईशाण कोण तक नल जल की व्यवस्था रखते हैं। ईशाण कोण भगवान शंकर का स्थान है। शंकर के मस्तक पर गंगा जी रहती हैं। इसीलिए घर का पानी उत्तर - पूरब में निकालें। अपवाद में पश्चिम से



निकालें, परन्तु दक्षिण की ओर घर का पानी नहीं निकालना चाहिए। विशेष रूप से शिव लिंग पर चढ़ा जल उत्तर में निकलता है। मकान में अग्नि का स्थान पूरब - दक्षिण अग्नि कोण में है। वहीं पाकशाला का निर्माण किया जाता है। बना हुआ भोजन कभी भी दक्षिण दिशा की ओर नहीं जाना चाहिए।

श्री शास्त्री बताते हैं कि भगवान शिव लिंग अग्नि ज्योति से उत्पन्न हैं। ज्योतिलिंग के रूप में उनको शितलता के गंगाजल से स्नान अभिषेक करते हैं। सावन के मास में समुद्र मन्थन से प्राप्त हलाहल से ब्रहाण्ड उद्वेलित हो रहा था तो उस समय विश्व कल्याण के लिए शिव विष पान कर अचेतन अवस्था में आ गये और समाधी लग गई। तब भगवान परशुराम, राक्षस राज रावण, मर्यादा पुरुषोतम श्री राम ने कांवर में गंगाजल भर शिव को जलाभिषेक किये, जो परम्परा बनी और अब भी चल रही है। देवघर जब जाते हैं, केवल जल चढ़ाते हैं, हवन नहीं करते। पंडित लाल मोहन शास्त्री कहते हैं-अतः शास्त्र और लोकमत से सदा अभिषेक में हवन नहीं कराना चाहिये।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-28-26, दिनांक 14.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-28-26 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन ताकिपुर (टीकेपी) और मोरग्राम (एमजीएई) स्टेशनों के बीच लोहापुर (एलएपी) स्टेशन एवं सागरदिघी (एसडीआई) और गोसाईं ग्राम (जीएसजीबी) स्टेशनों के बीच बराला (बीएए) स्टेशन पर आईबीएच के प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य । **कार्य की अनुमानित लागत :** रु.44,61,786.75, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 89,200/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 28.08.2026, **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 11.09.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-279/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## बिना गैस-बिजली के चाय, कॉफी और नूडल्स बनाने की तकनीक विकसित, सागर ने कराया पेटेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के हसपुरा निवासी इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र एवं युवा उद्यमी सागर कुमार ने बिना गैस, बिजली या लकड़ी जैसे पारंपरिक ईंधन के भोजन और पेय पदार्थ गर्म करने की तकनीक विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सागर ने इस तकनीक को 'सिपजो' (Sipzo) नाम दिया है और इसका पेटेंट भी कराया है। टिफिन के आकार में तैयार किए गए इस उपकरण में रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से गर्मी उत्पन्न करने की व्यवस्था की गई है। सागर के अनुसार, इस तकनीक की मदद से करीब दस मिनट में पानी को लगभग 100 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जा सकता है। इसके जरिए चाय, कॉफी और नूडल्स जैसे खाद्य पदार्थ तैयार किए जा सकते हैं।

सागर के मुताबिक, इस तकनीक का उद्देश्य ऐसी परिस्थितियों में लोगों को आसानी से गर्म भोजन और पेय उपलब्ध कराना है, जहां गैस, बिजली या अन्य ईंधन की व्यवस्था संभव नहीं होती। यात्रा, छात्रावास, कार्यस्थल, आपदा और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में यह तकनीक उपयोगी साबित हो सकती है। युवा उद्यमी ने अपने शुरुआती नमूने का 100 से अधिक लोगों के बीच प्रत्यक्ष ग्राहक परीक्षण भी किया है। इसके बाद तकनीक को और बेहतर बनाने तथा व्यावसायिक स्तर पर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सागर के इस नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी पटना, एआईसी-नालंदा, इनक्यूबिन फाउंडेशन और एमटीआर विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र से जुड़े स्टार्टअप एवं नवाचार कार्यक्रमों में चयन मिला है।

# सभी पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक की शुरुआत, राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा और बाल्सा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में नवादा जिले की सभी पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में न्यायिक पदाधिकारियों एवं दोनों बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया गया।

प्राधिकार के सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बिजली, टेलीफोन सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं। थानों के जरिए शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराने हेतु थानाध्यक्षों के साथ बैठकें की जा रही है। 'मीडिएशन




3.0' अभियान पर बैठक व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी हॉल में 18 अगस्त 2026 को 90 दिवसीय 'मीडिएशन 3.0: फॉर द नेशन' अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक हुई। सचिव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जटिल अदालती प्रक्रिया से इतर संवाद और सहमति से विवादों का निस्तारण करना है। पार्टियां ऑनलाइन, ऑफलाइन या हाइब्रिड मोड में जुड़ सकती हैं। समझौते योग्य मामलों—जैसे पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, क्लेम, उपभोक्ता व भूमि विवाद—को चिह्नित कर मध्यस्थ अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझाया जाएगा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. केजीपीई-एएमसी-एएएल-एसआईवी-124,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (टीआरएस), खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई-निविदा (एकल निविदा) आमंत्रित की जाती है एवं 12.30 बजे के बाद खोली जाएगी। **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के केजीपीई/खड़गपुर और आईपीटीई/बोकारो स्टील सिटी के कॉन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में व्यवस्थित एएएल प्रस्तुतकारक 180 केवीए स्टैटिक इन्वर्टर (एसआईवी) की व्यापक एएमसी। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 6,22,97,544/- जीएसटी सहित। **बयाना राशि :** रु. 12,46,000/- **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.09.2026 को 12.00 बजे। **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **निविदा का प्रकार :** एकल निविदा। **समापन अवधि :** 24 माह। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-629)**

# अपनी समस्याओं को ले सड़क पर उतरे छात्र

## लगाये कई गंभीर आरोप, जांच की रखी मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अक्सर कहा जाता है कि जेन अल्फा अपनी बात खुलकर रखने वाली पीढ़ी है। गया जिले के डुमरिया प्रखंड में इसकी एक अलग तस्वीर देखने को मिली, जब चहरा-पहरा मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं को लेकर खुद सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों के साथ बच्चों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर विद्यालय में कथित अनियमितताओं के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मध्याह्न भोजन, फर्जी उपस्थिति, प्रमाण-पत्र जारी करने के नाम पर कथित अवैध वसूली समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका से 24 घंटे के भीतर साक्ष्य सहित जवाब मांगा है।

डुमरिया प्रखंड मुख्यालय के बाहर चहरा-पहरा मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शन की सबसे खास बात यह रही कि अपनी समस्याओं और विद्यालय में कथित अनियमितताओं को लेकर बच्चे खुद आगे आए और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। छात्रों और ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा, जिसमें विद्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं बनाया जाता है। इसके अलावा छात्रों की वास्तविक संख्या से कम उपस्थिति होने के बावजूद कथित तौर पर फर्जी हाजिरी बनाई जाती है। आवेदन में आरोप है कि फर्जी उपस्थिति के आधार पर चावल और सरकारी राशि का उठाव किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने इन आरोपों की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शराब पार्टी में चली गोलियां, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के करौड़ीचक गांव में आधी रात शराब पार्टी के दौरान दोस्तों के बीच हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। विवाद के बाद पार्टी में शामिल एक युवक ने गोलू यादव पर कथित तौर पर ताबड़तोड़ चार गोलियां चला दीं। गोली लगते ही गोलू ने मौके पर दम तोड़ दिया। वारदात के बाद शराब पार्टी में शामिल सभी युवक मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, युवक की हत्या की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में दहशत का माहौल है।

बताया जाता है कि करौड़ीचक गांव में एक धार्मिक स्थल के समीप खाली जगह पर चार-पांच युवक बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर गोलू यादव का अपने साथियों से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट व गाली-गलौज से आगे बढ़कर फायरिंग तक पहुंच गया। आरोप है कि इसी दौरान पार्टी में शामिल एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और गोलू यादव पर लगातार चार गोलियां चला दीं।

**मिजार्पुरः द मूवी के स्टार्स पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा और जितेंद्र कुमार**

# पंकज त्रिपाठी सहित कई सितारों का 21 को पटना आगमन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मिजार्पुरः द मूवी को लेकर फैंस के बीच एक्साइटमेंट लगातार बढ़ती जा रही है। 11 अगस्त को रिलीज हुए फिल्म के मच अवेटेड ट्रेलर को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। ट्रेलर में बड़े भौकाल, गद्दी की जंग और मिजार्पुर की दमदार दुनिया की झलक देखने के बाद अब फिल्म को लेकर बज और भी बढ़ गया है। ट्रेलर को मिले इस शानदार रिस्पॉन्स के बीच फिल्म की स्टारकास्ट 12 अगस्त को लखनऊ पहुंची। अली फजल, दिव्येंदु शर्मा और जितेंद्र कुमार ने शहर में फिल्म का प्रमोशन किया और मीडिया से बातचीत की। मिजार्पुर की कहानी और इसकी दुनिया का उत्तर प्रदेश से खास कनेक्शन रहा है। ऐसे में लखनऊ में फिल्म का प्रमोशन करना टीम के लिए भी खास रहा। जिसके बाद अब मिजार्पुरः द मूवी के स्टार्स पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा और जितेंद्र कुमार 21 अगस्त 2026 को पटना का दौरा करेंगे। ट्रेलर और पहले गाने दो नंबरी को मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद अब फिल्म की रिलीज को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट अपने चरम पर है।

फिल्म की स्टारकास्ट में अली फजल, पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुगल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौर, श्वेता त्रिपाठी और सोनल एस. चौहान भी शामिल हैं।

मूवी का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसकी कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहे हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। फिल्म 4 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी।

# 13 सूत्री मांगों को ले छात्र बैठे आंदोलन पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दिल्ली और रांची के बाद अब पटना में अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। गर्दनीबाग धरनास्थल पर दो अलग-अलग अभ्यर्थियों का गुट अनशन पर बैठा है। बिहार स्टूडेंट यूनियन और ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन ने बिहार में बीपीएससी , दरोगा भर्ती समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर कई मांगे उठाई हैं। खास बात यह है कि इस आंदोलन को देखते हुए बिहार लोक सेवा आयोग कुछ ही देर में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का विज्ञापन जारी करने जा रहा है। इधर, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि अधिक से अधिक पदों पर विज्ञापन जारी होने जा रहा है। हमने जितनी घोषणा की थी इस बार उससे ज्यादा वैकेंसी निकलेगी।

मंगलवार को छात्र नेता दिलीप कुमार ने नेतृत्व में बड़ी संख्या में गर्दनीबाग में राष्ट्रगान, वंदे मातरम और रघुपति राघव राजा राम के साथ छात्र न्याय सत्याग्रह की शुरूआत हुई। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र अनिश्चितकालीन छात्र न्याय सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि हमलोगों ने सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में अगर नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ तो हमलोग शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के आवास का घेराव करेंगे।

छात्र नेता सौरभ कुमार ने कहा कि हमलोग ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन के बैनर बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर 13 सूत्री मांगें उठाई हैं। हमलोगों की प्रमुख मांगों में 70वीं परीक्षा को पूरी तरह निरस्त करने की मांग करते हैं। इसके अलावा इररउ की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट, समेत सभी लंबित परीक्षाओं को जल्द आयोजित कराने की मांग की गई है। इसके अलावा प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के साथ पूर्व की परीक्षाओं की तर्ज पर एक परीक्षा और एक अभ्यर्थी, एक रिजल्ट व्यवस्था लागू करने की मांग करते हैं।

# कार्यक्रम में चौकीदार का शराब पीने और डांस का वीडियो वायरल

## कानून के रखवाले पर ही कानून तोड़ने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले से कानून व्यवस्था को सवालों के घेरे में खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। लालगंज थाना क्षेत्र में सदर-2 एसडीपीओ कार्यालय में तैनात चौकीदार अशोक पासवान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में चौकीदार कथित तौर पर खुलेआम शराब पीते और आर्केस्ट्रा में डांस करने वाली महिला के साथ आपत्तिजनक हरकतें करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान चौकीदार वर्दी में ही मंच पर पहुंच गए और डांसर के साथ डांस किया। शराबबंदी वाले बिहार में एक सरकारी कर्मचारी से जुड़े इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वीडियो की सत्यता और उसमें दिखाई दे रही गतिविधियों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला लालगंज प्रखंड के मसूदन पकड़ी गांव के वार्ड नंबर 4 का बताया जा रहा है। बीते दिनों यहां राजकिशोर भगत के दरवाजे पर छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सदर-2 एसडीपीओ कार्यालय में तैनात चौकीदार अशोक पासवान कुछ लोगों के साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने पहले बियर की बोतल खोली और इसके बाद टेट्रा पैक से शराब का सेवन किया।

वायरल वीडियो में आगे चौकीदार के मंच पर पहुंचने का दृश्य भी दिखाई दे रहा है। वीडियो के मुताबिक, इसके बाद वह आर्केस्ट्रा की डांसर के साथ डांस करते नजर आते हैं। इस दौरान उनके कथित तौर पर आपत्तिजनक हरकतें करने का भी दावा किया जा रहा है।वीडियो में चौकीदार डांसर की गोद में बैठकर डांस करते हुए भी नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।

बिहार में अप्रैल 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराब पीना, बेचना या रखना कानून के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे में कानून-व्यवस्था से जुड़े सरकारी कर्मचारी का शराब पीते हुए वीडियो सामने आने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव स्तर पर चौकीदार की जिम्मेदारी आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने, पुलिस को तत्काल सूचना देने और शराबबंदी समेत अन्य कानूनों के पालन में पुलिस प्रशासन की मदद करने की होती है। ऐसे में यदि कानून का पालन कराने वाले कर्मचारी पर ही शराब पीने का आरोप लगे, तो इससे आम लोगों के बीच गलत संदेश जाता है।

## प्रखण्डों में सहयोग शिविर आयोजित

**शिवाजीनगर।** प्रखंड की राहियार उत्तर एवं राहियार दक्षिण पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी कलेक्टर संदीप झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अम्पाली यादव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामजन्म सिंह, पीएचसी प्रभारी सुमित कुमार, बिजली विभाग के जेई आकाश कुमार, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, पीएचईडी जेई हिमांशु कुमार, कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार एवं प्रखंड बीपीएम सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे

सहयोग शिविर के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

# दस हजार से अधिक लर्नर्स को डिजिटल स्किल्स से जोड़ेगा सेल्सफोर्स


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सेल्सफोर्स और डायरेक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, त्रिपुरा सरकार ने डिजिटल स्किल्स की उपलब्धता और वर्कफोर्स रेडीनेस बढ़ाने के लिए साझेदारी की है। इसकी घोषणा अगरतला में डेस्टिनेशन त्रिपुरा बिजनेस कॉन्क्लेव 2026 में की गई। इस पहल के तहत सेल्सफोर्स के ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म ट्रेलहेड के माध्यम से स्टूडेंट्स, युवाओं, सरकारी कर्मचारियों और एंटरप्रेन्योर्स को सेल्फ-पेस्ड लर्निंग उपलब्ध कराई जाएगी। इसका लक्ष्य 2027 तक 10,000 से अधिक लर्नर्स को तैयार करना है। ट्रेलहेड के जरिए सीआरएम, बिजनेस एनालिसिस और टेक्नोलॉजी फंडामेंटल जैसी डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी स्किल्स की गाइडेड लर्निंग दी जाएगी।

डायरेक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और स्किल डेवलपमेंट एजेंसियों से प्रतिभागियों का चयन करेगा तथा कार्यक्रम की उपलब्धता और जागरूकता बढ़ाएगा। किरन गिट्टे, सेक्रेटरी, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, त्रिपुरा सरकार ने कहा, सेल्सफोर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप त्रिपुरा के डिजिटलाईजेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पार्टनरशिप हमारे स्टूडेंट्स, सरकारी कर्मचारियों और एंटरप्रेन्योर्स को भविष्य की डिजिटल स्किल प्रदान करेगी तथा इनोवेशन और समावेशी विकास लेकर आएगी। जेया रगुल गेशन बी, डायरेक्टर, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, त्रिपुरा सरकार ने कहा, हम इस टैलेंट को विश्व के लिए जरूरी स्किल्स प्रदान करना चाहते हैं। अरुंधति भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सेल्सफोर्स - साउथ एशिया ने कहा, ह्हमें गर्व है कि ट्रेलहेड के माध्यम से हम प्रैक्टिकल लर्निंग प्रदान करके स्टूडेंट्स, सरकारी कर्मचारियों और एंटरप्रेन्योर्स को वो क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, जो तेजी से बदलती हुई अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी हैं।

# मिड डे मील खाने से 34 बच्चे बीमार, स्कूल में अफरातफरी

## ग्रामीण विकास मंत्री पहुंचे अस्पताल, जांच का आदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय प्रखंड के मध्य विद्यालय परासी में मंगलवार को मिड डे मील का भोजन खाने के बाद करीब 34 छात्र-छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों की हालत खराब होते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी बच्चों को बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और डॉक्टरों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली।

मंत्री ने कहा कि मिड डे मील परोसने में चूक कहां हुई, इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। प्रथम दृष्टया भोजन की गुणवत्ता और लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। मिड डे मील बच्चों के पोषण और शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। भोजन की साफ-सफाई, ताजगी और स्वच्छ पानी का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

मंत्री ने चिकित्सकों को बच्चों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया और अभिभावकों से घबराने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को जिले के सभी स्कूलों में मिड डे मील की औचक जांच कराने तथा रसोइयों को साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इस दौरान सिविल सर्जन, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# शराब की सूचना देने पहुंचे युवक के साथ गाली-गलौज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन लगातार आम लोगों से सहयोग की अपील करता है। लोगों से शराब तस्करी और शराब सेवन की सूचना पुलिस को देने की अपील की जाती है, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। लेकिन सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र से सामने आए एक मामले ने पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय तथा सूचना देने वालों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि शराब सेवन की सूचना देने थाने पहुंचे एक युवक के साथ पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर बदसलूकी, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की।

धक्का-मुक्की के दौरान युवक के गिरने से उसके पैर में चोट लगने की भी बात सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना 16 अगस्त की शाम की बताई जा रही है। बक्सर जिला मुख्यालय के उमा शंकर राय के पुत्र प्रितम कुमार अपने ससुराल सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव आए हुए थे। बताया गया कि 16 अगस्त की शाम करीब 7 बजे प्रितम कुमार को जानकारी मिली कि मांझी प्रखंड कार्यालय परिसर के अंदर स्थित पानी की टंकी के आसपास कुछ लोग बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर प्रितम ने इसकी सूचना पुलिस को देने का फैसला किया।

वह अपनी पत्नी के साथ खुद मांझी थाना पहुंचे, ताकि पुलिस मौके पर पहुंचकर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सके।

आरोप है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी शिकायत को गंभीरता से सुनने के बजाय उनके साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया और अपनी बात पर अड़े रहे, तो थाने में मौजूद एक पुलिसकर्मी ने उनके साथ कथित तौर पर धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

# कांवरियों से अमर्यादित व्यवहार के आरोप में दारोगा निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** गढ़पुरा स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिगिरि धाम में सावन की तीसरी सोमवारी पर उमड़ी अप्रत्याशित भीड़ के बीच श्रद्धालुओं से अमर्यादित व्यवहार करना पुलिस पदाधिकारी को भारी पड़ गया।

मामले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गढ़पुरा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक किशन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन के बाद दारोगा किशन कुमार को मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराने का भी आदेश दिया है।

बताया जाता है कि सावन की तीसरी सोमवारी को बाबा हरिगिरि धाम में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। अप्रत्याशित भीड़ के बावजूद श्रद्धालु कतार में शांतिपूर्ण तरीके से खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान गढ़पुरा थाना में तैनात दारोगा किशन कुमार द्वारा श्रद्धालुओं के साथ कथित रूप से अमर्यादित व्यवहार किए जाने और विधि-व्यवस्था संभालने में त्रुटिपूर्ण तरीके से कार्य करने का वीडियो सामने आया।

वीडियो और मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसआई किशन कुमार को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें पुलिस केंद्र में मुख्यालय करने का आदेश दिया गया है। एसपी कार्यालय की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच अधिकारी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी गई है।

पुलिस प्रशासन के अनुसार जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## दादा-पोती की पीट पीटकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में दादा और पोती की पीट पीटकर हत्या कर दी। घटना वार्ड-तीन स्थित ब्लाक गेट माई स्थान के समीप की दोपहर दो बजे की है।

घटना में 60 वर्षीय भोला मियां की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी नौ वर्षीय पोती अनब खातून गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।स्वजन के अनुसार, दोनों कमरे में सो रहे थे। उसी दौरान साहेबगंज थाना रोड निवासी बशीर मियां के पुत्र 27 वर्षीय अलताब आलम ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे भोला मियां के 35 वर्षीय पुत्र मो. शमीम गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के दौरान आरोपित अलताब आलम भी घायल हुआ। दोनों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर किया गया है । आरोपपित और पीड़ित परिवार आपस में पट्टीदार हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव है।

# नगर परिषद के सभी वार्ड होंगे जगमग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र की सड़कें और गलियां जल्द ही एलईडी स्ट्रीट लाइटों से रोशन होंगी।

नगर परिषद ने शहर के सभी 33 वार्डों में 8000 स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना तैयार की है। इस पर करीब सात करोड़ 17 लाख 66 हजार 991 रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत आठ एजेंसियों का चयन कर टेंडर आवंटित किया जा चुका है। तकनीकी मंजूरी मिलते ही चयनित एजेंसियां अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में काम शुरू करेंगी। स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए शहर के 33 वार्डों को चार हिस्सों में बांटकर राशि का प्रविधान किया गया है। वार्ड संख्या एक से सात तक एक करोड़ 81 लाख पांच हजार 25 रुपये खर्च होंगे।

इसी तरह वार्ड आठ से 17 तक एक करोड़ 93 लाख 10 हजार 165 रुपये, वार्ड 18 से 29 तक एक करोड़ 84 लाख 64 हजार 645 रुपये तथा वार्ड 30 से 33 तक एक करोड़ 58 लाख 87 हजार 162 रुपये खर्च किए जाएंगे।

एलईडी स्ट्रीट लाइट लगने से शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों और गलियों में रोशनी की बेहतर व्यवस्था होगी। रात में आवागमन करने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

साथ ही अंधेरे का फायदा उठाकर होने वाली चोरी और छिनतई जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।


एलईडी लाइटों से बिजली की खपत कम होने की भी संभावना है। टेंडर की शर्तों के अनुसार संबंधित एजेंसियों को निर्धारित अवधि तक स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी दी जाएगी।

खराब लाइटों को समय पर दुरुस्त करना एजेंसियों के लिए अनिवार्य होगा।

काम की गुणवत्ता और समयबद्धता की निगरानी नगर परिषद के अभियंता की टीम करेगी।

# मूक बधिर विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म

## शौच करने निकली थी पीड़िता, दो धराये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** घर में अकेली मूक-बधिर विवाहिता के साथ हुई गंभीर घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पति और सास भी मूक-बधिर होने के कारण पीड़िता अपनी पीड़ा तत्काल शब्दों में नहीं बता सकी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह पीड़िता का पति राजमिस्त्री के साथ काम करने के लिए बगल के गांव गया था। उसकी सास भी जलावन चुनने के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान पीड़िता घर में अकेली थी।

बताया गया कि सुबह करीब 11 बजे पीड़िता घर के पीछे शौचालय की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के जगदीश पोद्दार, रामपृत यादव और देव नारायण यादव ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद तीनों वहां से फरार हो गए। कुछ देर बाद सास घर लौटी तो पीड़िता ने उसे घटना की जानकारी दी। शाम को पति के घर पहुंचने पर उसे भी पूरे मामले के बारे में बताया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साक्षी कुमारी, डीएसपी प्रभाकर तिवारी और थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगदीश पोद्दार और रामपृत यादव को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपित देव नारायण यादव फरार है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पीड़िता से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## कार के तहखाने से गांजे की खेप बरामद

**पटना।** मोकामा थाना क्षेत्र के फोरलेन शिवनार लिंक रोड पर पुलिस ने मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी क्रेटा कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 9 लाख रुपये आंकी जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कार बेगूसराय की ओर से आ रही थी, जिसमें एक महिला और एक पुरुष सवार थे। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आसूचना संकलन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही उन्होंने मेकरा ओपी प्रभारी और एसआई सुनील कुमार के साथ फोरलेन पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया।इसी दौरान एक सफेद रंग की लग्जरी क्रेटा कार को रोका गया। प्रथम दृष्टया गाड़ी में कुछ नहीं मिला, लेकिन गहनता से तलाशी लेने पर पुलिस भी हैरान रह गई। तस्करों ने गाड़ी के बोनट, आगे-पीछे के फाइबर बॉडी और अन्य हिस्सों में बाकायदा तहखाना बना रखा था।मौके पर मैकेनिक को बुलाकर गाड़ी के हर कोने की तलाशी ली गई।

# एक महिला सहित दो मासूमों की मौत से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला मुख्यालय स्थित बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित दर्जी मोहल्ले में एक महिला और उसके दो मासूम बच्चियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह में मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान करीब 25 वर्षीय निदा खातून के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बुंदेलखंड थानाध्यक्ष धनवीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की शादी 26 सितंबर 2021 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मोहम्मद शाहिद के साथ हुई थी। शाहिद वर्तमान में सऊदी अरब में रहकर काम करते हैं।

मृतका के ससुर मोहम्मद ताहिर और सास अस्मत खातून हैं। मृतका का मायका गयाजी जिले के सरबहदा थाना क्षेत्र बताया गया है। उसके पिता शमशेर खान उर्फ शेरू और मां नाजनी खातून हैं।

जिन दो बच्चियों की मौत हुई है उनमें एक की उम्र करीब डेढ़ वर्ष बताई गई है, जबकि दूसरे बच्ची की उम्र करीब तीन है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार झा और पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। सुबह में करीब 10 बजे एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और काफी देर तक जांच-पड़ताल की।

टीम ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया है कि एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# किसानों को कम प्रीमियम में मिलेगा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रबी 2026-27 से राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को धरातल पर उतारने के लिए सहकारिता विभाग तेजी से प्रयास कर रहा है। योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए मंगलवार को शास्त्री नगर स्थित दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (डीएनएस) में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान योजना के प्रावधानों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजना के सफल कार्यान्वयन में विभिन्न हितधारकों की भूमिका एवं उनकी जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रबी 2026-27 के मौसम के संदर्भ में प्रत्येक हितधारक से अपेक्षित कार्यों, उनके दायित्वों एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में रबी 2026-27 के लिए निर्धारित एसओपी के प्रावधानों को समयबद्ध रूप से लागू करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय पीएमएफबीवाई टीम के सदस्य डॉ. अनिल पंत एवं मेहुल कक्कड़ ने प्रशिक्षण दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य फसल को क्षति होने पर किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना, किसानों की आय को स्थिर बनाए रखना, खेती जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना में किसानों द्वारा खरीफ फसल के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत, रबी फसल के लिए बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत तथा वाणिज्यिक/बागवानी फसल के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम देय है। शेष प्रीमियम की राशि आधी-आधी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण सत्र में सहकारिता विभाग, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना से अपर निबंधक (न्याय) विकास कुमार बरियार, संयुक्त निबंधक (साख) समरेश कुमार तथा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. अरविन्द पासवान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। योजना के तहत किसानों को कृषि लागत के समतुल्य क्षतिपूर्ति राशि का प्रावधान है। किसानों को कम प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम केंद्र एवं राज्य सरकार वहन करेंगी। आधुनिक तकनीक, ड्रोन, रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी से फसल क्षति का सटीक आकलन और तेज, पारदर्शी दावा निपटान सुनिश्चित होगा।

# जदयू के पूर्व विधायक के निधन पर मंत्री ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने पार्टी के भूतपूर्व विधायक कामेश्वर नाथ दास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उनका अंतिम संस्कार देवघर स्थित शिवगंगा श्मशान घाट पर किया गया। इस मौके पर झारखंड के जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो समेत अन्य शामिल हुए थे। सूबे के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और पार्टी के लिए यह बड़ी क्षति है। उनके निधन से झारखंड में जदयू को बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दास से उनके निजी संपर्क थे। उन्होंने स्वर्गीय विधायक के साथ बिताए पल को याद करते हुए कहा कि वे बेहद मिलनसार और सहृदय व्यक्ति थे। श्रवण कुमार ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# एक क्लिक पर मिलेगी चुनाव आयोग की हर सुविधा, 40 पोर्टल जोड़कर बना ईसीआईनेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 40 से अधिक अलग-अलग पोर्टल और ऐप को एकीकृत कर ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म शुरू किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सोमवार को पटना से ईसीआई 2.0 और ईसीआईनेट का शुभारंभ किया। अब मतदाता एक ही ऐप से मतदाता सूची जांचने, नाम जोड़ने, हटाने और सुधारने सहित कई सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। पहले वोटर हेल्पलाइन, सी-विजिल, सक्षम, वोटर टर्नआउट और नो योर कैंडिडेट जैसे प्लेटफॉर्म अलग-अलग संचालित होते थे। ईसीआईनेट पर ये सभी सेवाएं एक जगह उपलब्ध हैं। अब तक करीब 11 करोड़ लोग ऐप डाउनलोड कर चुके हैं। आयोग का लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक इसे 30 करोड़ लोगों तक पहुंचाना है। फॉर्म 6, 7 और 8, डिजिटल वोटर कार्ड, उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, शिक्षा, संपत्ति, देनदारी और सामाजिक माध्यमों की जानकारी भी यहां मिलेगी। मतदाता सीधे बीएलओ के साथ संपर्क के लिए कॉल बुक कर सकते हैं। ईसीआईनेट की परिकल्पना मई 2025 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने की थी। इसे 22 जनवरी 2026 को भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में इसका सफल परीक्षण हुआ था। प्लेटफॉर्म पर 11 लाख से अधिक बीएलओ पंजीकृत हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 150 करोड़ से अधिक दस्तावेजों का डिजिटलीकरण हुआ। यह 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है।

# गौरैया फोटोग्राफी ने दी पहचान

## संजय कुमार के लेंस से प्रकृति की चहक

**विश्व फोटोग्राफी दिवस-19 अगस्त पर विशेष**



**पटना।** जब हम 'फोटोग्राफी' सुनते हैं तो आंखों के सामने बड़े-बड़े लैंडस्केप, स्टूडियो पोर्ट्रेट या जंगली जानवर आ जाते हैं। पर असली फोटोग्राफी वो है जो रोजमर्रा की छोटी-छोटी खुशियों को फ्रेम में कैद कर ले। और इन छोटी खुशियों का नाम है - गौरैया। 19 अगस्त, 1839 में दुनिया के सामने फोटोग्राफी का आविष्कार सार्वजनिक किया गया था। मकसद एक ही था - पल को रोक देना। समय को थाम लेना। आज जब मोबाइल हर हाथ में है, तब भी अच्छी तस्वीर वही है जिसमें दिल धड़कता हो। बिहार पटना के गौरैयामैन से चर्चित संजय कुमार ने फोटोग्राफी के तौर पर गौरैया को लेंस की सबसे मुश्किल और प्यारी सब्जेक्ट गौरैया को चुना है। जो फुर्तीली है और एक जगह टिकती नहीं। उसे खींचना मतलब धैर्य की परीक्षा है। संजय ने वर्ष 2010 से गौरैया संरक्षण अभियान के तहत फोटो खींचना शुरू किया, आज उनके पास दस हजार से भी अधिक गौरैया की तस्वीर है।

संजय कुमार पेशे से सरकारी मीडिया से जुड़े हैं, पर दिल से वो 'गौरैया के फोटोग्राफर' हैं। पिछले कई सालों से वो सुबह छत पर, पार्क में, खेतों के किनारे अपना कैमरा लेकर बैठ जाते हैं। उनका मकसद अवॉर्ड जीतना नहीं, बस एक काम है - गौरैया के हर मूड को दुनिया को दिखाना। उनके लेंस ने कैद किया है, धूल स्नान करती गौरैया - पंख फड़फड़ाते हुए, मां गौरैया - चोंच में कीड़ा लेकर घोंसले की तरफ उड़ती हुई, उदास गौरैया, सर्दी में पंख सिकोड़कर बैठी हुई, पूंछ पटकते हुए, खुश गौरैया, बारिश की पहली बूंद में नहाती गौरैया। यानि हर पल को कैमरे में कैद किया। संजय कुमार कहते हैं - 'गौरैया को खींचने के लिए 500 एमएम का लेंस नहीं, 5 मिनट का सब्र चाहिए। 'उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जाती है। संजय ने गौरैया के साथ साथ दूसरी चिड़ियों की तस्वीरें भी कैमरे में कैद की है।

संजय कहते हैं कैमरा सिर्फ मशीन नहीं है। वो आईना है और जब उस आईने में गौरैया दिखती है तो हमें अपनी गलती भी दिखती है कि हमने अपने शहरों को उसके रहने लायक नहीं छोड़ा। इस 19 अगस्त को एक फोटो गौरैया की भी खींचिए।

# भूमिहार-ब्राह्मण महाबैठकी, सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर बनी सहमति

## हजारों लोगों की मौजूदगी में 'भू कनेक्ट एप' लॉन्च, शिक्षा-रोजगार और संगठन विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** रविंद्र भवन, पटना में आयोजित भूमिहार-ब्राह्मण महाबैठकी रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महाबैठकी में बिहार के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संगठन विस्तार, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी, आर्थिक सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर सहमति बनी। महाबैठकी में भूमिहार-ब्राहमण समाज के लिए 'भू कनेक्ट एप' का भी शुभारंभ किया गया। आयोजकों के अनुसार ऐप के माध्यम से समाज के लोगों को आपसी संपर्क, संवाद और सहयोग के लिए एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराने की पहल की गई है। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और समाज के वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। भूमिहार बैठकी गांधी मैदान के संस्थापक अंकित चांद्रायण ने कहा कि जब तक भूमिहार-ब्राहमण समाज को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत नहीं किया जाता, तब तक भूमिहार बैठकी समाज के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने इडब्लूएस में उम्र सीमा में छूट, भूमिहारों को ब्राह्मण से अलग करने की कथित कोशिश और यूजीसी एक्ट से जुड़े विषयों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समाज अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुका है और सरकार को तय करना है कि वह समाज की जायज मांगों पर क्या कदम उठाती है। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी अभयानंद ने महाबैठकी के उद्देश्य पर विचार रखते हुए कहा कि जब कोई समाज अपनी शक्ति को पहचानकर उसका उपयोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए करता है तो इससे सरकार पर समस्याओं के समाधान का बोझ कम होता है ।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स लीडर ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति स्व हीना राज जो पटना में लेखा सहायक के पद पर कार्यरत थे उनकी पिता - पंकज कुमार सिन्हा, माता - नीलम सिन्हा को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व हीना राज की मृत्यु 17-12-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 168.30 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.5049/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 38,036-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

# जन्दाहा में साहित्यिक कार्यक्रम की तैयारी तेज

## कवयित्री वर्षा ठाकुर से डॉ. आनंद रंजन झा ने की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जन्दाहा में प्रस्तावित साहित्यिक कार्यक्रम को लेकर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा ने चर्चित कवयित्री वर्षा ठाकुर से मुलाकात कर कार्यक्रम की रूप-रेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान साहित्य, संस्कृति एवं युवाओं के बीच रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने सहित कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि जन्दाहा जैसे क्षेत्र में साहित्यिक आयोजन युवाओं और साहित्यप्रेमियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करेंगे। उन्होंने कवयित्री वर्षा ठाकुर से कार्यक्रम के स्वरूप, संभावित गतिविधियों एवं आयोजन की रूप-रेखा तैयार करने को लेकर आवश्यक सुझाव साझा किए तथा कार्यक्रम को प्रभावी एवं यादगार बनाने के लिए समन्वय के साथ तैयारी करने की बात कही। वर्षा ठाकुर ने भी साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना करते हुए कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग का आश्वासन दिया। बातचीत के दौरान आगामी कार्यक्रम की विस्तृत योजना एवं आयोजन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। आयोजकों का मानना है कि यह साहित्यिक कार्यक्रम क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों, युवाओं एवं रचनाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

# पटना के मोगली ने फोटोग्राफी के क्षेत्र में बनाई खास पहचान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बचपन में आपने 'द जंगल बुक' में मोगली का किरदार जरूर देखा होगा, लेकिन पटना का मोगली अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता है। फोटोग्राफी के प्रति जुनून और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने इस क्षेत्र में खास मुकाम हासिल किया है। पटना में जन्मे मोगली पिछले कई वर्षों से फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय हैं और आज उनकी पहचान एक अनुभवी फोटोग्राफर के रूप में बन चुकी है। मोगली की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर से हुई। इसके बाद उन्होंने कॉलेज ऑफ कॉमर्स से पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी की।


# नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आज गांधी मैदान से निकलेगा विशाल राजभवन मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 19 अगस्त को होने वाला राजभवन मार्च अब राजद प्रदेश कार्यालय के बजाय सुबह 10 बजे जेपी गोलंबर (गांधी मैदान) से शुरू होगा। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यह विशाल मार्च जेपी गोलंबर से निकलकर डाकबंगला चौराहा, तारामंडल और इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए राजभवन तक जाएगा। यह राजभवन मार्च बिहार में अपने हक और रोजगार की मांग कर रहे छात्रों और युवाओं पर हुई बर्बर पुलिसिया कार्रवाई तथा निहत्थे युवाओं पर एके -47 जैसे हथियारों के इस्तेमाल के कड़े विरोध में किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर इस अमानवीय कृत्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। परंतु, तानाशाही सरकार ने अब तक किसी भी दोषी वरिष्ठ अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि यह पूरा राजभवन मार्च पूर्णतः शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। इस मार्च में पार्टी के सभी वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पार्टी पदाधिकारी, युवा साथी, छात्र और हजारों-हजार की संख्या में आम जनमानस शामिल होकर छात्रों-युवाओं के न्याय के लिए हुंकार भरेंगे और इस दमनकारी सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे।

# भूमि की सीमित उपलब्धता में एग्री-पीवी बनेगा प्रभावी समाधान : राहुल कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में कृषि और सौर ऊर्जा के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को पटना में 'बिहार एग्री-पीवी समिट 2026' का आयोजन किया गया। समिट में कृषि भूमि के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन को जोड़ने वाले एग्री-फोटोवोल्टिक मॉडल की संभावनाओं पर विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया। ब्रेडा के निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां बड़ी मात्रा में उपजाऊ कृषि भूमि है। ऐसी उपजाऊ कृषि भूमि को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अलग करने के बजाय ऐसी भूमि जहां हॉर्टिकल्चर एवं बागवानी गतिविधियां होती हैं, वहां एग्री-पीवी मॉडल की संभावनाओं को तलाशना अधिक उपयोगी होगा।

बिहार में भूमि की सीमित उपलब्धता को देखते हुए एग्री-पीवी मॉडल एक प्रभावी समाधान के रूप में उभर सकता है। इस मॉडल के माध्यम से कृषि गतिविधियों को जारी रखते हुए उसी भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से हॉर्टिकल्चर आधारित क्षेत्रों में एग्री-पीवी की अच्छी संभावनाएं हैं। छोटी-छोटी जोत और फल एवं बागवानी आधारित खेती वाले क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप एग्री-पीवी मॉडल विकसित किए जा सकते हैं। इससे किसानों को खेती से होने वाली आय के साथ-साथ सौर ऊर्जा के माध्यम से अतिरिक्त आय का अवसर मिल सकता है।

# रोजगार मेले का आयोजन आज से ज्ञान भवन में

## 20 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में सबसे बड़े रोजगार मेले का आगाज 19 अगस्त से होने जा रहा है। यह मेला अब तक राज्यभर में आयोजित रोजगार मेलों में सबसे भव्य और बड़ा माना जा रहा है। प्रदेशभर के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से इस मेला का आयोजन किया गया है। 19 से 23 अगस्त तक पटना के ज्ञान भवन में यह मेला चलेगा। इसमें देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस मेगा जॉब फेयर में लगभग 20 हजार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंश्योरेंस, रिटेल एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार मेले में कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी पेमेंट्स बैंक, मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, क्लिक्स, फ्लिपकार्ट, टीसीआई एक्सप्रेस, जॉनसन (लिफ्ट एंड एस्केलेटर), टीवीएस क्रेडिट, ट्रेंट लिमिटेड (टाटा समूह की कंपनी) और रिलायंस रिटेल समेत अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी।

# बसपा के पूर्व जोनल प्रभारी सुरेंद्र कुमार दास दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जोनल प्रभारी एवं गड़खा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार दास ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सुरेंद्र कुमार दास एवं उनके समर्थकों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर सुरेंद्र कुमार दास ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए 'सृजन साथी' अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी में शामिल हुए सभी नए साथियों से उन्होंने आहवान किया कि वे सृजन साथी अभियान को पूरी ताकत दें और संगठन को मजबूत करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज बड़ी संख्या में लोगों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि बिहार में कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मुद्दों को लेकर मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। छात्रों, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के लिए कांग्रेस पार्टी ही लगातार मुखर होकर काम कर रही है और जनस्वीकृति हमारे पार्टी के प्रति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को कांग्रेस कमजोर नहीं पड़ने देगी। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से उपेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार दास, सत्यम प्रकाश रजक, मो. अशरफ, कपिल ठाकुर, कन्हैया लाल चौधरी एवं नूर जहां शामिल हैं। इस अवसर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मिन्नत रहमानी एवं डॉ. अमन कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# कला की साधना को मिला सरकार का सम्मान, कलाकार पेंशन बनी बुढ़ापे की मजबूत लाठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजना कलाकार पेंशन म्यूजिक, पेंटिंग, नृत्य, तबलावादन, बांसुरीवादन समेत अन्य क्षेत्रों के कलाकारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। योजना के लाभार्थी कलाकारों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर महीने पेंशन देकर हम कलाकारों को बुढ़ापे के लाचार दिनों में मजबूत सहारा प्रदान किया है। मधुबनी जिले के रहने वाले मशहूर मिथिला पेंटर 57 वर्षीय मिथिलेश कुमार झा ने कहा कि बिहार सरकार ने हम कलाकारों के लिए यह योजना लाकर हमारी सेवा की है। शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद सरकार ने कभी उन्हें असहाय नहीं माना। दिव्यांग पेंशन योजना ने भी उनके हुनर को चार-चांद लगाने में काफी मदद की। मिथिला पेंटिंग की तालीम उन्होंने अपनी दादी से हासिल की थी। उनकी दादी सीता देवी मिथिला पेंटिंग को कागज पर हूबहू उतारने में माहिर थीं। उन्होंने बताया कि उनकी दादी 17 साल की उम्र से मिथिला पेंटिंग कर रही थीं। वर्ष 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मधुबनी में उनके घर आए और उनके द्वारा बनाई गई मिथिला पेंटिंग की सराहना की। साथ ही उन्होंने मिथिला आर्ट को और बेहतर करने के लिए उनसे सलाह भी मांगी। दादी सीता देवी को पद्मश्री, नेशनल अवार्ड व अन्य कई सम्मानों से किया गया सम्मानित।

बता दें कि मशहूर मिथिला पेंटर मिथिलेश कुमार झा की दादी सीता देवी को पद्मश्री, नेशनल अवार्ड व अन्य कई सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार ने उनके परिवार को उपलब्धियां हासिल करने में साथ दिया है। 60 वर्षीय भोजपुरी लोकगीत गायक सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि वर्ष 1989 में पहली बार उन्हें रेडियो चैनल विविध भारती पर गाना गाने का मौका मिला।

# उम्मीद लेकर आए, समाधान लेकर लौटे-सहयोग शिविर ने आसान की आमजन की जिंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी के वार्ड संख्या-31 में जनता की समस्या के समाधान के लिए लगाये गये सहयोग शिविर में आए नवरत्नपुर के साधु शरण ने कहा कि उन्होंने अपने आवास में एक दुकान के लिए जगह बनायी थी जिसपर नगर निगम द्वारा कर्मशियल टैक्स देने का नोटिस आया है। सहयोग शिविर में आये कर्मचारियों को अपनी समस्या की जानकारी दी। जिसका मुझे उचित सुझाव दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आवासीय भूमि को आप कर्मशियल में इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसके लिए हमारा सहयोग प्राप्त होगा। सहयोग शिविर में राज्यवासियों के स्वास्थ्य सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। शिविर में मौजूद डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा ग्रामीणों महिलाओं को जरूरी स्वास्थ्य सुझाव भी दिया गया है। बातचीत करने पर डॉक्टर ने कहा कि सहयोग शिविर में आने वाले सभी लोगों को निशुल्क बीपी, सुगर व अन्य जांच की प्रक्रिया की जाती है। इसके अलावा शिविर में आने वाले ग्रामीणों के लिए दवा का प्रबंध भी किया गया है। सहयोग शिविर में मौजूद भूतनाथ रोड निवासी राजन प्रसाद मंडल ने कहा कि इस शिविर से हम कामकाजी लोगों को काफी सहुलियत मिल रही है। शिविर में भूमि संबंधित हर छोटी-बड़ी जरूरी दस्तावेज के बारे में बताया जाता है। आवासीय भूमि व व्यवसायिक भूमि का मोटेशन, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कई जानकारियों से अवगत कराया जाता है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** यूनियन बैंक ऑफ इडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के तत्वावधान में स्टाफ सदस्यों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार के उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन राजभाषा अधिकारी, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्टाफ सदस्यों के बीच राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना, राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। उक्त अवसर पर अवसर पर अपने संबोधन में क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार ने कहा कि हमें हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भारत की राजभाषा है तो बिहार की मातृभाषा भी है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कार्यालय में हिंदी में ही कार्य निष्पादित करें। आज पूरे देश ही नहीं विश्व में राजभाषा हिंदी का प्रयोग व्यापक रुप से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा हमें बैंकिंग सेवाओं में भी हिंदी का प्रयोग 100% प्रतिशत करना चाहिए।

# संपादकीय

## लालकिले से 2047 का संकल्प- 'विकसित भारत' का रोडमैप

आज़ादी के 8 दशकों में भारत ने प्रगति की मजबूत नींव रखी है। लालकिले से 2047 तक विकसित भारत के संकल्प और 'शक्ति की सप्तधारा' के साथ देश चुनौतियों को पार कर वैश्विक पटल पर नई पहचान बना रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश को आजादी मिलने के बाद बीते करीब आठ दशक का सफर जहां बहुस्तरीय विकास का जीवंत उदाहरण है, वहीं इस दौरान लोगों ने बहुत सारे उतार-चढ़ाव भी देखे। मगर इस सबके बीच एक संकल्प कायम रहा कि जिन तूफानों और मुश्किलों का सामना करके देश ने स्वतंत्रता हासिल की थी, उसकी गरिमा को कायम रखना और भविष्य को ज्यादा बेहतर बनाना सभी का दायित्व है।इसमें आमतौर पर सभी नागरिकों ने अपने स्तर पर अपनी सीमा में हर संभव योगदान दिया है और इसे कर्तव्य की तरह निभाया है। यही वजह है कि हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के आंदोलन को याद करते हुए देश के पास संतोष और उल्लास के साथ न केवल एक सुनहरे भविष्य का सपना होता है, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का हौसला भी दिखता है।आबादी के ज्यादातर हिस्से के पास विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए अलग-अलग दौर की सरकारों ने जिस स्तर पर काम किया, उसे बहुत जटिल संघर्षों के बाद मिली स्वतंत्रता की गरिमा और सपने को नया आयाम देने के प्रयासों के तौर पर देखा जा सकता है।यों देश की उपलब्धियों को आजादी की लड़ाई के नायकों की भूमिका के आईने में देखना स्वाभाविक ही है, लेकिन हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संघर्ष की संवेदना को महसूस करने की अपनी अहमियत है। इस वर्ष भी यह उत्साह देश के अलग-अलग राज्यों में हर जगह दिखा। जाहिर है, इस अवसर पर जहां अतीत की उपलब्धियों को याद करना एक औपचारिक, लेकिन संवेदना से जुड़ा अध्याय है, वहीं भविष्य की बेहतरी के संकल्प भी जरूरी हिस्सा हैं।इसी संदर्भ में दिल्ली में लालकिले से प्रधानमंत्री ने भी एक बार फिर वक्त के सुनहरे अध्यायों को याद करते हुए देश को एक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। उनकी इस बात का अपना महत्त्व है कि देश के विकास के लिए बड़े सपने सोच का विस्तार करते हैं और दृढ़ संकल्प होने पर कठिनाइयों और आपदाओं के बीच से रास्ते निकालने की सामर्थ्य अपने आप सामने आती है।उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब और मध्यवर्ग के परिवारों को साथ लेकर 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस फीसद आरक्षण लागू करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आह्वान करने के साथ-साथ उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिए 'शक्ति की सप्तधारा' का दृष्टिकोण भी साझा किया।दरअसल, यह देश की आत्मा में बसे उस जीवट का संकेत है, जिसका उदाहरण समय-समय पर दुनिया ने देखा है। यह सही है कि आज भी देश के सामने विकास की कसौटियों के समांतर अनेक जटिलताएं और चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, लेकिन इन सबके बीच सामान्य स्थितियों से लेकर बेहद संवेदनशील और संकट जैसे हालात में भी लोगों ने धीरज के साथ देश की गति को बनाए रखने में अपना योगदान दिया है।

# तुर्की-पाकिस्तान-सऊदी रक्षा समझौता- इस्लामिक एकजुटता या सिर्फ तात्कालिक स्वार्थों का मेल?

**(ब्रह्मदीप अलुने)**

तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब का मक्का रक्षा समझौता साझा सुरक्षा की जगह उनके अलग-अलग तात्कालिक स्वार्थों पर आधारित है। रणनीतिक विरोधाभासों और कमजोर आधार के कारण इसका दीर्घकालिक प्रभाव सीमित रहेगा। बहुस्तरीय गठबंधन अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता तो रखते हैं, लेकिन उनका प्रभाव तभी दीर्घकालीन होता है, जब उनके पीछे साझा रणनीतिक दृष्टि, पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और स्थायी हित हों। केवल तात्कालिक स्वार्थों पर आधारित गठबंधन अक्सर बदलती परिस्थितियों के साथ कमजोर पड़ जाते हैं।

मक्का में तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुआ संयुक्त रक्षा समझौता इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण है। इसका मूल सिद्धांत है कि तीनों में से किसी एक देश पर सशस्त्र हमला सभी पर हमला माना जाएगा। पहली नजर में यह इस्लामिक दुनिया में सामूहिक सुरक्षा की नई शुरुआत जैसा दिखाई देता है, लेकिन इसकी वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है।

इसके केंद्र में पाकिस्तान की सुरक्षा बेचैनी, तुर्की की बढ़ती रणनीतिक महत्त्वाकांक्षा और सऊदी अरब की सुरक्षा चिंताएं नजर आती हैं। इस नए समीकरण में तीन देशों की अलग-अलग जरूरतें दिखाई देती हैं। तुर्की दुनिया में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। ईरान के खिलाफ सऊदी अरब सुरक्षा चाहता है, जबकि वित्तीय बदहाली से जूझते पाकिस्तान को आर्थिक सहारे की जरूरत है। यही तीनों जरूरतें इन्हें इस समय एक-दूसरे से जोड़ रही हैं।

तुर्की को केवल एक मुसलिम देश के रूप में देखना उसकी विदेश नीति को समझने में बड़ी भूल होगी। वह नाटो का सदस्य है और यूरोप का हिस्सा है, रूस के साथ रणनीतिक संबंध रखता है और ईरान से प्रतिस्पर्धा एवं सहयोग भी करता है। वह अरब दुनिया में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में है तथा मध्य एशिया में अपने राष्ट्रवाद की सांस्कृतिक शक्ति का इस्तेमाल करता है।



तुर्की के राष्ट्रप्रमुख एर्दोआन रणनीतिक स्वायत्तता चाहते हैं, वे किसी एक शक्ति के पीछे चलने को तैयार नहीं हैं। तुर्की, अमेरिका से संबंध रखता है, लेकिन उस पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह रूस से व्यापार करता है, लेकिन उसके प्रभाव के अधीन नहीं होना चाहता। वह अरब देशों से प्रतिस्पर्धा करता है, लेकिन उन्हीं देशों की पूंजी और बाजार भी चाहता है।

यह भी दिलचस्प है की तुर्की और सऊदी अरब की प्रतिद्वंद्विता को दुनिया ने देखा है, वे मध्य-पूर्व में एक-दूसरे के प्रभाव को चुनौती देते रहे हैं। 'मुसलिम ब्रदरहुड' को लेकर दोनों के बीच गहरी खाई रही है। सीरिया और मिस्र की राजनीति में दोनों के रास्ते अलग थे। कतर संकट में भी तुर्की ने दोहा का साथ दिया, जबकि रियाद उसके विरोध में खड़ा था। तुर्की में बेरोजगारी बड़ा मसला है और अब वह सऊदी अरब में रणनीतिक अवसर ढूंढ़ रहा है।

वह सऊदी अरब को हथियार बेचना चाहता है और वहां से व्यापक निवेश की इच्छा रखता है। इसलिए इस उभरते सुरक्षा समीकरण को अभी नाटो जैसी संस्थागत सैन्य व्यवस्था का नाम देना सही नहीं है। नाटो की ताकत केवल उसके सदस्य देशों की सैन्य क्षमता में नहीं, बल्कि साझा संस्थाओं, एकीकृत कमान संरचना, नियमित सैन्य सहयोग, स्पष्ट दायित्वों और दशकों में विकसित सामूहिक सुरक्षा की राजनीतिक प्रतिबद्धता में है।

सऊदी अरब के पास पैसा है, ऊर्जा है, धार्मिक प्रतिष्ठा है और अरब दुनिया में प्रभाव भी है। मगर स्वतंत्र सैन्य सुरक्षा क्षमता उसके लिए बड़ी चुनौती है और वहां का नेतृत्व अब इस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। इराक युद्ध, यमन संघर्ष, ड्रोन हमले और ईरान के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने सऊदी अरब को गहरी चिंता में डाल दिया है। सऊदी अरब अब तेल के साम्राज्य से आगे बढ़कर पूंजी, तकनीक, धर्म और रणनीतिक शक्ति के सहारे एक निर्णायक क्षेत्रीय शक्ति बनना चाहता है।

उसने अमेरिका से संबंध रखते हुए चीन के साथ आर्थिक तालमेल बढ़ाया है और रूस से भी उसे कोई परहेज नहीं है। उसने तुर्की और पाकिस्तान के साथ सुरक्षा सहयोग मजबूत कर ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश की है। तुर्किये का सपना है कि वह फिर से मध्य-पूर्व की निर्णायक शक्ति बने। वहीं पाकिस्तान चाहता है कि उसकी सैन्य शक्ति और परमाणु क्षमता उसे मुसलिम दुनिया और दक्षिण एशिया में अधिक रणनीतिक महत्त्व दिलाए तथा उसकी आर्थिक कमजोरियों को खाड़ी देशों की पूंजी और साझेदारियों से सहारा मिले। मगर इन तीनों देशों के समझौते की वास्तविक मजबूती अभी भविष्य के संकटों में परखी जानी बाकी है।

विरोधाभासों और आंतरिक चुनौतियों से घिरा पाकिस्तान अपनी विदेश नीति में बार-बार बाहरी शक्तियों का सहारा तलाशता रहा है। शीतयुद्ध के दौर में वह अमेरिका की रणनीतिक जरूरतों का महत्त्वपूर्ण सैन्य साझेदार बना और बदले में उसे आर्थिक सहायता, हथियार एवं सुरक्षा सहयोग मिला। मगर इस साझेदारी की कीमत भी पाकिस्तान को चुकानी पड़ी। अफगान युद्ध, कट्टरपंथ, आतंकवाद और आंतरिक अस्थिरता ने धीरे-धीरे उसके सामाजिक और सुरक्षा ढांचे को प्रभावित किया।

पाकिस्तान की समस्या यह है कि उसकी विदेश नीति अक्सर आंतरिक कमजोरी की भरपाई बाहरी गठबंधनों के सहारे करने की कोशिश करती दिखाई देती है। अमेरिका के बाद चीन, खाड़ी देशों और अब तुर्किये के साथ उसकी बढ़ती निकटता इसी प्रवृत्ति का हिस्सा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता भारत है। अफगानिस्तान उसकी पश्चिमी सीमा पर चुनौती है। चीन उसका सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था लगातार बाहरी सहायता और निवेश की तलाश में रहती है। धार्मिक विचारधारा से परे तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब का सबसे दिलचस्प पक्ष 'मुसलिम ब्रदरहुड' है। हालांकि, इस मामले में तुर्किये और सऊदी अरब का दृष्टिकोण कभी एक जैसा नहीं रहा। तुर्की ने 'मुसलिम ब्रदरहुड' से जुड़े राजनीतिक समूहों के साथ सहानुभूति दिखाई, जबकि सऊदी ने उसे अपने लिए राजनीतिक खतरा माना। ऐसे में जाहिर है यह गठबंधन धार्मिक विचारधारा पर नहीं बना है। अगर 'मुसलिम ब्रदरहुड' वास्तव में इस गठबंधन की वैचारिक आधारशिला होता, तो तुर्की और सऊदी अरब एक साथ खड़े नहीं होते।

इसलिए इस गठबंधन का वास्तविक आधार इस्लाम नहीं, बल्कि अपने-अपने स्वार्थ हैं। सऊदी अरब की ईरान से पुरानी प्रतिस्पर्धा है। तुर्की और ईरान मध्य-पूर्व में प्रभाव के लिए एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी भी हैं। पाकिस्तान, ईरान से सीमा साझा करता है और किसी भी संघर्ष के दौरान सबसे कठिन स्थिति में आ सकता है। इसलिए इस नए गठबंधन के पीछे ईरान की छाया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इस गठबंधन की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि तीनों देशों की रणनीतिक प्राथमिकताएं अलग हैं। सऊदी अरब की मुख्य चिंता ईरान और खाड़ी की सुरक्षा है, जबकि पाकिस्तान की सुरक्षा नीति का केंद्र भारत और दक्षिण एशिया है। तुर्किये के हित मध्य-पूर्व से आगे काकेशस, भूमध्यसागर, रूस और नाटो तक फैले हैं। ऐसे में किसी संकट की स्थिति में तीनों देशों की प्राथमिकताएं एक जैसी रहेंगी, यह निश्चित नहीं है।

इस गठबंधन की असली ताकत समझौते पर हस्ताक्षर में नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की क्षमता से तय होगी। पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की मध्यस्थ की भूमिका और भारत-सऊदी अरब के बीच ऊर्जा, निवेश, व्यापार तथा रणनीतिक संबंधों की मजबूती से पता चलता है कि इस गठबंधन की सीमाएं स्पष्ट है। संकट की घड़ी में राष्ट्रीय हित साझा सुरक्षा प्रतिबद्धताओं पर भारी पड़ सकते हैं।

सऊदी अरब की मुख्य चिंता ईरान और खाड़ी की सुरक्षा है, जबकि पाकिस्तान की सुरक्षा नीति का केंद्र भारत और दक्षिण एशिया है। तुर्किये के हित मध्य-पूर्व से आगे काकेशस, भूमध्यसागर, रूस और नाटो तक फैले हैं। ऐसे में किसी संकट की स्थिति में तीनों देशों की प्राथमिकताएं एक जैसी रहेंगी, यह निश्चित नहीं है। इस गठबंधन की असली ताकत एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की क्षमता से तय होगी।

(यह लेखक के अपने विचार है)

# राजनीति, आंदोलन और 'जेन-जी'- क्या युवा वर्ग अब परंपरागत राजनीतिक दलों की भाषा से दूर हो चुका है?

**(सुधीश पचौरी)**

संसद के मानसून सत्र में मकर द्वार पर जारी राजनीतिक गतिरोध और 'जेन-जी' युवाओं का बढ़ता असंतोष यह स्पष्ट करता है कि देश में शिक्षा, रोजगार और बुनियादी मुद्दे राजनीतिक बयानबाजी की भेंट चढ़ रहे हैं। एक सूखी-सी खबर। शरद पवार की प्रधानमंत्री से मुलाकात। दूसरी सूखी-सी खबर- अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल की प्रधानमंत्री से मुलाकात। क्यों मिले? क्या बात हुई? सब रहस्य। फिर फुकेट से दिल्ली आते एअर इंडिया के एक यात्री विमान के अचानक तीन सौ फुट नीचे तक गुलाटी मारने और कई यात्रियों के घायल होने की खबर। इसके बाद दो-दो 'डोप टेस्ट' में पायलट के गांजा फूंकने की पुष्टि जांच के आदेश। इसके बाद एक दिन तमिलनाडु ने केंद्र को एक झटका-सा दे दिया कि 'तमिल एंथम' पहले गाया जाए, फिर राष्ट्रगान और इसके बाद 'वंदे मातरम्' गाया जाए।

झारखंड में 'परीक्षा सुधार' पर आंदोलन के बीस दिन। इस दौरान छात्र अहिंसक रहे और रोज पिटे। छह सौ गिरफ्तार हुए, मामले भी बने। भाजपा ने समर्थन में बंद रखा, लेकिन बाकी से मिला सिर्फ सिद्धांत कथन कि हम किसी पर भी हिंसा का समर्थन नहीं करते। केंद्र ने मांगें मानीं, लेकिन झारखंड के छात्रों की सीबीआइ की जांच की मांग किसने मानी?

अपना-अपना आंदोलन, अपना-अपना समर्थन! एक कानूनी प्रवक्ता कहिन कि आप 'जेन-जी' से अपना 'नेरेटिव' चलवा कर भारत को नष्ट तो कर सकते हैं, लेकिन आप नहीं जानते कि जेन जी के पीछे कौन खड़ा है! वे किसका 'नेरेटिव' चला रहे हैं! यह 'केरलम' का 'जनतंत्र' है कि एक शिक्षक ने प्रश्नोत्तरी में पूछ लिया कि अंग्रेजों के शासन में जेल की सबसे ज्यादा लंबी सजा किसे मिली? इतने पर ही उस शिक्षक को निलंबित कर दिया गया।

एक चैनल पर चर्चा में 'पोस्ट मार्डर्न जेन जी' का एक विखंडन-सा आया। सवाल रहे कि 22 करोड़ से अधिक की 'जेन जी जनता' कौन है? उनका क्या एजंडा है? एक ज्ञानी कहिन कि युवा वोटर अब स्थिर हो चुका है। ये शिक्षित हैं, डिजिटल हैं, आकांक्षी हैं। एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। दक्षिण एशिया में ये सत्ताएं बदल रहे हैं। राजनीतिक दल उनकी भाषा नहीं समझते।

दूसरी ज्ञानी कहिन- ये बेरोजगार हैं और सर्वत्र हैं। ये कह रहे हैं कि हमें शिक्षा का अधिकार दो। यह 'मोहभंग' की स्थिति में हैं। ये पिछड़ जाने से डरते हैं। भारत में वैसी विद्रोह की स्थिति तुरंत नहीं बन सकती। सबको रोजगार कोई नहीं दे सकता। तीसरा चुनावी ज्ञानी कहिन कि जेन जी में गहरा असंतोष है। चौथा ज्ञानी कहिन, सच है, 2024 में भाजपा को चार फीसद वोट कम मिला, उसे बहुमत नहीं मिला।

दूसरी ओर एक सवाल हुआ कि क्या ये हमेशा विरोधी रहने वाले हैं? जवाब में एक कहिन कि भारत की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या का कथित 'लाभ' अब एक 'चुनौती' बनता जा रहा है। इनमें सत्तर फीसद बेरोजगार 'एंग्री यंग मैन' हैं। एक ज्ञानी कहिन कि 2014 में इनको मोदी ने सपने दिए, अब वही मोहभंग की स्थिति में है। 'आइटी' में गिरावट काफी नुकसानदेह है। फिर एक कहिन कि ये 'इंस्टाग्रामी' हैं। यह पीढ़ी एक-दूसरे की नकल करती है। लोग मुफ्त राशन ले रहे हैं, लेकिन वोट विरोध में दे रहे हैंज्लेकिन इनको कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं कर सकताज

मानसून सत्र विपक्ष के सतत विरोध में बहाज अंतिम दिन एक मिनट 'वंदेमातरम्' हुआ। फिर सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। संसद में हर दिन विपक्ष का शोर हावी रहा। पोस्टर दिखते रहे, नारे लगते रहे। लोकसभा अध्यक्ष लाख कहें कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, आप चर्चा होने दें, लेकिन विपक्ष मानें तब न..! संसद की बहस भंग कर विपक्षी दल संसद के मकर द्वार के आगे हर रोज प्रदर्शन करते। एक-दो बार सत्ता दल ने भी विरोध में प्रदर्शन किया।

सत्ता पक्ष का आरोप रहा कि विपक्ष के नेता हर रोज मुद्दा बदलते रहे। गोल पोस्ट बदलते रहे। पहले कहा कि शिक्षामंत्री हटाए जाएं, जब वे हटा दिए गए, तो मांग करने लगे कि गृहमंत्री ने 'पैलेट गन' चलवाई, तो जिम्मेदार हुए और उनके अनजाने में चली तो 'अक्षम' हुए। दोनों ही स्थितियों में इस्तीफा बनता है, सो वे इस्तीफा दें। फिर संसदीय मंत्री ने बताया कि गृहमंत्री सदन में बयान देने पर सहमत हो गए हैं और चर्चा होगी।

अगले दिन संसदीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता ने फिर गोल पोस्ट बदल दी है। वे हमेशा गोल पोस्ट बदल देते हैं। चर्चा नियमों से होती हैं, वे नहीं होने देते। बताइए सत्ता पक्ष क्या करे! अंत में मकर द्वार पर एक 'नुक्कड़ नाटक' छाप नारा लगा।

फिर शाम को विपक्ष के नेता ने एक मंच से कहा, पता नहीं इनके दिमाग में कहां से घुस गया कि विदेश नीति का यह मतलब है फिर नेता, एक अन्य नेता की ओर दोनों हाथों को फैला कर बढ़ते हैं और झप्पी लेते हैं..। वे नेता तुरंत एक टिप्पणी करते दिखते हैं कि 'कहीं आपने मेलोनी समझ कर तो नहीं पकड़ा!' विपक्ष के नेता का बोलना जारी रहता है, सरकार लोगों को सुनना नहीं चाह रही। हम इनको पागल कर देंगे। वह सो नहीं पाता होगा। सत्ता पक्ष बिसूरता रहा कि ये कौन-सी भाषा है?

# भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई सूची ने जो सियासी संकेत दिया है वह सबके समझ में आने वाली बात नहीं है

**नितिन नबीन की बहुप्रतीक्षित टीम का आज आखिरकार ऐलान हो ही गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने संगठन में लंबे समय से चल रही कवायद को अंजाम देते हुए अपनी नई राष्ट्रीय टीम सामने रख दी है। इस टीम में अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक समीकरण और चुनावी जरूरतों का ऐसा मिश्रण तैयार किया गया है, जिसमें पार्टी के पुराने दिग्गजों से लेकर नए चेहरों तक को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन इस पूरी कवायद में दो फैसले राजनीतिक चर्चा के केंद्र में हैं। एक तो अमित मालवीय को आईटी सेल प्रमुख की जिम्मेदारी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर भाजपा के शीर्ष संगठन में वापसी हुई है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

आईटी और सोशल मीडिया सेल की कमान अब छत्तीसगढ़ के दीपक म्हास्के को दी गई है। वहीं अनिल बलूनी मीडिया प्रभारी की अपनी जिम्मेदारी पर कायम हैं। यानी भाजपा ने डिजिटल मोर्चे पर चेहरे में बदलाव किया है, लेकिन मीडिया प्रबंधन के मौजूदा ढांचे में निरंतरता बनाए रखी है।

नितिन नबीन की बहुप्रतीक्षित टीम का आज आखिरकार ऐलान हो ही गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने संगठन में लंबे समय से चल रही कवायद को अंजाम देते हुए अपनी नई राष्ट्रीय टीम सामने रख दी है। इस टीम में अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक समीकरण और चुनावी जरूरतों का ऐसा मिश्रण तैयार किया गया है, जिसमें पार्टी के पुराने दिग्गजों से लेकर नए चेहरों तक को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन इस पूरी कवायद में दो फैसले राजनीतिक चर्चा के केंद्र में हैं। एक तो अमित मालवीय को आईटी सेल प्रमुख की जिम्मेदारी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर भाजपा के शीर्ष संगठन में वापसी हुई है।

हम आपको बता दें कि आईटी और सोशल मीडिया सेल की कमान अब छत्तीसगढ़ के दीपक म्हास्के को दी गई है। वहीं अनिल बलूनी मीडिया प्रभारी की अपनी जिम्मेदारी पर कायम हैं। यानी भाजपा ने डिजिटल मोर्चे पर चेहरे में बदलाव किया है, लेकिन मीडिया प्रबंधन के मौजूदा ढांचे में निरंतरता बनाए रखी है। इस बदलाव को केवल संगठनात्मक फेरबदल मानना मुश्किल है। यह संकेत है कि नितिन नबीन डिजिटल और राजनीतिक नैरेटिव की लड़ाई में नई रणनीति और नए चेहरों के साथ उतरना चाहते हैं। साथ ही चूंकि नितिन नबीन छत्तीसगढ़ में पार्टी के प्रभारी रह चुके हैं ऐसे में वह जानते हैं कि उस राज्य के किस नेता की कार्यक्षमता का उपयोग कहां पर करना पार्टी के लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा,




स्मृति ईरानी की वापसी इस टीम का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश है। उन्हें उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। आक्रामक राजनीतिक शैली, संसदीय अनुभव और विपक्ष के खिलाफ मुखर राजनीतिक लड़ाई के लिए पहचाने जाने वाली स्मृति ईरानी को संगठन के शीर्ष स्तर पर लाना बताता है कि भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे निर्णायक राज्य में राजनीतिक सक्रियता को और धार देना चाहती है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, एम. नागराजा, प्रो. तारिक मंसूर और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। छह महिला उपाध्यक्षों की मौजूदगी से महिला प्रतिनिधित्व का संदेश भी स्पष्ट है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय महासचिवों की टीम में विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लब कुमार देब, स्मृति ईरानी, डॉ. सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया शामिल हैं। संगठन के स्तर पर बीएल संतोष राष्ट्रीय महासचिव संगठन बने हुए हैं, जबकि शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव संगठन की जिम्मेदारी मिली है। इसका अर्थ है कि नबीन ने संगठन की अनुभवी मशीनरी को बनाए रखते हुए राजनीतिक मोर्चे पर अपनी टीम को विस्तार दिया है।

साथ ही 16 राष्ट्रीय सचिवों की सूची में भी व्यापक क्षेत्रीय संतुलन दिखाई देता है। कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, डॉ. भोला सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, आम आदमी पार्टी से भाजपा में आये डॉ. संदीप पाठक और फांगनॉन कोन्याक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेशन, मनोज तिग्गा, सिद्धार्थ शंभू, डॉ. स्वदेश सिंह, मृगांका देब बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। इनमें दक्षिण, पूर्वोत्तर, पूर्वी भारत, हिंदी पट्टी और शहरी राजनीतिक पृष्ठभूमि, सभी को जगह मिली है।

नई टीम के अन्य हिस्से भी राजनीतिक संकेत दे रहे हैं। केंद्रीय कार्यालय प्रभारी तरुण चुग और केंद्रीय कार्यालय सचिव महेंद्र पांडे बनाए गए हैं। नॉर्थ-ईस्ट कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी डॉ. संबित पात्रा और संयुक्त कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी राजीव बब्बर को दी गई है। सभी सेल्स के समन्वय की कमान विष्णु दत्त शर्मा को मिली है, जबकि ऋतुराज सिन्हा और विष्णु वर्धन रेड्डी संयुक्त समन्वयक होंगे। मोर्चों की कमान भी सामाजिक और चुनावी विस्तार को ध्यान में रखकर तय की गई है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. हेमंग जोशी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरपाल मौर्य, किसान मोर्चा के अध्यक्ष बंसीलाल गुर्जर, एससी मोर्चा के अध्यक्ष शिवेश कुमार राम, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. मन्नालाल रावत और अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बसीत अली बनाए गए हैं। इससे भाजपा ने समाज के अलग-अलग वर्गों के बीच संगठनात्मक पहुंच को मजबूत करने की कोशिश की है।

वित्तीय मोर्चे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राजस्थान के राजेश मंगल को संयुक्त कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पीयूष गोयल के प्रशासनिक और आर्थिक अनुभव का लाभ संगठन के वित्तीय प्रबंधन को मिल सकता है। पीयूष गोयल पहले भी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। यहां सवाल यह है कि अब देखना यह होगा कि 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धांत को महत्व देने वाली भाजपा क्या पीयूष गोयल से केंद्रीय मंत्री का पद छोड़ने को कहती है या फिर वह दोनों पदों पर बने रहेंगे? कुल मिलाकर नितिन नबीन की टीम का संदेश साफ है कि भाजपा अब संगठन को केवल पदाधिकारियों की सूची के रूप में नहीं, बल्कि चुनावी मशीनरी के रूप में कसना चाहती है।

# पीएम सूर्यघर योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लंबित ऋण आवेदनों के निष्पादन तथा स्वीकृत लाभुकों के घरों पर सोलर पैनल अधिष्ठापन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि योजना के तहत वर्तमान में 64 स्वीकृत आवेदनों का ऋण डिस्बर्समेंट किया जा चुका है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि उक्त सभी उपभोक्ताओं के घरों पर अधिकृत वेंडरों के माध्यम से अविलंब सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में योजना के अंतर्गत लंबित 231 ऋण आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों एवं शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लाभुक योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में पीएम सूर्यघर योजना के विस्तार को लेकर सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने नगरीय क्षेत्र से 10-10 आवेदन कराने का लक्ष्य दिया गया। इसकी प्रकार डीपीएम जीविका को भी सभी संकुल स्तरीय संघ (उच्च) के माध्यम से 10-10 आवेदन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 02 लाख रुपये तक के ऋण के लिए बैंक खाते का विवरण, नवीनतम बिजली बिल तथा भूमि स्वामित्व से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अपेक्षित हैं। बैठक में योजना के तहत उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं सब्सिडी की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना के तहत भारत सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाने पर ₹30,000 की सब्सिडी दी जाती है। इसके अतिरिक्त बिहार सरकार द्वारा ₹10,000 प्रति किलोवाट की अतिरिक्त सब्सिडी की घोषणा की गई है। इस प्रकार 1 किलोवाट क्षमता पर कुल ₹40,000, 2 किलोवाट पर ₹80,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर पैनल लगाने पर अधिकतम ₹98,000 तक की सब्सिडी प्राप्त हो सकती है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने, लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने तथा स्वीकृत लाभुकों के घरों पर सोलर पैनल अधिष्ठापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अररिया एवं फारबिसगंज, सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत, डीपीएम जीविका, सभी सहायक अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में दिखा देशभक्ति का उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। विद्यालय के निदेशक श्री अनूप कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय का पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों के लिए हास्यवर्धक सेनानीह विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में नजर आए और उन्होंने अपने शानदार अभिनय एवं प्रस्तुति के माध्यम से देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर 12 सितंबर .2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रणवीर सिंह के अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कटिहार जिला के आम जनों से अपील किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आगामी 12.09.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का निपटारा कराएँ और इस अवसर का लाभ उठायें। जिला पदाधिकारी तथा आरक्षी अधीक्षक ने उक्त बैठक में उपस्थित जिला परिवहन



-सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,, जिला परिवहन पदाधिकारी, आरक्षी उपाधीक्षक यातायात, लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता कटिहार, सभी अपर लोक अभियोजक, सभी विशेष लोक अभियोजक, सभी एजीपी तथा अन्य के साथ बैठक आयोजित की गयी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु विचार किया गया। कमलेश सिंह देऊ, अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कटिहार मौजूद थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार. कटिहार रणवीर सिंह ने बैठक में सभी प्रिंट पदाधिकारी, आरक्षी उपाधीक्षक यातायात कटिहार, लोक अभियोजक, कटिहार, सरकारी अधिवक्ता , कटिहार, सभी अपर लोक अभियोजक, सभी विशेष लोक अभियोजक, सभी एजीपी से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु निर्देशित किया। इस क्रम में पूर्व में दिनांक 09.05.2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने वाले अधिकारी, विभागीय कर्मचारियों, सभी अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजकों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कमलेश सिंह देऊ, अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कटिहार ने बेहतर सहयोग के लिए जिला प्रशासन, कटिहार को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग लक्ष्मी के जज्बे को सलाम

**हसनगंज /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जन्म से दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद अपने हौसले और मेहनत के दम पर पढ़ाई कर रही हसनगंज प्रखंड क्षेत्र की छात्रा लक्ष्मी कुमारी के सपनों को अब जनप्रतिनिधियों का साथ मिलने लगा है। लक्ष्मी की तस्वीर सामने आने के बाद जिला प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल के बाद सांसद तारिक अनवर भी छात्रा का हौसला बढ़ाने उसके विद्यालय पहुंचे। सांसद तारिक अनवर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भतौरिया पहुंचकर कक्षा चार की छात्रा लक्ष्मी कुमारी से मुलाकात की और उसकी पढ़ाई तथा भविष्य के सपनों के बारे में जानकारी ली। लक्ष्मी ने शिक्षक बनने की इच्छा जताई। छात्रा के जज्बे से प्रभावित सांसद ने उसके सपने को साकार करने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान सांसद ने लक्ष्मी कुमारी को उपहार एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी भले ही जन्म से दोनों हाथों से दिव्यांग है, लेकिन उसके हौसले बुलंद हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वह जिस तरह अपने पैरों से लिखकर पढ़ाई कर रही है, वह समाज के लिए प्रेरणा है। लक्ष्मी शिक्षक बनना चाहती है और उसके हौसले को कभी कम नहीं होने दिया जाएगा। उसकी शिक्षा और भविष्य के सपनों को पूरा करने में उनकी ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा। सांसद ने कहा कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता और सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बननी चाहिए।लक्ष्मी जैसी प्रतिभाशाली छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करने की जरूरत है।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने सोमवार की देर शाम डंडखोरा थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी की गाड़ी थाना पहुंचते ही पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। एसपी ने थाना परिसर का जायजा लिया।वहीं कार्यालय और बैरक का भी निरीक्षण किया।कार्यालय में ओडी रजिस्टर के साथ विभिन्न अभिलेखों का भी जायजा लिया। उन्होंने थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारियों से थाना में दर्ज कांडों, लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर की जा रही कार्रवाई एवं शराबबंदी को लेकर आवश्यक पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने,अपराध नियंत्रण को लेकर सतर्कता बरतने तथा क्षेत्र में नियमित गश्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, पुअनि सोहन राम, रितेश कुमार,सअनि राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

### उर्वरक की कालाबाजारी व ओवररेटिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएओ

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने,निर्धारित सरकारी दर पर बिक्री कराने तथा कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में पांच खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विक्रेताओं को उर्वरक बिक्री में पारदर्शिता बरतने के साथ कई सख्त निर्देश दिये गये।जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उर्वरक की बिक्री निर्धारित सरकारी दर यानी एमआरपी पर ही की जाए। किसानों से अधिक कीमत वसूलने, कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा कृत्रिम कमी पैदा करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उर्वरक के साथ किसी अन्य उत्पाद की अनिवार्य टैगिंग या बंडलिंग नहीं करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक बिक्री पर किसानों को बिल अथवा रसीद देना तथा बिक्री का सही विवरण पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य बताया गया। विक्रेताओं को पीओएस मशीन से ही उर्वरक बिक्री करने, किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बिक्री दर्ज नहीं करने तथा दुकान में स्टॉक और मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया। बैठक में कहा गया कि स्टॉक रहने के बावजूद किसानों को उर्वरक उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत मिलने और जांच में स्टॉक पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी। बिना वैध लाइसेंस भंडारण अथवा बिक्री पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि किसी भी किसान अथवा जनप्रतिनिधि की शिकायत या निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान का उर्वरक प्राधिकार रद्द किया जा सकता है।

### सीमांचल में मखाना खेती का बढ़ा दायरा

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सीमांचल के चार जिले कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज में चालू खरीफ मौसम के दौरान मखाना की खेती का दायरा लगातार बढ़ रहा है। कृषि विभाग ने इस वर्ष उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से मखाना के मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। जिला उद्यान पदाधिकारी डॉ. रजनी के अनुसार कटिहार जिले में लगभग 9400 हेक्टेयर में मखाने की खेती हो रही है।इसके अनुसार सीमांचल की जलवायु एवं जलस्रोत मखाना उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। इसी कारण किसानों को पारंपरिक खेती के साथ वैज्ञानिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ को उन्नत उत्पादन तकनीक, बीज प्रबंधन, कटाई, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा विपणन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र तथा उद्यान विभाग के सहयोग से विभिन्न प्रशिक्षण शिविर एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।विभाग का मानना है कि केवल कच्चे मखाना की बिक्री की बजाय प्रसंस्कृत एवं पैक्ड मखाना,मखाना पाउडर, भुना मखाना तथा अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार कर किसानों को बेहतर बाजार और अधिक मूल्य दिलाया जा सकता है।

### विद्यार्थी परिषद की ओर से चला सदस्यता अभियान

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के विभिन्न स्कूलों एवं निजी शिक्षण संस्थान में विद्यार्थी परिषद की ओर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख रवि सिंह ने कहा कि यह सदस्यता अभियान 30 अगस्त तक चलेगी। इस बार जिले में दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान से परिषद के सदस्य परिसरों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं, भ्रष्टाचार, अनाचार आदि समाज में विद्यार्थी जहां शैक्षणिक ऊंच-नीच, असृश्यता,अमीरी गरीबी जैसे भावों को मिटाकर एक समरस समाज के निर्माण में सहभागी करने का निवेदन किया । सदस्यता अभियान में जुड़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को साथ लेकर परिषद आगामी शैक्षणिक सत्र में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करेगा। 75 वें वर्ष में प्रवेश करने पर कुल 10 हजार सदस्य बनाने लक्ष्य रखा है।

# टेमी देकर हुआ चौदह दिवसीय मधुश्रावणी व्रतोद्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मिथिलांचल के मैथिल ब्राह्मण एवं कर्ण कायस्थ परिवारों के नवविवाहिताओं के लोक आस्था तथा परंपरा का चौदह दिवसीय पर्व मधुश्रावणी व्रत का शनिवार को आस्था और निष्ठा के साथ संपन्न हो गया। अनुष्ठान के अंतिम दिन प्रचलित टेमी दागने की प्रथा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।श्रावण कृष्ण पंचमी से श्रावण शुक्ल तृतीया तक चलने वाला नवविवाहिताओं के अखंड सौभाग्य एवं स्नेहिल दंपति के लिए रखा जाने वाले इस व्रत के अंतिम दिन नवविवाहिता नागदेवता, सूर्य, गौरी, गणेश, नवग्रह आदि देवताओं का पूजन कर व्रत का उद्यापन पूरी श्रद्धा के साथ किया।समापन के अवसर पर परंपरा के अनुसार अन्य महिला द्वारा व्रती के पैर पर गर्म चंदन की बाती से पान के पत्ते पर टेमी दागा गया।इसको लेकर मान्यता है कि जिसके फफोले बड़े होते हैं,उन्हें पति एवं ससुराल में अधिक स्नेह मिलता है।हालांकि अधिकतर लोग इस परंपरा का विरोध करते तो हैं,लेकिन छोड़ने की हिम्मत नहीं करते।इसके बारे में बताया जाता है कि मुगलकालीन शासन व्यवस्था में नवविवाहिताओं को आतातायियों से बचाने को लेकर दागने की परंपरा शुरु हुई थी तो आज भी बरकरार हीं नहीं वरन इस व्रत का मुख्य केन्द्र भी बन गया है।गांव हीं नहीं शहरों में भी इस पर्व को लेकर अलग हीं आध्यात्मिक माहौल बन जाता है।व्रत के चौदह दिनों तक व्रती सुबह नहा-धोकर और श्रृंगार कर फूल,बेलपत्र आदि पूजन सामग्री स्वयं चुनकर लाती है। कोई योग्य महिला पुरोहित की देखरेख में पूजन के बाद लौकिक एवं धार्मिक कथा सुनाकर सुखद दांपत्य के लिए टिप्स दी जाती है।अक्सर यह व्रत नवविवाहिता आतप या फलाहार भोजन कर मायके में हीं रखती है। लेकिन कोई-कोई ससुराल में भी रखती है। इन दिनों पारंपरिक विवाह, कुलदेवी और महेशवाणी आदि गीतों से वातावरण गुंजायमान रहता है। पूजन एवं व्रत की सामग्री ससुराल का होता है। उद्यापन का पूजन में पति साथ रहता है। तो ससुराल पक्ष की ओर से व्रती के मायके वालों वस्त्र आदि उपहार भेंट किया जाता है।वहीं महिलाओं के लिए खीर, मिष्ठान्न आदि बगैर नमक का सामानों का भोज दिये जाने का भी रिवाज है।विवाह के पहले वर्ष में रखा जाने वाला ये वाला यह व्रत कठिन तो है,लेकिन माहौल रोमांचक बना रहता है। मिथिलांचल की इसे सरस दापत्य, सेवा और समर्पण का प्रतीक पर्व माना जाता है।



# बिल से घिरनी निकालने गए मासूम को सांप ने काटा, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के गुरुमेला पंचायत के वार्ड संख्या सात में मंगलवार सुबह सर्पदंश से सात वर्षीय मासूम आर्यन कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार,आर्यन कुमार मंगलवार सुबह अपने घर के निकट पक्की जमीन पर घिरनी से खेल रहा था। इसी दौरान घिरनी पक्की जमीन पर बने एक छोटे से बिल में चली गई। घिरनी निकालने के दौरान मासूम को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद आर्यन तुरंत अपनी मां रूबी देवी के पास पहुंचा और कहा, मां, देखो, घिरनी निकालने गए तो मुझे क्या हो गया है। मां को लगा कि घिरनी निकालने के दौरान उसे खरोंच लगी है। कुछ देर बाद आर्यन की तबीयत बिगड़ने लगी।परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मां रूबी देवी की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक के पिता बाबलू मंडल बेंगलुरु में रहकर मजदूरी करते हैं। आर्यन तीन भाइयों में मंझला था।



# सहयोग शिविर में 203 आवेदन, 174 मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के फतेहनगर पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में ग्रामीणों से जुड़े विभिन्न मामलों के कुल 203 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 174 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शेष मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। शिविर में आवास, सामाजिक सुरक्षा, जीविका, स्वास्थ्य समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग पंचायतों में लगातार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में राशन कार्ड, जाति, आय,निवास, दाखिल खारिज,पेंशन सहित कई अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त होते हैं और संबंधित विभाग द्वारा उनके निष्पादन की प्रक्रिया की जाती है। बीडीओ ने कहा कि फतेहनगर के शिविर में 203 आवेदन आए थे, जिनमें 174 मामलों का मौके पर निष्पादन कर दिया गया है,जबकि अन्य मामलों पर आवश्यक कार्रवाई चल रही है। उन्होंने आगामी शिविरों को लेकर पंचायत वासियों से अपील की कि अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से करें,ताकि निर्धारित समय-सीमा में मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।वहीं मुखिया प्रतिनिधि डॉ. मो. मुस्लिम ने कहा कि सहयोग शिविर ग्रामीणों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। एक ही स्थान पर कई विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान होने से लोगों को कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। उन्होंने पंचायतवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में आरओ रामसागर पासवान, मुखिया नाजमीन यास्मीन, पीओ अलेंदु कुमार, रोजगार सेवक दीनबंधु कुमार, बीपीआरओ कनीय अभियंता अभिजीत कुमार, बीएओ गौरव कुमार, समेत कई पदाधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




# साहेबनगर पंचायत भवन में सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के पंचायत भवन साहेबनगर पंचायत भवन में बिहार सरकार के निर्देशानुसार माह के तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित की गई। इस मौके पर साहेबनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक ने बताया कि सभी पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित किया जा चुका था। अंतिम में मेरे पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित की गई। मंगलवार को पंचायत भवन साहेबनगर में कल्याण, लोहिया, बाल विकास, कृषि, बिजली, पंचायती राज, आवास, मनरेगा, ग्रामीण आवास, स्वास्थ्य, सहकारिता, शिक्षा, राजस्व एवं भूमि सुधार, श्रम संसाधन, जीविका, समाज कल्याण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, आधार निर्माण आदि के स्टॉल लगाए गए थे जहां पर आम लोगों ने अपनी-अपने समस्याओं के लिए आवेदन जमा किए सबसे ज्यादा भीड़ राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, नाम हटवाने, एवं नया आवेदन करने के लिए आवेदन महिलाएं दे रहे थे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, मुखिया मरजीना खातून, मुखिया प्रतिनिधि तज्जमुल हक, उपमुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रउफ, पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया, बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर रोशन कुमार राकेश, तपन कुमार, कल्याण विभाग के सुशील कुमार, पंचायत सचिव सचिन्द्र कुमार झा, पेंशन के मनोज कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक चंदन कुमार रजक, आधार के मो. असरफ़ुल हक, वार्ड सदस्य सुरेश सहनी, मो. खुशबुर, भोपाल पासवान, मो. नसीम, मो. मुस्ताक, अलका ऋषि आदि उपस्थित रहे ।



# नगर निगम के विभिन्न वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं संबंधित वार्डों के पार्षदों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सहयोग शिविर का विधिवत उद्घाटन किया । सहयोग शिविर का आयोजन वार्ड संख्या 09 के पी एंड टी चौक, वार्ड संख्या 15 के दुर्गा मंदिर परिसर लंगड़ा बागान पश्चिम भाग, वार्ड संख्या 24 के हाजी टोला मस्जिद के निकट तथा वार्ड संख्या 40 के शीतला मंदिर परिसर में किया गया।शिविर के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को नगर निगम से संबंधित विभिन्न सेवाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई। नगर निगम की ओर से नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने एवं उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की पहल की गई।इस अवसर पर महापौर उषा देवी अग्रवाल एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य नगर निगम की सेवाओं को नागरिकों के नजदीक पहुंचाना तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने नागरिकों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।




# शहीद जगदेव चौक उदामारखा का नामकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सदर प्रखंड के उदामारखा गांव के फोरलेन चौराहे को अब शहीद जगदेव चौक उदामारखा के नाम से जाना जाएगा। स्थानीय लोगों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस चौक का नामकरण करते हुए न सिर्फ वहां शहीद जगदेव चौक का बोर्ड लगाया बल्कि वहां स्थानीय ग्रामीण रामचंद्र सिंह के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। इस अवसर पर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शहीद जगदेव दबे कुचले शोषित वंचितों दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों की आवाज थे और उन्होंने इसके लिए कई आंदोलन भी किए ऐसे में उनके नाम से इस चौक का नाम होने से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी और इसके लिए समाज के तमाम लोगों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। इस अवसर पर लोगों ने सहित जगदेव अमर रहे के नारे भी लगाए। मौके पर पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावे ग्रामीण धर्मेन्द्र कुमार सिंह, उत्तम यादव, नरेश यादव, संजय सिंह, चन्दन सिंह, विद्यासागर सिंह, रामनाथ पासवान, सतीश सिंह, गंगा सागर सिंह,अरविन्द सिंह, दसई सिंह, सुनील साह, राजेश साह, टनटन कुमार आदि उपस्थित रहे ।



# 16 पंचायतों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित तथा समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से बिहार सरकार ने अभिनव पहल शुरू की है। जिसके तहत माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार सभी प्रखंडों के एक पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को भी जिले के सभी प्रखंडों के कुल 16 पंचायतों में शिविरों का सफल आयोजन किया गया। यह पहल "सरकार आपके द्वार" की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। जिला पदाधिकारी ने बलरामपुर प्रखंड के लोहागढ़ा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण कर शिविर में शामिल लोगों से संवाद स्थापित किया।शिविर में बलरामपुर विधायक संगीता देवी सहित जिले के कई वरीय अधिकारी भी शामिल रहे।अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि बिहार सरकार आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालयों का चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निष्पादन के लिए 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित है और निराकरण निर्धारित अवधि के भीतर किया जाएगा तथा समय-सीमा का अनुपालन नहीं करने वाले पदाधिकारी को उत्तरदायी मानकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के "सात निश्चय-3" के महत्वपूर्ण अवयव "सबका सम्मान, जीवन आसान" के तहत सरकार आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सीधे पंचायत स्तर तक पहुंच रही है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को सहयोग शिविर के माध्यम से दर्ज कराकर इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाएं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर में आवेदन देने के अतिरिक्त नागरिक सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी अपनी शिकायतें एवं आवेदन ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है, जहां से आवेदन की स्थिति की निगरानी भी की जा रही है।शिविर के दौरान पूर्व में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों के लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।



संक्षिप्त समाचार

## एंथ्रोपिक के आईपीओ में भारतीय निवेशक कैसे लगा सकते हैं पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंपनी शेयर बाजार में आने की तैयारी कर रही है। हालांकि अभी




आईपीओ की तारीख, कितने शेयर बेचे जाएंगे और किस कीमत पर बेचे जाएंगे, ये तय नहीं है, लेकिन अगर कंपनी का आईपीओ आता है तो यह दुनिया के सबसे बड़े टेक आईपीओ में शामिल हो सकता है। एंथ्रोपिक 2028 में 190-200 अरब डॉलर के सालाना रेवेन्यू का लक्ष्य देख रही है। मई 2026 में कंपनी का रेवेन्यू रन रेट करीब 47 अरब डॉलर था। रन रेट का मतलब है कि अगर कंपनी मौजूदा रफ्तार से पूरे साल कमाती रहे तो अनुमानित सालाना कमाई कितनी होगी। 2028 के लक्ष्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि बाजार कंपनी से बहुत तेज ग्रोथ की उम्मीद कर रहा है, जबकि एआई मॉडल बनाने और चलाने की लागत बहुत ज्यादा है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का कहना है कि निवेशकों को कंपनी की कमाई, खर्च, ग्रोथ और लिस्टिंग के बाद शेयर की कीमत देखकर ही फैसला करना चाहिए। अभी एंथ्रोपिक आईपीओ में भारतीय आम निवेशक के लिए सीधे आवेदन का कोई घोषित रास्ता नहीं है। लेकिन कंपनी अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्ट होती है, तो उसके शेयर खरीदे सकते हैं। निवेशक ऐसे ब्रोकर के जरिए शेयर खरीद सकता है जो भारत से स्टॉक्स में निवेश की सुविधा देता है। निवेशक को पहले बैंक खाते से अधिकृत ब्रोकर के जरिए विदेश में पैसा भेजना होगा। इसके बाद यह अमेरिकी शेयर बाजार से के शेयर खरीद सकेगा। निवेश किया जा सकता है। भारतीयों को विदेश में शेयर खरीदने के लिए इस्तेमाल करना होता है। इसके तहत एक निवासी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में कुल 2.5 लाख डॉलर तक विदेशी करेंसी ही बाहर भेज सकता है।

## टाटा संस के इतिहास में पहली बार सालाना बैठक रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा संस की एजीएम (सालाना आम बैठक) को स्थगित कर दिया गया है। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। ईटी की खबर के मुताबिक मंगलवार को होने वाली टाटा संस की एजीएम को कोरम (जरूरी सदस्यों की संख्या) पूरा न होने के कारण स्थगित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि चेयरमैन बोर्ड से सलाह-मशविरा करने के बाद एजीएम के लिए नई तारीख तय करेंगे।

**क्यों आई दिक्कत?** जानकारी के मुताबिक एजीएम बॉम्बे हाउस में बुलाई गई थी, जिसमें कुछ स्टेकहोल्डर्स ऑनलाइन शामिल हुए। हालांकि, टाटा संस के दो मुख्य कंट्रोलिंग ट्रस्ट में से एक, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (स्ष्ठञ्ज) ने कंपनी को बताया था कि सर रतन टाटा ट्रस्ट के लिए महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर की मंजूरी न होने के कारण एक संयुक्त प्रतिनिधि एजीएम में हिस्सा नहीं ले सकता। इस वजह से मीटिंग के लिए जरूरी कोरम पूरा नहीं हो पाया। महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने मई में आदेश दिया था कि एसआरटीटी के बोर्ड के गठन की जांच लंबित होने के कारण वह बोर्ड बैठक नहीं कर सकता है।

**क्या है नियम?** टाटा संस के अनुच्छेद 86 के अनुसार, एजीएम में कम से कम पांच सदस्यों की व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक है। इसमें SRTT और SDTT द्वारा संयुक्त रूप से नामित प्रतिनिधि भी शामिल है, बशर्ते दोनों ट्रस्ट की संयुक्त हिस्सेदारी 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो।

# आपकी थाली में एनालॉग पनीर तो नहीं! असली पनीर से कैसे अलग है यह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में बिक रहे पनीर पर सवालिया निशान लग गया है। वजह साफ है, क्योंकि महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में पनीर जैसे दिखने वाले एनालॉग पनीर पर बैन लगा दिया गया है। दिल्ली में भी पनीर की जांच शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि 420 रुपये प्रति किलो पनीर तैयार करने पर खर्च होता है, जबकि दावा है कि होटलों और ढाबों में बल्क में 200 रुपये में एक किलो पनीर की सप्लाई हो रही है।

दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी विभाग के सूत्रों का कहना है कि ब्रैंडेड कंपनी के पनीर में मिलावट का खतरा कम रहता है, क्योंकि इसकी जांच के बाद उनके ऊपर कार्रवाई करना आसान है, लेकिन इसके बाद भी



ब्रैंडेड पनीर को भी जांच के दायरे से बाहर नहीं किया गया है, इसकी भी जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पनीर में मिलावट खुले में बिक रहे पनीर में ज्यादा रहती है,

### बैन की चर्चा

सूत्रों का कहना है कि सितंबर में सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें पूरे देश के स्टेट कमिश्नर भी शामिल होते हैं। इस बैठक में एनालॉग पनीर पर बैन की चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक दिल्ली में इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे सैंपल की जांच में भी कमी दर्ज हुई है। 2024-25 में दिल्ली में 2624 सैंपल की जांच की गई थी।

### थाली में आने के बाद कैसे होगी जांच

एक अधिकारी ने बताया कि आप रेस्टोरेंट में खा रहे हैं, सब्जी में पनीर है, खुली आंख से आप यह तय नहीं कर सकते हैं कि यह असली पनीर है या एनालॉग। इसलिए आम इंसान कुछ नहीं कर सकता है, जरूरी है कि फूड डिपार्टमेंट इस दिशा में ठोस कदम उठाए। गंगाराम अस्पताल के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. अनिल अरोड़ा ने बताया कि सामान्य पनीर दूध से बनता है।

# खुलते ही चमक उठा सनशाइन आईपीओ, जीएमपी ने मारी लंबी छलांग, लिस्टिंग पर बंपर मुनाफे की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड का आईपीओ आज यानी मंगलवार से खुल गया है। निवेशक 20 अगस्त तक इसमें बोली लगा सकते हैं। ग्रे मार्केट में इस आईपीओ को जबरदस्त भाव मिल रहा है। आज जब यह आईपीओ बोली के लिए खुला तो इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में और तेजी आ गई। सनशाइन पिक्चर्स का आईपीओ साइज 282.14 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने 172.80 करोड़ रुपये के 48 लाख फ्रेश शेयर जारी किए हैं। वहीं 109.34 करोड़ रुपये के 30 लाख शेयर ओएफएस के तहत जारी किए गए हैं। इसका प्राइस बैंड 342 से 360 रुपये के बीच है। मेन बोर्ड के इस आईपीओ की लिस्टिंग 25 अगस्त को हो सकती है।

**कितना हुआ जीएमपी:** पिछले कई दिनों से आईपीओ ग्रे मार्केट में धूम मचा रहा है। मंगलवार को खुलने के पहले दिन भी इसमें तेजी आई। मंगलवार सुबह 11 बजे 360 रुपये के आईपीओ प्राइस पर इसका जीएमपी 75



रुपये था। यानी इसमें अभी तक करीब 21 फीसदी की तेजी आ चुकी है। अगर इसमें इसी प्रकार की तेजी रही तो यह लिस्टिंग पर निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दे सकता है।

**क्या करती है कंपनी:** कंपनी की स्थापना साल 2007 में हुई थी। यह कंपनी एक प्रोडक्शन कंपनी है जो फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और वेब सीरीज बनाने, प्रोडयूज करने, मार्केटिंग, डिस्ट्रिब्यूशन आदि के बिजनेस में लगी है। कंपनी फोर्स, कमांडो, हॉलिडे, फोर्स-2, कमांडो-2 और द केरल स्टोरी जैसी फिल्में प्रोडयूज कर चुकी है।

### ये आईपीओ भी कर रहे बेहतर प्रदर्शन

यह आईपीओ बोली के लिए खुल चुका है। इसमें 19 अगस्त तक निवेश कर सकेंगे। इसके जीएमपी में भी तेजी आई है। मंगलवार सुबह 11 बजे 201 रुपये के आईपीओ प्राइस पर इसकी जीएमपी 30 रुपये था। इसके जीएमपी में अभी तक करीब 15 फीसदी की तेजी आई है। यानी यह भी लिस्टिंग पर निवेशकों का मुनाफा करा सकता है। इस आईपीओ में बोली लगाने का समय खत्म हो चुका है। निवेशक अब इसकी लिस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं जो कल यानी 19 अगस्त को हो सकती है। इसका जीमएपी 285 रुपये के आईपीओ प्राइस पर 105 रुपये है। यानी यह निवेशकों को लिस्टिंगपर करीब 37 फीसदी का मुनाफा दे सकता है।

## सिर्फ 40,000 से दो सहेलियों ने बना डाला ऐसा ब्रांड कि माधुरी दीक्षित भी मुरीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है यूपी की दो कॉलेज फ्रेंड्स की। इनमें आकृति वर्मा लखनऊ से हैं और भव्या झुनझुनवाला कानपुर से। दोनों ने दुनियाभर में तेजी से फैलते फास्ट फैशन के कचरे और स्थानीय कारीगरों की अनदेखी को चुनौती देने के लिए नई राह चुनी है। 2024 में इन सहेलियों ने फैशन स्टार्टअप की नींव रखी। इसका नाम है। सिर्फ 30,000-40,000 रुपये की शुरुआती पूंजी से कानपुर में एक पुराने मकान को स्टूडियो बनाकर इसे शुरू किया गया। यह ब्रांड आज मंदिर के चढ़े फूलों और हर्बल रंगों का इस्तेमाल कर खूबसूरत इको-फ्रेंडली साड़ियां, शर्ट्स और स्कार्फ बना रहा है। इन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जैसी हस्तियां भी पहन चुकी हैं। आइए, यहां आकृति और भव्या की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

जीरो वेस्ट मॉडल पर किया काम

इस ब्रांड की मेकिंग प्रोसेस पूरी तरह से इको-फ्रेंडली है। यहां कपड़े को पक्का करने के लिए हरड़ या फिटकरी से ट्रीट किया जाता है। इसके बाद मंदिरों और गलियों से जुटाए गए गेंदे के फूलों और पत्तियों को कपड़े पर बिछाकर भाप से नेचुरल प्रिंटिंग की जाती है। इस प्रक्रिया में प्लास्टिक की जगह मक्के के स्टार्च से बनी बायोडिग्रेडेबल शीट्स का इस्तेमाल होता है। बचे फूल-पत्तियों का इस्तेमाल कंपोस्ट बनाकर पौधों के लिए किया जाता है। पैकेजिंग के लिए स्थानीय बुटीक से बचे कपड़ों के



टुकड़ों से झोले तैयार किए जाते हैं। इससे यह पूरी तरह जीरो-वेस्ट मॉडल बनता है। फास्ट फैशन की बड़ी मशीनों के उलट इस ब्रांड का हर एक प्रोडक्ट पूरी तरह से हस्तनिर्मित है। एक सिंगल स्कार्फ को तैयार करने में 4 लोगों की टीम को लगभग 6 से 7 दिन का समय लगता है। भव्या अपने कानपुर उत्पादन केंद्र से 6 महिला कारीगरों और 4 फ्रीलांसर्स की टीम के साथ मैन्युफैक्चरिंग संभालती हैं। वहीं, आकृति गाजियाबाद से बिजनेस ऑपरेशंस देखती हैं।

### ऐसे आया आइडिया

ब्रिटेन से टेक्सटाइल सस्टेनेबिलिटी एंड इनोवेशन में मास्टर्स करने के दौरान भव्या ने देखा कि बड़े फैशन ब्रांड्स भारत और बांग्लादेश में बने कपड़े बेचते हैं। लेकिन, इसके पीछे के असल कारीगरों को कभी पहचान नहीं मिलती। दूसरी तरफ लखनऊ की आकृति ने टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज से सस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट में एमबीए पूरा किया। वह फास्ट फैशन के चलते पर्यावरण में जमा हो रहे कपड़ों के कचरे को लेकर चिंतित थीं। क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से पढ़ीं दोनों सहेलियों ने अपनी शिक्षा और अनुभव को

# पेटीएम के शेयरों में 3 महीने में 41% की तेजी

**क्यों 2 प्रतिशत लुढ़का दाम, आई है बड़ी खबर**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों में आज करीब 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। पिछले कुछ सालों में निवेशकों को मालामाल करने वाली कंपनी के शेयरों में अचानक यह गिरावट देखने को मिली है। पेटीएम की पैटेंट कंपनी के प्रमोटर विजय शेखर शर्मा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार विजय शेखर शर्मा की कंपनी की तरफ से पेटीएम के 4.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जा रही है। यह प्रक्रिया ब्लॉक डील के जरिए होगी। रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट एक थोक सौदे के जरिए वन97 कम्युनिकेशंस में 4.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। हालांकि, इस प्रक्रिया पर अधिकारिक जानकारी बाहर नहीं आई है। बता दें, जून तिमाही के अंततक पेटीएम में



विजय शेखर शर्मा की कंपनी की हिस्सेदारी 10.20 प्रतिशत थी। वहीं, विजय शेखर शर्मा के पास 9.03 प्रतिशत हिस्सा था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक इस सौदे से मिलने वाली राशि को चीन स्थित अलीबाबा समूह की कंपनी एंटफिन द्वारा विक्रेता रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के साथ अपने मौजूदा वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र (ओसीडी) समझौते के तहत रखा जाएगा। इस बिक्री से प्राप्त राशि एंटफिन को जाएगी। बता दें, विजय शेखर शर्मा को इससे कोई फायदा नहीं होगा। इससे पहले वन97 कम्युनिकेशंस एक ब्लॉक डील देख चुका है। तब 1.49 करोड़ शेयरों को बेचा गया था। जोकि कंपनी की कुल हिस्सेदारी के 2.3 प्रतिशत के बराबर है।सीएनबीसी टीवी18 की रिपोर्ट के अनुसार शेयरों की बिक्री संभव है। ये कंपनियां मिलकर पेटीएम 2002 करोड़ रुपये के शेयर बेच सकते हैं।

### शेयर बाजार में अच्छा रहा है पेटीएम का समय

पेटीएम के शेयर आज बीएसई में 1573 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का दाम 1597.50 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। पिछले 3 महीने में पेटीएम के शेयरों का दाम 41 प्रतिशत चढ़ा है। 2025 में स्टॉक 20.80 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। एक साल में शेयरों की कीमतों में 32 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, दो साल में पेटीएम के शेयरों का भाव 176 प्रतिशत और तीन साल में 81 प्रतिशत दाम बढ़ा है।

## योहारों से पहले महंगाई का ट्रेलर, 15 दिन में चीनी 17 रुपये महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कल तक जिस चीनी को लोग किलो-दो किलो आराम से खरीदकर घर लाया करते थे, उसके भाव ने अचानक किचन का हिसाब बिगाड़ दिया है। पिछले 15 दिनों में चीनी करीब 17 रुपये किलोग्राम और गुड़ करीब 40 रुपये किलोग्राम तक महंगा हो गया है। नतीजा यह कि घर की चाय से लेकर चॉकलेट, दूध, खीर, जूस और मिठाई तक हर चीज में महंगाई का असर दिख रहा है। चीनी और गुड़ के बढ़ते दाम से बाजारों में खलबली मची हुई है। आम नागरिक से लेकर कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। आशंका है कि इससे कालाबाजारी बढ़ सकती है। कुछ कारोबारियों ने सरकार से अपील की है कि चीनी और गुड़ के कीमतों पर तत्काल लगाने की जरूरत है, नहीं तो दिवाली तक हालात बेकाबू हो सकते हैं। चीनी के साथ गुड़ के भाव में तेज उछाल ने भी घरेलू बजट बिगाड़ दिया है।

# फिर 300 की ओर चला कच्चा तेल

### पेट्रोल-डीजल के सस्ता होने की उम्मीदें टूटीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल के रेट कम होने की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। क्योंकि, ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल के दामों में लगातार तीसरे



कारोबारी दिन उछाल जारी रहा। अब यह 90 डॉलर के पार चला गया है। यानी ब्रेंट क्रूड ने 100 की गिनती शुरू कर दी है। तेल की कीमतों में तेजी की मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव को लेकर बढ़ती अनिश्चितता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ किया है कि वे ईरान के साथ हुए समझौते की अवधि बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं, जिससे बाजार में नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है। यह पिछले महीने के आखिरी सप्ताह के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। जून में साइन किया गया समझौता सोमवार को तकनीकी रूप से समाप्त हो गया है और अब इसके आगे बढ़ने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है। अमेरिका और ईरान के बीच कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं, खासकर होर्मुज स्ट्रेट को लेकर। यह रणनीतिक जलमार्ग दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा संभालता है। ईरान इस महत्वपूर्ण जलमार्ग के प्रबंधन को लेकर ओमान के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन इनमें अमेरिका शामिल नहीं है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।

### क्या है अमेरिका की रणनीति

वे इस संघर्ष को जल्दी खत्म करने की जल्दी में नहीं हैं। ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने फॉक्स न्यूज को बताया कि अमेरिका ईरान के साथ लंबी अवधि की रणनीति अपना रहा है। वहीं अमेरिकी दूत कुशनर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप किसी भी सौदे को लेकर धैर्य बरतेंगे। इससे साफ है कि अमेरिका फिलहाल सैन्य कार्रवाई के बजाय आर्थिक दबाव के जरिये ईरान को झुकाने की कोशिश करेगा।

### युद्ध के छह महीने, तेल की कीमतों पर गहरा असर

लगभग छह महीने से जारी इस युद्ध ने कच्चे तेल की कीमतों पर गहरा असर डाला है। इस साल अब तक क्रूड के दाम करीब 50 फीसदी बढ़ चुके हैं। मध्य पूर्व से ऊर्जा की सप्लाई बाधित हो रही है, जिससे वैश्विक बाजार में तेल की किल्लत महसूस हो रही है।


## मैं अपने बिजनेस की संपत्ति हूं, बिजनेस मेरी संपत्ति नहीं है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमान्सियो ओर्टेगा अरबपति स्पैनिश बिजनेसमैन हैं। उन्होंने 1975 में इंडिटेक्स फैशन ग्रुप की शुरुआत की थी। यह ग्रुप के कपड़ों और एक्सेसरीज की चेन के लिए जाना जाता है। फोर्ब्स के अनुसार, 17 अगस्त, 2026 तक उनकी रियल टाइम नेटवर्थ 144.2 अरब डॉलर थी। 15 साल तक उन्होंने इंडिटेक्स की कमान अपने हाथों में रखी। फिर 2022 में उनकी बेटी मार्टा ओर्टेगा पेरेज कंपनी की चेयरपर्सन बनीं। अरबों डॉलर का साम्राज्य खड़ा करने के बावजूद अमान्सियो ओर्टेगा खुद को एक बिगेनर यानी शुरुआत करने वाले की तरह देखते हैं। ज्यादातर लोग बिजनेस को सिर्फ फायदा कमाने, संपत्ति बनाने या खुद को मालिक साबित करने का जरिया मानते हैं। ओर्टेगा इस सोच को पलट देते हैं। उनका मानना है कि एक उद्यमी का काम सिर्फ अधिकार जताना नहीं है। इसके बजाय अपने व्यवसाय की जरूरतों, उसकी सफलता और उसकी निरंतर प्रगति के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर देना है। ओर्टेगा दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक होने के बावजूद बहुत ज्यादा सादगी पसंद हैं। वह कभी खुद को मालिक का टैग देकर अहंकार से नहीं भरते। इसके बजाय खुद को कंपनी का सबसे पहला और जिम्मेदार सेवक मानते हैं। जब आप मानते हैं कि आप व्यवसाय की संपत्ति हैं तो आप कंपनी के कर्मचारियों, ग्राहकों और उसके भविष्य के प्रति व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हो जाते हैं। बिजनेस आपसे केवल आपका समय नहीं, बल्कि आपकी निष्ठा और प्राथमिकता मांगता है। यह विचार सीख देता है कि सच्चा लीडर वही है जो अपने बिजनेस या काम को अपनी मर्जी से नहीं चलाता। इसके बजाय खुद को अपने काम की जरूरतों और सफलता के लिए समर्पित कर देता है।

# पीछे छूटा हिंडनबर्ग का जिन्न! एक बार फिर निफ्टी का सरताज बनने की ओर अडानी एंटरप्राइजेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज निफ्टी में सबसे बेहतर प्रदर्शन की तरफ बढ़ रही है। करीब तीन साल पहले भी कंपनी इसी स्थिति में थी लेकिन हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण उसे काफी नुकसान हुआ था। एक बार फिर उसी स्थिति में वापस आ गई है। इस साल कंपनी के शेयरों में अब तक 34त्न की तेजी आई है और वह इस साल निफ्टी पर सबसे बेहतर स्टॉक बनने की राह पर है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी एंटरप्राइजेज ने आखिरी बार साल 2022 में यह मुकाम हासिल किया था। लेकिन जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च की शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी बिकवाली हुई थी। इससे ग्रुप की मार्केट वैल्यू में करीब 150 अरब डॉलर से ज्यादा गिरावट आई थी। लेकिन अब अडानी ग्रुप हिंडनबर्ग रिसर्च के



जिन्न को पीछे छोड़कर काफी आगे बढ़ गया है।

हाल में कैपिटल ग्रुप, गोल्डमैन सैक्स ग्रुप और एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर खरीदे हैं। हाल में गौतम अडानी और ग्रुप के दूसरे अधिकारियों को अमेरिका में क्लीन चिट मिलने के बाद ग्रुप के प्रति निवेशकों का भरोसा फिर से बना रहा है। मॉर्गन स्टेनली ने जून में अडानी एंटरप्राइजेज पर कवरेज शुरू करते हुए इसे ओवरवेट रेटिंग दी। भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काफी काम हो रहा है और इसका फायदा अडानी ग्रुप को भी हो रहा है। निवेशक ग्रुप के पोर्ट, एयरपोर्ट और पावर बिजनेस में पैसा लगा रहे हैं। विदेशी बैंक भी एक्सपोजर लेने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वेंचुरा सिक्योरिटीज में रिसर्च हेड विनीत बोलिंजकर ने कहा, अडानी असल में इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ा रहे हैं।

शेयर बाजार में गिरावट के बीच अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर आज कारोबार के दौरान करीब एक फीसदी उछला।

# मूसलाधार बारिश से मंडराया बाढ़ का खतरा

## जलमग्न होने से बढ़ी लोगों की परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण खरकाई और संजय नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। दोनों नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जलस्तर बढ़ने से सरायकेला शहर और नदी किनारे बसे इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग भयभीत हैं और कई परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। खरकाई नदी के बढ़े जलस्तर के कारण मजनाघाट के समीप स्थित पंचमुखी मंदिर, झूमकेश्वरी मंदिर और आसपास का पूरा क्षेत्र पानी में डूब गया है।

मंदिर परिसर में पानी भरने से श्रद्धालुओं का आवागमन प्रभावित हुआ है। नदी किनारे स्थित सरायकेला महिला महाविद्यालय बस स्टैंड, श्मशान घाट तथा पार्क भी जलमग्न हो गए हैं। पार्क में पानी भर जाने से वहां लगी संरचनाओं और अन्य परिसंपत्तियों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

उधर, संजय नदी का जलस्तर बढ़ने से सरायकेला-खरसावां मुख्य मार्ग पर खापरसाई के समीप स्थित पुरानी पुलिया पूरी तरह डूब गयी है। पुलिया के ऊपर करीब पांच फीट पानी बह रहा है। पानी का तेज बहाव होने के कारण पुलिया से होकर आवागमन करना जोखिम भरा हो गया है। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश जारी रहने पर नदी का जलस्तर और बढ़ सकता है। इससे आसपास के कई निचले इलाकों में पानी घुसने की आशंका है। नदी तट पर बसे परिवार अपने जरूरी सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटे हैं। कई लोग बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों को लेकर ऊंचे स्थानों की ओर जा रहे हैं।

नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहे हैं। लोगों से अपील की गयी है कि वे डूबी हुई पुलिया, नदी घाट और जलमग्न क्षेत्रों में जाने से बचें। ग्रामीणों को विशेष रूप से बच्चों को नदी और तेज बहाव वाले पानी से दूर रखने की सलाह दी गयी है।

प्रशासन की ओर से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने को कहा गया है।

दूसरी ओर सरायकेला के स्थानीय लोग नदी के बहाव को देखने के लिए नदी किनारे पहुंच रहे हैं। वहीं, मंदिर परिसर पूरी तरह से पानी में डूब गया है।

## युवक ने की आत्महत्या

**दरभंगा।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के खराजपुर गांव में पुलिस कार्रवाई के भय से एक युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी जुगेश्वर सहनी के पुत्र मोनू सहनी (19) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं, मौके पर पहुंचे तकनीकी सेल के चार पुलिसकर्मियों को देखकर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने एक सिपाही को बंधक बना लिया और उसका पिस्टल छीन लिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सिपाही को मुक्त कराया। बताया जाता है कि मोनू का शव सोमवार शाम घर के अंदर फंदे से लटका मिला। स्वजन ने आनन-फानन में फंदा काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर तकनीकी सेल के चार सिपाही बिना नंबर की दो बुलेट और एक पल्सर बाइक से पहुंचे। सभी सिविल ड्रेस में थे। उन्हें देखते ही स्वजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। इस दौरान तीन सिपाही बाइक छोड़कर मौके से भाग निकले, जबकि लोगों ने एक सिपाही को पकड़ लिया। उसका पिस्टल भी छीन लिया गया।

# घर में सो रहे भाई-बहन की सर्पदंश से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला जिले के खरसावां प्रखंड अंतर्गत संतारी गांव में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई।

यहां घर में सो रहे दो सगे भाई-बहन को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान संतारी गांव निवासी सचिन जोंको के 11 वर्षीय पुत्र शिवा जोंको और 13 वर्षीय पुत्री सीमा जोंको के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चे सोमवार रात घर के एक कमरे में सोए हुए थे। मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे एक जहरीले सांप ने दोनों को डस लिया। दर्द होने पर बच्चों की नींद खुली और उन्होंने तुरंत अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना की सूचना आसपास के ग्रामीणों को सुबह करीब 11 बजे मिली।

इसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया।

सरायकेला जिले में बरसात के मौसम के साथ ही सर्पदंश के मामलों में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र में हर महीने औसतन 35 से 40 लोग सांप के काटने का शिकार हो रहे हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि सर्पदंश के बाद यदि 1 से 2 घंटे के भीतर मरीज को अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो एंटी-वेनम इंजेक्शन से जान बचाई जा सकती है, लेकिन देरी होने पर स्थिति जानलेवा हो जाती है।विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के कारण बिलों में पानी भर जाने से सांप सूखी और सुरक्षित जगहों की तलाश में घरों के अंदर छुप जाते हैं। ऐसे में रात को सोते समय सावधानी बरतने, जमीन के बजाय चारपाई का इस्तेमाल करने और रोशनी की व्यवस्था रखने की सलाह दी जाती है।

# सिवान का कुख्यात झारखण्ड पुलिस की गोली से जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में बैंक लूट की साजिश रच रहे अपराधियों और पुलिस के बीच सोमवार देर रात मुठभेड़ हो गई।

इस दौरान सिवान के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सराय पड़ौली गांव निवासी प्रिंस पांडेय के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे उसके तीन साथियों के साथ घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुठभेड़ में तिलैया थानेदार के भी जख्मी होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार, तिलैया थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि इंदरवा झारकुंड स्थित एक घर में कुछ अपराधी जुटे हैं और बैंक में डाका डालने की योजना बना रहे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार देर रात वहां छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में प्रिंस पांडेय के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे और उसके तीन साथियों को दबोच लिया।घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य अपराधियों और बैंक लूट की पूरी साजिश के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार, प्रिंस पांडेय के खिलाफ सिवान के भगवानपुर हाट और महराजगंज थानों में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रिंस पांडेय के विरुद्ध थाने में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज है। भगवानपुर हाट थाना में उसके खिलाफ दो और महराजगंज थाना में एक मामला दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

तिलैया पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि बैंक लूट की योजना में और कौन-कौन लोग शामिल थे और गिरोह ने किस बैंक को निशाना बनाने की तैयारी की थी।

## ठगी गिरोह का सदस्य धराया

**पटना।** राज्य में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई को बड़ी सफलता मिली है। डिजिटल अरेस्ट कर देशभर में ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े एक आरोपित को बिहटा से गिरफ्तार किया गया है। उसके बैंक खाते में संदिग्ध रकम का लेन-देन किया जा रहा था।

जांच में अब तक करीब 1.5 करोड़ रुपये के अवैध लेन-देन के साक्ष्य मिले हैं। आरोपित की पहचान बिहटा के एसएस कालोनी निवासी कुमार आर्यन के रूप में हुई है।

एनसीआरपी पर मिली संदिग्ध लेन-देन की सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने बैंक खाते की गहराई से जांच शुरू की। तकनीकी और वित्तीय साक्ष्य जुटाने के बाद बिहटा थाने में केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपित साइबर ठगों को म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध करा रहा था। इसी खाते में डिजिटल अरेस्ट से ठगी गई संदिग्ध रकम का लेन-देन हुआ। पूछताछ में पता चला कि आरोपित ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म, एक्सचेंज एप, फेसबुक, टेलीग्राम और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के संपर्क में था।

# भारी बारिश से बहा झलिया पुल का डायवर्सन

## आवागमन के साथ जल संकट भी कायम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुमारधुबी।** मैथन रोड स्थित झिलिया पुल के निर्माण के दौरान बनाया गया डायवर्सन एक बार फिर मूसलाधार बारिश की भेंट चढ़ गया। सोमवार से रुक-रुककर हो रही तेज बारिश के कारण डायवर्सन का बड़ा हिस्सा पानी के तेज बहाव में बह गया।

इसके साथ ही क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत का काम भी अधर में लटक गया है। डायवर्सन बह जाने से मैथन, कुमारधुबी और चिरकुंडा क्षेत्र के बीच आवागमन एक बार फिर प्रभावित हो गया है, जबकि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर पहले से ही हाहाकार मचा हुआ है। स्कूल जाने वाले बच्चों और मजदूरों को अब करीब पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

जानकारी के अनुसार, करीब तीन दिन पूर्व झिलिया पुल के निर्माण कार्य के दौरान जलापूर्ति की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बड़ी आबादी के सामने पानी का संकट उत्पन्न हो गया।

सोमवार को पाइपलाइन की मरम्मत शुरू कराने के लिए जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी, मुखिया प्रतिनिधि, संबंधित एजेंसी के कर्मी और स्थानीय ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए थे। मरम्मत कार्य शुरू कराने की तैयारी चल ही रही थी कि इसी बीच लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे हालात को बिगाड़ दिया।

तेज बारिश और पानी के बहाव में डायवर्सन का एक बड़ा हिस्सा बह गया। बताया जा रहा है कि पानी के तेज बहाव की चपेट में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन भी आ गई, जिससे मरम्मत कार्य फिलहाल रोकना पड़ा।

अब जब तक डायवर्सन को दोबारा दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक पाइपलाइन की मरम्मत का काम शुरू करना भी मुश्किल माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले 7 अगस्त को भी भारी बारिश के कारण झिलिया पुल का डायवर्सन बह गया था। उसी दौरान जलापूर्ति पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हुई थी।

इसके बाद अस्थायी रूप से डायवर्सन को दुरुस्त कर आवागमन शुरू कराया गया था। लेकिन समय रहते पाइपलाइन की स्थायी मरम्मत नहीं होने और लगातार बारिश के कारण एक बार फिर संकट गहरा गया है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद समय रहते मरम्मत कार्य पूरा करा लिया जाता तो आज पानी की समस्या इतनी गंभीर नहीं होती। वहीं, डायवर्सन को भी बारिश को ध्यान में रखते हुए मजबूत नहीं किए जाने पर लोगों में नाराजगी है।

डायवर्सन बह जाने से मैथन, कुमारधुबी और चिरकुंडा क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की समस्या फिर खड़ी हो गई है। रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, पाइपलाइन की मरम्मत नहीं होने के कारण जलापूर्ति बाधित है और हजारों लोग पानी के लिए परेशान हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी से मांग की है कि बारिश की स्थिति को देखते हुए डायवर्सन को तत्काल सुरक्षित तरीके से तैयार कराया जाए और उसके बाद बिना किसी देरी के क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाए।

# बाबा के दरबार में दुर्लभ बेलपत्रों की लगती है प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देश के द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक केवल देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग में बेल पत्र प्रदर्शनी लगती है। बाबा मंदिर की पूजा व्यवस्था बांग्ला पंचांग से चलती है। इस तरह की दुर्लभ प्रदर्शनी बाकि ज्योर्तिलिंग में देखने को नहीं मिलती है।यह परंपरा बहुत प्राचीन है। संक्रांत से संक्रांत तक सावन के महीने में बैद्यनाथ मंदिर में बेलपत्र प्रदर्शनी की परंपरा है। सावन के प्रत्येक सोमवार को प्रदर्शनी लगाई जाती है। संक्रांत के हिसाब से सोमवार को प्रदर्शनी का समापन हो गया।

जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदर्शनी में त्रिकुट पहाड़, बिहार के नरगंजो पहाड़ के दुर्लभ जंगल से बेलपत्र को तोड़कर पंडा समाज के सदस्य लाते हैं। प्रदर्शनी लगाते हैं और बाबा बैद्यनाथ को वह बेल पत्र अर्पित भी करते हैं। यह भोलेनाथ को प्रसन्न करने और सब पर कृपा बरसाने की आराधना कहते हैं। चांदी के थाली में उसे खूबसूरती से सजाकर मंदिर प्रांगण में सजाते हैं। बेल पत्र की इस प्रदर्शनी को देखकर किसी का भी मन शिवमय हो जाता है। शिव को बेल पत्र प्रिय है।

शास्त्रों में वर्णित है कि बेलपत्र में तीन पत्तियां ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान हैं। जिसे बाबा पर अर्पित करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। बम बम बाबा ब्रह्मचारी के द्वारा यह बेलपत्र प्रदर्शनी की स्पर्धा शुरू करने का सबसे बड़ा कारण यह था कि लोग इसमें रूचि दिखाएं और बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। बेल पत्र प्रदर्शनी लगाने की परंपरा बमबम बाबा ब्रह्मचारी ने शुरू की थी, जिसका निर्वहन अनवरत जारी है। बच्चे बूढ़े जवान इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए प्रत्येक साल बेलपत्र समाज के बैनर से जुड़ रहे हैं।



प्रदर्शनी में राजाराम विल्वपत्र समाज राम मंदिर में, पंडित मनोकामना राधेश्याम बेलपत्र समाज एवं राधेश्याम बेलपत्र समाज, आनंद भैरव मंदिर में प्रदर्शनी लगाते है। जबकि बरनेल समाज तारा मंदिर, जरनेल समाज काली मंदिर, बमबम बाबा ब्रह्मचारी समाज, शांति अखाड़ा बेलपत्र समाज एवं बमबम बाबा मशानी समाज लक्ष्मीनारायण मंदिर में आकर्षक प्रदर्शनी लगाते हैं। पुरोहितों व बांग्ला पंचांग के मुताबिक, सावन संक्रांत के बाद हर सोमवार को देवघर में बेलपत्र की प्रदर्शनी लगाई जाती है। प्रदर्शनी में पुरोहित समाज के ही लोग हिस्सा लेते हैं। यह प्रदर्शनी बांग्ला पंचांग के मुताबिक, सावन माह में संक्रांति के बाद हर सोमवार की शाम मंदिर परिसर में लगती है। इन बेलपत्रों को इकट्ठा कर चांदी के थाल में चिपकाया जाता है जिसके बाद विभिन्न बेलपत्र समाज अपने-अपने गंतव्य स्थान से ढोल बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण करते मंदिर पहुंचते हैं।

# एयरगन की ट्रायल में चली गोली से नालंदा का युवक घायल

**नवबिहार आइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में बासुकीनाथ श्रावणी मेला में एयरगन (चिड़ीमार राइफल) खरीदने के दौरान ट्रायल में चली गोली से एक कांवरिया घायल हो गया। घायल की पहचान बिहार के नालंदा जिले के निवासी पवनजीत पासवान के रूप में हुई है। घायल को उसके साथी बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए।

पवनजीत के साथी बृजेश कुमार ने बताया कि पूजा अर्चना करने के पश्चात बासुकीनाथ नागनाथ चौक में तलवार एवं नकली बंदूक (एयरगन) की दुकान में एयर गन देख रहे थे। एयरगन में पहले से धातु की गोली डाली हुई थी।

इस बात से दुकानदार अनजान था। दुकानदार करण मंडल के छोटे भाई ने ट्रिगर दबाया तो फायर हो गया। गोली पवनजीत पासवान के गर्दन में जा अटकी। जिससे पवनजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद दुकान में खलबली मच गई।

## पटना रेफर

आनन फानन में घायल कांवरिया को उसके साथी पुलिसकर्मियों की मदद से जरमुंडी सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी प्राथमिक चिकित्सा करने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया।

यहां पर गोली नहीं निकल पाने की वजह से साथी उसे बेहतर चिकित्सा के लिए पटना ले गए हैं। ब्रजेश पासवान ने बताया कि चिकित्सक ने आश्वस्त किया है कि आपरेशन के बाद गले में अटकी गोली निकाल दी जाएगी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एयरगन बेच रहे दुकानदार करण मंडल को हिरासत में लिया है। एसडीपीओ नवल किशोर सिंह ने बताया कि घटना को देखते हुए मेला क्षेत्र में इस तरह के सभी दुकानों को बंद कराने का निर्देश दिया गया है। एयरगन को जब्त कर लिया गया है।

## मिलावटी पेट्रोल-डीजल फैक्टरी का भंडाफोड़

**जमुई।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल के आदेश पर चकाई एवं चिहरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परांची पंचायत के गादी में अवैध रूप से मिलावटी पेट्रोल-डीजल बनाए जाने का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में चकाई थाना में चार लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया। बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुलिस अधीक्षक को इलाके में अवैध रूप से डीजल व पेट्रोल कारोबार के बारे में सूचना दी गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार चकाई थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार तथा चिहरा थानाध्यक्ष रिंकू रजक के नेतृत्व में गादी गांव में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान चार अलग-अलग घरों से कुल 14 ड्रम एवं 2 जार बरामद किए गए। बरामद सामग्री में 220 लीटर क्षमता वाले 9 ड्रम एवं 60-40 लीटर के 2 जार में मिलावटी पेट्रोल, 3 ड्रम में मिलावटी डीजल तथा 2 ड्रम में थिनर पाया गया।

# लगातार हो रही बारिश से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पिछले 24 घंटे से रांची समेत आसपास के जिलों में रुक रुककर लगातार वषार्पात हो रहा है। जिससे मौसम सुहाना हो गया है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड व पड़ोसी राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। यह स्थिति पिछले 24 घंटे से निरंतर बनी हुई है। इस वषार्पात का सबसे अधिक लाभ झारखंड के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार के किसानों को मिलने की संभावना है। इन जिलों में अन्य जिलों की अपेक्षा कम वषार्पात हुआ है।

लगातार हो रही वर्षा के बाद किसान खेतों की ओर लौटने लगे हैं और अब पछात ही सही कम से कम किसानी को बल अवश्य मिलेगा। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि इस सकुर्लेशन का असर अगले दो दिनों तक बने रहने की संभावना है।

गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों एवं आसपास के क्षेत्रों के ऊपर स्थित अवदाब पिछले 6 घंटों के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। 18 अगस्त को झारखंड तथा उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों के ऊपर निकटवर्ती क्षेत्रों में केंद्रित रहा।

यह रांची से लगभग 100 किमी उत्तर-पूर्व, गयाजी (बिहार) से 160 किमी दक्षिण-पूर्व, डाल्टनगंज (झारखंड) से 210 किमी पूर्व, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) से 300 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व तथा वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से 380 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में स्थित था।

इसके अगले 24 घंटों के दौरान झारखंड तथा बिहार के ऊपर से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते रहने की पूरी संभावना है। राजधानी रांची में कई जगह बारिश से जलजमाव की स्थिति है।

# मरीजों को परोसा गया बासी खाना, जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मिहिजाम।** चित्तरंजन स्थित कस्तूरबा गांधी अस्पताल (के. जी. अस्पताल) में रविवार को मरीजों को दोपहर के भोजन में कथित तौर पर बासी और दुर्गंधयुक्त चावल परोसे जाने का मामला सामने आया है।

भोजन से तेज गंध आने के कारण कई मरीजों ने खाना खाने से इनकार कर दिया। घटना को लेकर अस्पताल के महिला वार्ड-1 और महिला वार्ड-2 सहित अन्य वार्डों के मरीजों में नाराजगी देखी गई।

मरीजों का आरोप है कि बीमारी की स्थिति में अस्पताल में भर्ती लोगों को गुणवत्तापूर्ण और ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिए, लेकिन रविवार को परोसे गए भोजन से दुर्गंध आ रही थी।

इससे मरीजों ने भोजन को हाथ तक नहीं लगाया। उनका कहना है कि इस प्रकार का भोजन मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

मामले को लेकर अजय कुमार महतो सहित रुकमिणी चटर्जी, सावित्री देवी, कल्याणी कुंडू, सबिता दास, टियामोनी दे, चुन्नू देवी, उषा रानी पंडित, कंचन देवी और सोनिया बाउरी सहित अन्य मरीजों के नाम शामिल हैं।

मरीजों की ओर से लिखित शिकायत की गई। शिकायत में मरीजों ने अस्पताल में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने, भोजन व्यवस्था में सुधार करने तथा कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों और भोजन आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## डाक विभाग ने उपलब्ध करायी वाटरपूफ्र लिफाफा

साहिबगंज। रक्षाबंधन पर दूर रहने वाले भाइयों तक राखी सुरक्षित पहुंचाने के लिए डाक विभाग ने विशेष तैयारी की है। बारिश के मौसम को देखते हुए डाकघरों में 10 रुपये की कीमत वाले वाटरप्रूफ लिफाफे उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें राखी भेजने पर उसके भीगने या खराब होने की चिंता नहीं रहेगी। बरहड़वा उप डाकघर में अगस्त की शुरूआत से अब तक 200 से अधिक राखियां बुक कराई जा चुकी हैं।

नगर के वार्ड चार स्थित बरहड़वा उप डाकघर के पोस्टमास्टर सिमोन हांसदा ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर राखियों की बुकिंग शुरू हो गई है और प्रतिदिन लोग राखी भेजने के लिए पहुंच रहे हैं। बारिश के दौरान सामान्य लिफाफे के भीगने से राखी खराब होने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए विभाग ने वाटरप्रूफ लिफाफे उपलब्ध कराए हैं। इनमें राखी रखकर देश के किसी भी हिस्से में भेजी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि सावन शुरू होते ही विशेष लिफाफों की मांग बढ़ जाती है। बरहड़वा उप डाकघर में भी इसकी मांग बनी हुई है। कोई भी व्यक्ति नजदीकी डाकघर से महज 10 रुपये में वाटरप्रूफ लिफाफा खरीदकर राखी भेज सकता है। डाककर्मियों ने लोगों से रक्षाबंधन से चार-पांच दिन पहले राखी की बुकिंग कराने की अपील की है, ताकि वह समय पर गंतव्य तक पहुंच सके। सोमवार को राखी की बुकिंग कराने पहुंचे कमलाकांत कुशवाहा ने बताया कि बारिश में राखी भेजते समय उसके भीगने की चिंता रहती थी। वाटरप्रूफ लिफाफे की सुविधा से यह परेशानी दूर हो गई है।

कम कीमत में राखी सुरक्षित भेजने की सुविधा डाक विभाग की अच्छी पहल है।

# कुएं में गिरे दो हाथियों का वन विभाग किया रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोला।** रामगढ़ जिले में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड ने दो महिलाओं की जान ले लिया। एक को घायल कर दिया है।

पूरे दिन पर हाथियों का झुंड दर्जनों गांवों में उत्पात मचाते हुए समीप के गोला वन क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद गोला प्रखंड के नया सिरका गांव में सोमवार की देर रात करीब दो बजे झुंड में से दो हाथी खेत के एक कच्चे कुएं में गिर गए।

इनमें एक हाथी का बच्चा भी शामिल था। रात में कुएं से हाथियों की दहाड़ सुनाई देने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम देर रात को ही वहां पहुंची और हाथियों को बाहर निकालने के प्रयास में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद विभाग ने जेसीबी की मदद से कुएं तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया।

इसके बाद दोनों हाथियों को मंगलवार की अल सुबह को सुरक्षित तरीके से कुएं से बाहर निकाला गया। कच्चा कुआं होने के कारण हाथियों को किसी तरह की गंभीर चोट नहीं लगी।



बाहर निकलने के बाद दोनों हाथी जंगल की ओर चले गए। वनरक्षी नीलेश पोद्दार ने बताया कि खोखा जंगल में इन दिनों 21 जंगली हाथियों का झुंड जमा हुआ है। इसी झुंड में शामिल दो हाथी रास्ता भटककर कुएं में गिर गए थे।

विभाग की तत्परता से दोनों हाथियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर वन विभाग लगातार नजर रख रहा है। इसके अलावा हेसल जंगल में भी दो जंगली हाथियों के डेरा डाले होने की जानकारी मिली है।

हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। ग्रामीणों को रात के समय जंगल और हाथियों के संभावित विचरण वाले क्षेत्रों में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## बैठक में अनियमितता का आरोप

**जमालपुर।** जमालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सोमवार को हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में गंभीर आरोपों से हड़कंप मच रहा। आठ महीने पूर्व गठित समिति की पहली बैठक प्रखंड कार्यालय में बीडीओ श्वेता कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आशा बहाली से लेकर रोगी कल्याण समिति के फंड तक में कथित अनियमितता का मामला उठाया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक पासवान और स्वास्थ्य प्रबंधक शिव प्रकाश पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आशा बहाली में 60 हजार से एक लाख रुपये तक वसूली किए जाने की शिकायत सामने आई है।



# भारत ने दिया 372 रनों का लक्ष्य, श्रीलंका 47 पर 4 विकेट

## भारत की दूसरी पारी 193 रनों पर सिमटी

**गॉल (एजेंसी)।** श्रीलंका ने गॉल टेस्ट के चौथे दिन भारत की दूसरी पारी को 193 रनों पर समेट दिया है. जिसकी वजह से अब उन्हें ये मैच जीतने के लिए 372 रन बनाने होंगे. भारत की तरफ से दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए. जबकि पडिक्कल ने 44 और केएल राहुल ने 35 रनों का योगदान दिया. इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका. वहीं श्रीलंका की तरफ से असिथा फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने कुल 4 विकेट लिए. इसके अलावा प्रभात जयसूर्या ने तीन विकेट हासिल किया. जबकि लहिरू कुमार को दो विकेट और केशरा को एक विकेट मिला. भारत को पहली पारी में 178 रनों की बड़ी बढ़त मिली थी. मेजबान टीम ने पहली पारी में 284 रन बनाए थे जबकि भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे।

**श्रीलंका की खराब शुरुआत** – 372 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने अपना पहला विकेट 13 के स्कोर पर खो दिया है. निशान मदुष्का 27 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुए. उनको मोहम्मद सिराज ने प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच आउट कराया. इसके बाद दाएं हाथ से बल्लेबाज पसिंदु सोरियाबंडारा क्रीज पर आए, जिनको चांडीमल की जगह कन्कशन के तौर पर रिप्लेस किया गया था. ये सोरियाबंदरा का पहला टेस्ट मैच है. लेकिन वो ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके और शून्य पर आउट हो गए. उनको मानव सुथार ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. इसके साथ श्रीलंका ने 14 के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट भी खो दिया।

### श्रीलंका को लगा बड़ा झटका, चंडीमल को ले जाया गया अस्पताल, फील्डिंग के दौरान हुए थे चोटिल

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को एक बड़ा झटका लगा, जब उनका अनुभवी बल्लेबाज दिनेश चंडीमल फील्डिंग के दौरान कंधे और गर्दन में गंभीर चोट आई, जिसकी वजह से उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा.



इसके बाद चंडीमल को स्कैन के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, मैदान पर टीम के फिजियोथेरेपिस्ट और डॉक्टर ने उनकी जांच की और एहतियात के तौर पर स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया है. साथ ही कहा कि स्कैन के नतीजे आने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी। जब भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप शॉट खेला, जहां चंडीमल बाईं ओर से दौड़कर आए और बाउंड्री रोकने के प्रयास में डाइव करते हुए गेंद को रोक दिया. डाइव करते समय उनके शरीर का पूरा वजन उनकी गर्दन पर आ गया. मैच के दौरान

# विश्व कप हॉकी में आज पाकिस्तान पर जीत का सिलसिला कायम रखने उतरेगा भारत

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) (एजेंसी)।** पिछले एक दशक से पाकिस्तान से नहीं हारी भारतीय टीम को एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर में प्रवेश के लिए अपने डिफेंस को दुरूस्त करते हुए बुधवार को होने वाले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी को हराना होगा या कम से कम ड्रॉ खेलना होगा। पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ भारत को डिफेंस की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा।

**पूल डी में टीमों की स्थिति** – पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद आखिरी दो क्वार्टर में लचर डिफेंस के कारण भारत को 2-4 से पराजय झेलनी पड़ी। अब पूल डी में इंग्लैंड दोनों मैच जीत कर शीर्ष पर रहकर दूसरे दौर में पहुंच चुका है। वहीं भारत के एक जीत और एक हार के बाद तीन अंक है जबकि इंग्लैंड से 1-4 से हारने और वेल्स से 3-3 से ड्रॉ के बाद पाकिस्तान एक अंक लेकर तीसरे और वेल्स एक हार, एक ड्रॉ के साथ एक अंक लेकर चौथे स्थान पर है।

**दूसरे दौर में बिना अंक के प्रवेश करेगा भारत!** – पाकिस्तान अगर हारता है तो बाहर हो जाएगा जबकि वेल्स को अगले दौर में जाने के लिए इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा क्योंकि भारत का गोल औसत उससे बेहतर है। अगर भारत दूसरे दौर में जाता है तो इस पूल से उसके कोई अंक आगे नहीं जाएंगे जबकि भारत को हराने के कारण इंग्लैंड तीन अंक लेकर जाएगा। आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारत और चार बार की विश्व कप विजेता पाकिस्तान के बीच भले ही मैदानी प्रतिद्वंद्विता का गौरवशाली इतिहास रहा हो लेकिन एशियाई दिग्गजों के बीच पिछले लगभग सभी मुकाबले बेमेल रहने से वह रोमांच खत्म हो गया है।

**भारत का पाकिस्तान पर पलड़ा भारी** – मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी लग रहा है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच सिर्फ कौशल का नहीं होता, खिलाड़ियों को जज्बात पर काबू रखकर भी खेलना होगा। भारतीय टीम ने हालांकि विश्व कप से ठीक पहले लंदन में प्रो लीग के यूरोप चरण में पाकिस्तान पर 7-1 और 4-3 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तानी टीम ने आखिरी बाद भारत को 2016 चैम्पियंस ट्रॉफी में हराया था। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन ग्राफ में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। भारतीय टीम लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी है जबकि विश्व कप की सबसे सफल टीम रही चार बार की चैम्पियन पाकिस्तान टूर्नामेंट में आठ साल बाद लौटी है। एफआईएच प्रो लीग में सारे मैच हारकर आखिरी स्थान पर रही थी और टूर्नामेंट से ठीक पहले कोच हरमान क्रूस के लौट जाने से तैयारियों पर भी असर पड़ा है।

### दूसरे दौर में प्रवेश पर नजर



### विश्व कप में आखिरी मुकाबला 2010 में हुआ

पाकिस्तान और भारत के बीच विश्व कप में आखिरी मुकाबला 2010 में दिल्ली में हुआ था जब राजपाल सिंह की कप्तानी वाली मेजबान टीम ने 4–1 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद पाकिस्तान 2014 और 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका और 2018 में दोनों टीमों का सामना नहीं हुआ। पाकिस्तान के कप्तान अबु बकर महमूद और अम्माद बट ही मौजूदा टीम में दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले विश्व कप खेला है। कप्तान अबु बकर ने अच्छे प्रदर्शन का यकीन जताते हुए कहा, भारत और पाकिस्तान के मुकाबले में रैंकिंग या पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखता।

## पहले क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कॉर्नर देने से बचें, समीउल्लाह खान की पाक टीम को सलाह



भारत के खिलाफ एफआईएच हॉकी विश्व कप के अहम पूल मुकाबले से पहले पाकिस्तान के महान खिलाड़ी और मौजूदा मुख्य चयनकर्ता समीउल्लाह खान ने अपनी टीम को खास सलाह दी है। दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने पाकिस्तानी टीम से कहा है कि उसे भारत के खिलाफ पहले क्वार्टर में किसी भी तरह का पेनल्टी कॉर्नर नहीं देना चाहिए और अपनी रक्षापंक्ति को बेहद मजबूत रखना होगा। अपने खेल के दिनों में अपनी तेज रफ्तार के कारण फ्लाइंग हॉर्स के नाम से मशहूर समीउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान को शुरुआत से ही डिफेंस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा, मैं पाकिस्तानी कप्तान से यही कहना चाहूंगा कि अपना डिफेंस मजबूत रखें और भारत को पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर कतई न दें। उन्होंने मिडफील्डरों को पीछे पास करने के बजाय आक्रामक रवैया अपनाने की सलाह दी। उनके मुताबिक मिडफील्ड से गेंद को आगे ले जाकर गोल की दिशा में खेलना होगा, जबकि फॉरवर्ड खिलाड़ियों को डायगनल और इंटरचेंज पास के जरिए भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश करनी होगी।

## भारतीय टीम को वर्ल्ड कप जीताने वाले अजीत पाल सिंह की सलाह, दबाव के बारे में भूल जाओ



भारत को पुरुषों का एकमात्र हॉकी वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के आधे सदी से भी ज्यादा समय के बाद अजीत पाल सिंह के पास मौजूदा टीम के लिए एक आसान सलाह है, दबाव के बारे में भूल जाओ। 79 वर्षीय अजीत पाल सिंह, जिन्होंने 1975 में कुआलालंपुर में भारत को एकमात्र वर्ल्ड कप खिताब दिलाया था, का मानना है कि हरमनप्रीत सिंह और उनकी टीम को देश का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी को अपनाना चाहिए, बिना इस बात की चिंता किए कि उम्मीदें उनके खेल पर हावी हो जाएं। अजीत पाल सिंह ने कहा, 'उन्हें दबाव के बारे में भूल जाना चाहिए। उस स्तर पर, वे जानते हैं कि वे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हॉकी प्रेमी उनसे अच्छे नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन उन्हें उस दबाव को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए। उन्हें असल खेल पर ध्यान देना चाहिए, मैच पर फोकस करना चाहिए और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी चाहिए।' अजीत पाल सिंह के लिए दबाव से निपटना सिर्फ एक हिस्सा है। उनका मानना है कि एक सफल हॉकी टीम की नींव सामूहिक जिम्मेदारी होती है।

# नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2025 का हुआ ऐलान

## दिव्या देशमुख समेत 17 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन अवॉर्ड, खेल रत्न किसी को नहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में हर साल शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स से सम्मानित किया जाता है. इसी क्रम में खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2025 का ऐलान 18 अगस्त 2026 को किया।

खास बात ये है कि इस बार किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न अवॉर्ड नहीं दिया गया है. यह केवल तीसरी बार है जब किसी भी खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित नहीं किया गया है. इससे पहले 2008 और 2014 में भी ऐसा ही हुआ था। वहीं, 20 वर्षीय शतरंज की खिलाड़ी दिव्या देशमुख समेत 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया है. जिसमें कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है. इसके अलावा पांच कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

भारत के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली सिलेक्शन कमिटी की सिफारिशों के आधार पर, सरकार ने अलग-अलग कैटेगरी में खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को अवॉर्ड देने का फैसला किया है।

अर्जुन अवॉर्ड उन खिलाड़ियों को दिया जाता है जिन्होंने पिछले चार सालों में खेल के मैदान में लीडरशिप, स्पोर्ट्समैनशिप और अनुशासन का



प्रदर्शन किया है। अर्जुन अवॉर्ड पाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में हाई जम्पर और डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर, स्प्रिंटर मोहम्मद अजमल वी. और प्रियंका गोस्वामी, बैडमिंटन खिलाड़ी ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती और दिव्या देशमुख, हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी और राजकुमार पाल और शूटर अखिल श्योराण शामिल हैं।

**अरुमईनायगम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** – 1962 के एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय फुटबॉल टीम का हिस्सा रहे अरुमईनायगम को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए अर्जुन अवॉर्ड दिया गया है।

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड** – द्रोणाचार्य अवॉर्ड उन कोचों को दिया जाता है जो अपने खेल के क्षेत्र में बेहतरीन काम करते हैं और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करते हैं।

### अर्जुन अवार्ड विनर्स की लिस्ट

तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स)
मुहम्मद अजमल वी (एथलेटिक्स)
प्रियंका गोस्वामी (एथलेटिक्स)
ट्रीसा जॉली (बैडमिंटन)
पुलेला गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन)
नरेंद्र बेरवाल (मुक्केबाजी)
विदित संतोष गुजराती (शतरंज)
दिव्या जीतेन्द्र देशमुख (शतरंज)
धनुष श्रीकांत (पैरा शूटिंग)
लालरेम्सियामी (हॉकी)
राजकुमार पाल (हॉकी)
सुरजीत (कबड्डी)
पूजा (कबड्डी)
रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा-शूटिंग)
एकता भ्याण (पैरा-एथलेटिक्स)
अरविन्द सिंह (रोइंग)
अखिल श्योराण (शूटिंग)

### बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप

## उन्नति हुड्डा ने डेब्यू पर दर्ज की शानदार जीत, रोहन-रुथविका पहले दौर में बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की युवा बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा ने मंगलवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। डेब्यू मुकाबले में उन्नति ने म्यांमार की थेत ह्तार थुजार को सीधे गेमों में 22-20, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। उन्नति और थुजार ने लगातार अंक बटोरे और किसी भी खिलाड़ी को बड़ी बढ़त नहीं लेने दी। 21 मिनट तक चले रोमांचक गेम में उन्नति ने दबाव के बीच धैर्य बनाए रखा और 22-20 से पहला गेम अपने नाम किया।




दूसरे गेम में भारतीय शटलर ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्नति ने एक समय 11-1 की बड़ी बढ़त बना ली। हालांकि थुजार ने वापसी करते हुए अंतर को 20-16 तक कम किया, लेकिन उन्नति ने अपना संयम नहीं खोया और लगातार बेहतर खेल दिखाते हुए गेम 21-16 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब उनका सामना कनाडा की 13वीं वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा।

दूसरी ओर, मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी को कनाडा के जोनाथन लाई और क्रिस्टल लाई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप अभियान शुरुआती दौर में ही समाप्त हो गया। भारत के लिए मंगलवार को कई और अहम मुकाबले होने हैं। लक्ष्य सेन पुरुष एकल के पहले दौर में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से भिड़ेंगे। वहीं, अशित सूर्य और अमृता प्रमुथेश की जोड़ी का सामना तुर्की के एमरे सोनेमेज और यासेमेन बेक्टास से होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी डेविड वॉर्नर दोषी करार, कोर्ट ने सुनाई दो सजा

**सिडनी(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को शराब पीकर गाड़ी चलाने का दोषी पाया गया है. जिसकी वजह से कोर्ट ने उन पर जुर्माना लगाने के साथ साथ उन्हें गाड़ी चलाने के लिए इंटरलॉक डिवाइस का इस्तेमाल करना का भी आदेश दिया। सिडनी की एक अदालत ने डेविड वॉर्नर के अपना गुनाह कबूल करने के बाद उन्हें सजा सुनाई है. वॉर्नर पर 1,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1,01,912 इंडियन रुपये) का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि 5 अप्रैल को सिडनी के पूर्वी इलाके में सड़क किनारे हो रहे रैंडम ब्रेथ टेस्ट में वॉर्नर पर कानूनी सीमा से दोगुने से ज्यादा अल्कोहल पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगा था. पिछले महीने, वॉर्नर ने सिडनी की अदालत में ड्रिंक-ड्राइविंग के आरोप को स्वीकार भी कर लिया था।कोर्ट में सुनवाई के दौरान डेविड वॉर्नर के वकील ओवैस अहमद ने अदालत से उन्हें दोषी न ठहराने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि वॉर्नर की गलती को दुनिया भर के मीडिया ने कवर किया था, जिससे उनके फाइनेंशियल कॉन्ट्रैक्ट्स को नुकसान पहुंचा है।



वॉर्नर को तब गिरफ्तार किया गया था जब वह पाकिस्तान से ईस्टर की छुट्टी पर घर लौट रहे थे. पाकिस्तान में उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स की कप्तानी की थी. हालांकि, आरोप लगने के बाद वह अपना पीएसएल अभियान जारी रखने के लिए पाकिस्तान लौट गए थे। अवैस ने अपराध की मामूली प्रकृति को देखते हुए वॉर्नर की गिरफ्तारी के बारे में प्रेस रिलीज जारी करने के पुलिस के फैसले पर भी सवाल उठाए. वकील ने कहा, इसके बाद मीडिया की तरफ से बहुत ज्यादा आलोचना हुई। जज क्लेयर फार्नन ने कहा कि वॉर्नर और उनकी पत्नी कैंडिस वॉर्नर के बारे में सोशल मीडिया पर क्रूर टिप्पणियां किए जाने के सबूत थे. लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें दोषी ठहराने के फैसले में सबसे अहम बात लोगों को शराब पीकर गाड़ी चलाने से रोकना था, और अपराध इसलिए और गंभीर हो गया क्योंकि उस समय कार में बच्चे भी मौजूद थे। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, अब डेविड वॉर्नर को गाड़ी चलाने के लिए इंटरलॉक डिवाइस का इस्तेमाल करना होगा. वह अब इंटरलॉक डिवाइस का लाइसेंस लेने और गाड़ी में डिवाइस लगवाने के बाद ही गाड़ी चला सकेंगे।

# सिनसिनाटी ओपन : 19 साल के स्पेनिश स्टार जोदर चौथे दौर में पहुंचे, अल्काराज और शेल्टन की बराबरी

**मेसन, ओहायो (एजेंसी)।** 19 वर्षीय स्पेनिश टेनिस स्टार जोदर ने सिनसिनाटी ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए एलेजांद्रो टैबिलो को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बना ली। इस जीत के साथ उन्होंने इस दशक में सिनसिनाटी के राउंड ऑफ-16 में पहुंचने वाले कार्लोस अल्काराज और बेन शेल्टन जैसे खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया।

**खराब शुरुआत के बाद जोदर ने दिखाया दम** – जोदर ने अपने शुरुआती मुकाबले में डेनिस शापोवालोव के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए मैच प्वाइंट बचाया था। निर्णायक सेट में वह 1-5 से पिछड़ रहे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया था। इस जीत ने जोदर का आत्मविश्वास बढ़ाया और टैबिलो के खिलाफ उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। स्पेनिश खिलाड़ी ने सिर्फ 75 मिनट में मुकाबला खत्म किया और कुल 26 विनर्स लगाए। टैबिलो के खिलाफ यह जोदर की लगातार दूसरी जीत भी रही। इससे उनकी इस खिलाड़ी के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-1 हो गया। इससे पहले उन्होंने करीब 15 दिन पहले वॉशिंगटन में भी चिली के इस खिलाड़ी को हराया था।

**'शापोवालोव के खिलाफ जीत से मिला आत्मविश्वास'** – जोदर ने मैच के बाद अपनी शानदार वापसी का जिक्र करते हुए कहा कि शापोवालोव के खिलाफ मुकाबले ने उन्हें काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने कहा कि उस मैच में उन्होंने खुद को अपनी सीमा तक धकेला और जीत हासिल करने के लिए काफी मेहनत की। जोदर ने यह भी माना कि भले ही टैबिलो के खिलाफ स्कोरलाइन आसान नजर आ रही हो, लेकिन मुकाबला बिल्कुल आसान नहीं था।



**एक साल में टॉप-500 से टॉप-11 तक का सफर** – जोदर के लिए 2026 का सीजन बेहद शानदार रहा है। पिछले साल अगस्त की शुरुआत में वह दुनिया के टॉप-500 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे, लेकिन एक साल के अंदर उन्होंने जबरदस्त छलांग लगाई है। 2026 में टूर स्तर पर 36 जीत दर्ज करने के बाद जोदर अब एटीपी रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच चुके हैं। वह अब टॉप-10 में जगह बनाने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। 6 फीट 3 इंच लंबे इस युवा खिलाड़ी ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में भी सातवां स्थान हासिल कर लिया है। वह अपने टूर करियर के शुरुआती दौर में ही प्रतिष्ठित निटो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बने हुए हैं।

**अगले दौर में फ्लेवियो कोबोली से भिड़ेंगे** – चौथे दौर में जोदर का सामना दुनिया के नंबर-10 खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली से होगा। इटली के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-5 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। कोबोली निर्णायक सेट में 3-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने लगातार चार गेम जीतकर मुकाबला पलट दिया। यह उनके करियर में चौथी बार है जब उन्होंने किसी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई है।

**लैंडालुस का सफर हुआ खत्म** – जोदर के साथी स्पेनिश खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस सिनसिनाटी ओपन के अंतिम-16 में जगह बनाने से चूक गए। उन्हें थियागो ऑगस्टिन टिरांटे ने लगातार दो टाई-ब्रेकर वाले मुकाबले में 7-6(5), 7-6(4) से हराया। टिरांटे ने इससे पहले नोवाक जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर किया था और अब उन्होंने लैंडालुस को भी मात देकर टूर्नामेंट में अपना शानदार अभियान जारी रखा है।

# कैंसर को मात देकर बैडमिंटन कोर्ट पर लौटे गुस्ताव ब्योर्कलर

**स्वीडन (एजेंसी)।** स्वीडन के बैडमिंटन खिलाड़ी गुस्ताव ब्योर्कलर के लिए विश्व चैंपियनशिप में खेलना सिर्फ एक टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं, बल्कि जिंदगी में दूसरी पारी की शुरुआत जैसा है। 2018 में रक्त कैंसर के एक प्रकार मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) से जूझने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट कराया। 2019 में कैंसर मुक्त घोषित होने के बाद पेशेवर बैडमिंटन में वापसी के लिए उन्हें लंबा और बेहद मुश्किल सफर तय करना पड़ा।

ब्योर्कलर ने बताया कि बीमारी के दौरान उनका वजन करीब 15 से 17 किलोग्राम कम हो गया था और शरीर में लगभग पूरी तरह मांसपेशियां खत्म हो गई थीं। उन्होंने कहा कि दोबारा शारीरिक ताकत हासिल करने में काफी समय लगा। हालांकि इस मुश्किल दौर ने उनके शरीर के साथ-साथ जिंदगी को देखने का नजरिया भी बदल दिया।

**बीमारी ने बदला जिंदगी को देखने का नजरिया** – ब्योर्कलर के मुताबिक कैंसर की लड़ाई का सबसे बड़ा असर मानसिक रूप से पड़ा। बीमारी से जूझने के बाद उन्होंने महसूस किया कि स्वस्थ रहकर सामान्य



जिंदगी जी पाना भी अपने आप में बड़ी खुशी है। इसी सोच ने उन्हें मुश्किल परिस्थितियों से आगे बढ़ने और हर मौके का अधिकतम फायदा उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कभी यह विश्वास नहीं खोया कि वह एक दिन फिर बैडमिंटन कोर्ट पर वापसी करेंगे। अब वह नहीं चाहते कि उनकी पहचान केवल कैंसर से जंग लड़ने वाले खिलाड़ी के तौर पर हो। उनके लिए वह कहानी जिंदगी का एक हिस्सा है, लेकिन उनकी असली पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की है जिसे बैडमिंटन खेलना पसंद है।

### बेहतर ट्रेनिंग के लिए कोपेनहेगन में रह रहे हैं

कैंसर से उबरने के बाद वापसी की चुनौतियों के बीच ब्योर्कलर के सामने स्वीडन में उच्च स्तर की ट्रेनिंग का माहौल तलाशना भी एक चुनौती थी। यूरोप के कुछ अन्य देशों की तुलना में स्वीडन में बैडमिंटन उतना लोकप्रिय नहीं है। इसी वजह से उन्होंने बेहतर ट्रेनिंग और अभ्यास के लिए डेनमार्क के कोपेनहेगन जाने का फैसला किया। ब्योर्कलर अब वहीं रहकर अभ्यास करते हैं और अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने थॉमस कप में स्वीडन का प्रतिनिधित्व भी किया है और चोउ टिएन चेन तथा एंडर्स एंटोनसन जैसे शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव हासिल किया है।

### विश्व चैंपियनशिप में अभियान खत्म, लेकिन लक्ष्य बड़ा

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में ब्योर्कलर का अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया, लेकिन उनके लिए टूर्नामेंट में वापसी करना ही बड़ी उपलब्धि है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से उबरने के बाद दुनिया के सबसे बड़े बैडमिंटन मंच तक पहुंचना उनके लंबे संघर्ष का परिणाम है।

# बी.एड., डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के विद्यालय आवंटन पर डीसी ने की समीक्षा

## पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने का निर्देश




**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के विद्यालय अवलोकन और अभ्यास पाठ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।

इसी क्रम में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की बैठक में जिले के विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में अध्ययनरत बी.एड. डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के लिए विद्यालय अवलोकन एवं अभ्यास पाठ हेतु विद्यालयों के चयन और आवंटन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं के लिए विद्यालय अवलोकन और अभ्यास पाठ उनके व्यावहारिक शिक्षण अनुभव का महत्वपूर्ण हिस्सा है उन्होंने कहा कि विद्यालय में जाकर प्रशिक्षण लेने से प्रशिक्षुओं को विद्यालयी वातावरण शिक्षण अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और कक्षा प्रबंधन को समझने का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। यह अनुभव भविष्य में उनके शिक्षक के रूप में कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा पारदर्शी तरीके से हो विद्यालयों का आवंटन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षुओं के लिए विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी सुव्यवस्थित और आवश्यकता के अनुरूप हो उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण का समान अवसर मिलना चाहिए उन्होंने विद्यालय अवलोकन एवं अभ्यास पाठ के दौरान प्रशिक्षुओं के शैक्षणिक अनुभव को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया साथ ही प्रशिक्षण संस्थानों और संबंधित विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया ताकि प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे अधिकारियों को प्रशिक्षुओं के विद्यालय आवंटन एवं प्रशिक्षण से जुड़े कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# उपायुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण, एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न

**● दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत पथ निर्माण एवं पथ चौड़ीकरण समेत अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि अधिग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान लंबित भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं रैयतों को समय पर मुआवजा भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन एवं ससमय मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वैसे रैयत जिनका मुआवजा भुगतान लंबित है, उन रैयतों से मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज समय पर प्राप्त कर कैम्प लगाकर शीघ्र मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि किसी भी पात्र रैयत को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। साथ ही भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान से जुड़े किसी भी मामले को लंबित न रखने तथा सभी प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गिरिडीह में जेपीएससी सीजीएल परीक्षा गड़बड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई

**● अभय तिवारी के भाई अक्षय और पत्नी से पूछताछ**

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड में जेपीएससी और जएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के बीच गिरिडीह से बड़ी खबर सामने आई है मामले में मुख्य आरोपी माने जा रहे अभय तिवारी के भाई अक्षय तिवारी और पत्नी सुषमा कुमारी से गिरिडीह पुलिस ने पूछताछ की है सामने आई जानकारी के अनुसार दोनों को पूछताछ के लिए पुलिस अपने साथ गिरिडीह लेकर आई दरअसल झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों की जांच सीआईडी कर रही है इसी जांच के दौरान अभय तिवारी का नाम प्रमुखता से सामने आया है सीआईडी की पूछताछ में अभय तिवारी ने कथित तौर पर जएसएससी-सीजीएल परीक्षा से पहले प्रश्न और उत्तर उपलब्ध होने की बात कही है हालांकि जांच एजेंसी ने इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है और पूरे मामले में साक्ष्यों का सत्यापन किया जा रहा है भाई और पत्नी के चयन को लेकर भी उठे सवाल जांच के दौरान अभय तिवारी के भाई अक्षय तिवारी और पत्नी सुषमा कुमारी की सरकारी नियुक्तियों को लेकर भी सवाल सामने आए हैं रिपोर्टों के मुताबिक दोनों का चयन जएसएससी -सीजीएल परीक्षा के माध्यम से हुआ था। अक्षय तिवारी के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग में तथा सुषमा कुमारी के निगरानी विभाग में कार्यरत होने की जानकारी सामने आई है अभय तिवारी के कथित बयान के आधार पर जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि परीक्षा में कथित गड़बड़ी का लाभ किन किन अभ्यर्थियों को मिला और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे जांच का एक अहम पहलू यह भी है कि क्या अभय तिवारी के परिवार के सदस्यों की नियुक्तियां किसी अवैध तरीके से प्रभावित हुई थीं या वे सामान्य प्रक्रिया के तहत चयनित हुए थे 15 अभ्यर्थियों से 12-12 लाख लेने का दावा पूछताछ के दौरान अभय तिवारी ने कथित तौर पर सितंबर 2024 में हुई जएसएससी- सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक होने का दावा किया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उसने बोकारो में करीब 15 अभ्यर्थियों से कथित रूप से 12-12 लाख रुपये लिए जाने और परीक्षा से पहले लगभग 65 सवाल जवाब रटवाए जाने की बात कही है।

# नशामुक्ति अभियान में युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

## ब्रह्माकुमारी केंद्र ने विभिन्न विद्यालयों में चलाया जागरूकता अभियान हजारों विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प




**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रह्मा कुमारी एवं सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी गिरिडीह केंद्र की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया अभियान के तहत सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल संत जोसेफ स्कूल होली क्रॉस बालिका उच्च विद्यालय पचंबा बीएसएम तथा उत्क्रमित विद्यालय सिहोडीह में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी की बहनों एवं भाइयों ने विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग खासकर लगातार गेमिंग और सोशल मीडिया में समय बिताना भी व्यक्ति की दिनचर्या और मानसिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है वक्ताओं ने कहा कि जैसे-जैसे भारत आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है वैसे-वैसे युवा पीढ़ी की ऊर्जा प्रतिभा और सकारात्मक सोच की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती जा रही है नशे से मुक्त युवा अपनी प्रतिभा और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई सभी ने स्वस्थ सकारात्मक एवं मूल्यनिष्ठ जीवन अपनाने परिवार में नशामुक्त वातावरण बनाने तथा मित्रों सहकर्मियों और समाज के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही नशामुक्त स्वस्थ जागरूक और विकसित भारत के निर्माण में सकारात्मक सहयोग करने की शपथ ली गई कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से राजयोग मेडिटेशन के महत्व की भी जानकारी दी गई वक्ताओं ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन आत्मबल आत्मसम्मान निर्णय क्षमता भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच को मजबूत करने में सहायक है अभियान के दौरान विभिन्न विद्यालयों के करीब हजारों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संबंधित विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा ब्रह्माकुमारी केंद्र की बहनों और भाइयों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मघा नक्षत्र की बारिश से धान रोपनी से जुड़े किसानों को राहत, पर नदियां अब भी प्यासी

## लोकाईन,भुतही, धोबा, महतमाईन, बाहा और कररुआ वरसाती नदियों में अबतक जलप्रवाह नहीं



**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की तीसरी सोमवारी को हुई अच्छी बारिश और मघा नक्षत्र के प्रवेश के साथ हुई रिमझिम फुहारों से क्षेत्र के किसानों की उम्मीदें बंधी हैं। धान के खेतों में अच्छी जलजमाव हुई है और फसल को नई संजीवनी मिली है।

प्रगतिशील किसान संघ से जुड़े पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार(चक्रज्जा), काजीबीघा के मिथिलेश कुमार, सरथुआ के सुनील कुमार, नागेंद्र पटेल, सतीश कुमार, पूर्व प्रमुख ब्रजेश किशोर सिन्हा, खरभैया के संत कुमार मुन्ना, कुंडली के बब्बन सिंह, शाहजहांपुर के झूलन सिंह, हसनपुर के रामनाथ सिंह, दनियावां के जगमोहन यादव, पीरबढौना के बीरेंद्र कुमार सिंह, किसान सलाहकार राजेश रंजन, शिव कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार ने बताया कि इस बारिश से धान रोपनी में काफी मदद मिली है। खेतों में यूरिया और पोटाश का प्रयोग किया जा रहा है।सूखे की संभावना से भी मुक्ति मिलने की उम्मीद हुई है। किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र की लोकाईन, भुतही, धोबा, महतमाईन और बाहा नदियां अब तक सूखी पड़ी हैं।इसका मुख्य कारण इसके उद्गम पौराणिक फल्गु नदी में भरपूर पानी न आना है जो कि झारखंड के कोडरमा और हजारीबाग के जंगलों में अच्छी बारिश होने पर निर्भर रहती हैं। इन वरसाती नदियों में उफान न आने पर, सूखे रहने से हमारे सभी पारंपरिक जलस्त्रोत - आहर, पईन, पोखर, तालाब,कुआँ सब सूख गए हैं। नदी के पानी से ही भुजलस्तर बढ़ता है और *इचना, पताशी, टेंगरा, चेलक्कर, भंकुरा जैसी लोकल मछलियों की आवाजाही होती है। नदी नहीं आने से इन मछलियों का स्वाद भी पिछले कई सालों से नसीब नहीं हो पा रहा,ऐसा सरथुआ के मुकेश कुमार,संजीव राणा,ई0 विक्कू रंजन, जीवनचक के मुकुल केवट,तोप के राजकमल और रणधीर कुमार ने नवविहार टाइम्स को बताया।

धान में कीटों का प्रकोप भी होने पर पिछले बार से ही ई कृषि भवन से समय पर कोई खास सहायता नहीं मिली थी ऐसा किसान संघ ने आरोप लगाया।दनियावां प्रखंड के 6 पंचायतों के 33 से अधिक राजस्व गांवों में 2400 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य लगभग पूरा हो चुका है।85 से 90 प्रतिशत रकवा में ज्यादातर धान की हाइब्रिड नस्लें रोपी गयीं है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र गौरव ने किसानों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।उन्होंने बताया कि किसान आवेदन देकर अपनी समसयाएं बताएं तो इसका निराकरण किया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी को भी किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया है। साथ ही लोकाईन के उद्गम स्थल उद्देरस्थान से बैराज के माध्यम से पानी छोड़वाने की व्यवस्था की जा रही है।किसानों को उम्मीद है कि आगे होने वाली बारिश और बैराज से पानी छूटने पर नदियां आएंगी और तब जाकर गांव के जलस्त्रोत फिर से जीवित होंगे।

# हरि मंदिर में श्रद्धा भाव से स्थापित की गई मां मनसा की प्रतिमा



**बोकारो, नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रानी पोखर क्षेत्र में आस्था और परंपरा की अनोखी मिसाल देखने को मिल रही है। यहां राय परिवार के घर में पिछले 100 वर्षों से लगातार मां मनसा की पूजा-अर्चना की जा रही है। राय परिवार के सदस्यों के अनुसार उनके घर में हर वर्ष मां मनसा देवी की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। यह परंपरा पिछले 100 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इस वर्ष भी राय परिवार ने मां मनसा की पूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ की। हरि मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना में परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया। वहीं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी पहुंचकर मां मनसा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। परिवार के सदस्यों ने मां मनसा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने व अपना आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। 100 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा रानी पोखर में सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बन चुकी है। नाग पंचमी के अवसर पर यहां प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालु मां मनसा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। इस धार्मिक आयोजन में विधु राय, देबू राय, मंटू राय, अजय राय, पप्पू राय, विनय कुमार राय, अरविंद राय, तुषार राय, गणपत राय सहित राय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नाला एवं जामताड़ा विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## अंतिम मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक



**जामताड़ा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को जामताड़ा जिले के नाला एवं जामताड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ से मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद प्राप्त दावे-आपत्तियों, बचे हुए पात्र भारतीय नागरिकों तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि केवल वैसे मतदाता, जिन्होंने एसआईआर के दौरान अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरा एवं जमा किया था उनका ही नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में प्रकाशित किया गया है। अगर कोई पात्र भारतीय नागरिक है लेकिन उनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं है अथवा वैसे पात्र भारतीय युवा जो अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करना चाहते है वे फॉर्म 6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपने बीएलओ को अवश्य जमा करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं के डिजिटाइज्ड किए गए इन्यूमरेशन फॉर्म ईआरओ स्तर से सत्यापन करने का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन, आवश्यकतानुसार दावा-आपत्ति एवं सुनवाई के उपरांत उन्हें अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

के. रवि कुमार ने बीएलओ एवं संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं होने वाले ऐसे सभी पात्र भारतीय नागरिकों को फॉर्म-6 एवं घोषणापत्र भरने की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करें। किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम केवल जानकारी के अभाव में मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे, इसके लिए क्षेत्र स्तर पर विशेष सतर्कता बरती जाए। के. रवि कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य शुद्ध, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची तैयार करना है। एक भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे तथा किसी भी विदेशी अथवा अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची से संबंधित बीएलओ के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इसके साथ साथ एक परिवार अथवा घर के सभी मतदाता एक ही मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध हो इस हेतु भी मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करते हुए उनसे फॉर्म 8 भरवाने का निदेश दिया। उन्होंने बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा दावा-आपत्ति की अवधि में पात्र मतदाताओं को आवश्यक फॉर्म एवं दस्तावेजों के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# 29 U¿fß¸ IYe Vf'^fdflfIY

## शिक्षा से कौशल, स्वास्थ्य, डिजिटल मीडिया और इंफ्रास्ट्रक्चर तक विस्तारित होगा गोल का विजन



**पटना, नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों से विद्यार्थियों के सपनों को सफलता में बदलने वाली प्रतिष्ठित संस्था गोल ने अपने फाउंडेशन डे के अवसर पर भविष्य की एक महत्वाकांक्षी और बहुआयामी यात्रा का शुभारंभ किया। गोल के चेयरमैन एवं डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह ने औपचारिक रूप से गोल ग्रुप का अनावरण करते हुए संस्था के विस्तार की नई रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर गोल की 29 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, विद्यार्थियों की उपलब्धियों, शिक्षकों के योगदान और भविष्य के विजन को रेखांकित किया गया। यह संदेश प्रमुखता से उभरा कि गोल अब केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली संस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, स्कूलिंग, आवासीय शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल ब्रॉडकास्टिंग, स्वास्थ्य सेवा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में एक संगठित समूह के रूप में अपनी भूमिका का विस्तार करेगा।

सीडीएम बिपिन कुमार सिंह ने गोल ग्रुप के अंतर्गत विकसित होने वाले विभिन्न वर्टिकल्स यथा गोल इंस्च्यूट मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी, गोल स्कूल आधुनिक शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, तकनीक और भविष्य-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए, गोल एजुकेशन भीलेज शिक्षा, आवास, अनुशासन, मेंटरिंग और शैक्षणिक वातावरण को एक ही परिसर में उपलब्ध कराने वाली आवासीय शिक्षा व्यवस्था, गोल स्कील सेन्टर युवाओं को रोजगारोन्मुख, तकनीकी, डिजिटल एवं आधुनिक कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में नई पहल, गोल डिजिटल ब्रोडकास्टिंग शिक्षा, ज्ञान, करियर मार्गदर्शन, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक सूचनाओं को डिजिटल माध्यमों से व्यापक स्तर तक पहुंचाने का मंच, गोल हेल्थ केयर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रस्तावित पहल, गोल इन्फ्रा शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों के लिए आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और भविष्य-केंद्रित आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में कार्य करने वाला नया वर्टिकल की घोषणा की। गोल के चेयरमैन एवं डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 29 वर्षों में हजारों परिवारों ने हम पर विश्वास किया और हमारे विद्यार्थियों ने देशभर में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। आज गोल ग्रुप हमारे लिए केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारियों के विस्तार का प्रतीक है।

हमारा लक्ष्य एक ऐसा संस्थागत इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां शिक्षा से लेकर कौशल, स्वास्थ्य, तकनीक, डिजिटल कम्युनिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर तक समाज की बदलती आवश्यकताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध हों।

गोल के अस्टिंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि गोल ने हमेशा समय के साथ स्वयं को बदला है, लेकिन अपने मूल मूल्यों-गुणवत्ता, अनुशासन, पारदर्शिता और विद्यार्थी हित-से कभी समझौता नहीं किया। गोल के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने कहा, भविष्य उन्हीं संस्थानों का है जो रिसर्च, डेटा, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को अपनी कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाते हैं। गोल ग्रुप के विस्तार में प्रत्येक क्षेत्र को रिसर्च और इनोवेशन आधारित बनाने पर विशेष जोर रहेगा।

C M Y K

# बोकारो में जुटेंगे देशभर के 900 से अधिक तीरंदाज आज से शुरू होगी राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता

**अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज  दीपिका कुमारी और अतनु दास ने मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में किया अभ्यास, युवा खिलाड़ियों को दिया सफलता का मंत्र**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-4 स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में 19 से 27 अगस्त तक दूसरी एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देशभर के 900 से अधिक पुरुष एवं महिला तीरंदाज हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। झारखंड तीरंदाजी संघ के नेतृत्व में बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष डॉ लम्बोदर महतो ने बताया, झारखंड तीरंदाजी संघ के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ी रिकर्व एवं कंपाउंड श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सीनियर वर्ग के मुकाबले 19 और 20 अगस्त को होंगे, जिसमें करीब 400 तीरंदाज हिस्सा लेंगे। वहीं जूनियर वर्ग के मुकाबले 22 और 23 अगस्त को होंगे, जिसमें 300 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। सब-जूनियर वर्ग में 25 और 26 अगस्त को करीब 200 तीरंदाज मुकाबला करेंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी और अतनु दास भी बोकारो पहुंचे हैं। दोनों ने मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में अभ्यास किया और युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। दीपिका कुमारी ने खिलाड़ियों से लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और नियमित अभ्यास करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी में सफलता एक दिन की मेहनत से नहीं मिलती। इसके लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास जरूरी है। दीपिका और अतनु दास ने बोकारो से अपने पुराने जुड़ाव को भी याद किया। करीब दस वर्ष बाद बोकारो लौटकर दोनों ने खुशी जताई और यहां आकर अच्छा लगने की बात कही। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता से बोकारो में तीरंदाजी को बढ़ावा मिलने के साथ युवा खिलाड़ियों को देश के दिग्गज तीरंदाजों से सीखने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा।

# हम आपको सुनते हैं लोक संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**उपायुक्त ने सुनवाई में प्राप्त 22 मामलों के त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 मामले प्राप्त हुए। इनमें भूमि संबंधी विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, बिजली, राशन कार्ड तथा अन्य जनहित से जुड़े मामले शामिल थे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लोक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस  अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता  सुनील चन्द्र, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, एडीडीएस सुचिता किरण, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटरवार में धूमधाम से मनाई गई मां मनसा पूजा

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नाग पंचमी एवं विषहरी देवी मां मनसा की पूजा पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कई मंदिरों में  17 एवं 18 को मनसा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न टोलों एवं मनसा मंदिरों में मां मनसा की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए गए। मनसा पूजा को लेकर बुंडू पंचायत के मनसा मंदिर आदर्श नगर केवट मोहल्ला , कुम्हार टोली, भेलवा टांड़, पेटरवार पंचायत के मुखिया टोला, खत्री टोला स्थित रजवार टोला एवं रजक टोला,सदमा कला पंचायत के बुढ़वा टांड़ तथा रघुनाथपुरम में विशेष रूप से प्रतिमाएं स्थापित कर भव्य पूजा-अर्चना की गई।पूजा के दौरान ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने जलाशयों से कलश यात्रा निकाली और मां मनसा  को भोग अर्पित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे दिन लोकोत्सव जैसा माहौल बना रहा। वहीं कई मनसा मंदिरों में रात को बतख, बकरा, कबूतर की बली दी गई। वहीं श्रद्धालुओं ने परिवार एवं क्षेत्र की सुख-शांति, अच्छी फसल तथा सर्पदंश से रक्षा की कामना करते हुए उपवास रखा और विशेष निशा पूजा में भाग लिया। वहीं, बुधवार को केवट - मल्लाह  में मां मनसा के सम्मान में माता रानी का भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



### बिग बाजार सहित 153 केंद्रों पर बना सकते हैं आधार कार्ड

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नागरिकों को आधार सेवाओं का निर्बाध और सुलभ लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आधार नामांकन एवं अपडेशन प्रक्रिया का व्यापक विस्तार किया गया है। अब जिलेवासी विभिन्न चिन्हित केंद्रों पर जाकर आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी  आदित्य रंजन ने बताया कि सरायढेला बिग बाजार के पास युनीविस्ता टावर सहित जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय, सभी ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी), पोस्ट ऑफिस, विभिन्न बैंक सहित कुल 153 आधार सेवा केंद्र संचालित है। जबकि जिला परिषद सहित धनबाद के 13, बाघमारा कम कतरास में 9, एगारकुंड में 6, बलियापुर, गोविंदपुर एवं टुंडी में चार-चार तथा कलियासोल, बाघमारा, तोपचांची निरसा एवं झरिया में तीन-तीन सहित जिले के कुल 55 प्रज्ञा केंद्रों (सीएससी) पर आधार कार्ड में सुधार की सुविधा दी गई है। आम नागरिक यहाँ अपने आधार में मोबाइल नंबर, पता और ईमेल आईडी आसानी से अपडेट करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिग बाजार के पास युनीविस्ता टावर के आधार सेवा केंद्र में दो मशीन और खरीदें गए हैं। यह शीघ्र शुरू हो जाएंगे। इससे कार्य और सरलता से संपन्न किया जा सकेगा। जानकारी के अभाव में बड़ी संख्या में लोग इस आधार सेवा केंद्र में पहुंचते हैं जबकि अन्य केंद्रों में भी आधार संबंधित सुविधा ले सकते हैं। उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी अधिकृत आधार केंद्र या सीएससी पर पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठाएं। साथ ही, जिन नागरिकों का मोबाइल नंबर या पता पुराना हो चुका है, वे इसे समय पर अपडेट करा लें ताकि सरकारी योजनाओं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो।



### धनबाद में पहली बार आयोजित होगी राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन जीवन ज्योति विशेष विद्यालय मे किया गया। जीवन ज्योति के सचिव  राजेश परकरिया ने सभी को  बताया कि धनबाद में पहली बार राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 21 से 23 अगस्त 2026 तक जीवन ज्योति संस्थान, बेकार बांध, धनबाद में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य कला प्रेमियों एवं आम नागरिकों को कला, रंग, भावनाओं और कहानी कहने की रचनात्मक अभिव्यक्ति से रूबरू कराना है। प्रदर्शनी में विभिन्न कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजकों ने बताया कि यह



प्रदर्शनी धनबाद के कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ आम लोगों में कला के प्रति रुचि और जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस कला प्रदर्शनी मे राँची, बनारस, हैदरबाद एंव कोलकता के आर्टिस्ट अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रमुख सदस्य**

-राजेश पारकेरिया दीपा गोयल  राजीव गोयल अपर्णा दास  आयोजकों ने धनबाद के सभी कला प्रेमियों, कलाकारों, विद्यार्थियों, कला एवं संस्कृति से जुड़े लोगों तथा आम नागरिकों से प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की। साथ ही शनिवार 22 अगस्त को धनबाद के कलाकारों के लिए एक आर्ट वर्कशॉप का भी आयोजन किया जायेगा।  यह प्रदर्शनी धनबाद में कला, रचनात्मकता और कहानी कहने की एक नई शुरूआत का प्रतीक बनेगी।

# अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, पुलिस एनकाउंटर में प्रिंस खान के 2 गुर्गे घायल, तीसरा फरार





**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ की बड़ी खबर सामने आई है। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के निरंकारी चौक के पास पुलिस की गोली से गैंगस्टर भगोड़ा प्रिंस खान के दो गुर्गे घायल हुए हैं, जबकि तीसरा मौके से फरार होने में सफल रहा। दोनों अपराधी पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं। यह घटना बीती रात करीब 11 बजे निरंकारी चौक के पास हुई, जब आरोपी किसी व्यवसायी से लेवी वसूलने जा रहे थे। घायल दोनों गुर्गों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान वासेपुर के नूरी रोड मस्जिद के पास रहने वाले इरफान अंसारी उर्फ टुन्ना और पुटकी निवासी नाजिर अंसारी उर्फ नन्हे के रूप में हुई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, बरवाअड्डा पुलिस को जानकारी मिली कि प्रिंस खान के गुर्गे किसी जमीन कारोबारी से रंगदारी की रकम वसूलने के लिए पहुंच रहे हैं। बरवाअड्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी उनकी तलाश में जुटी थी। इस बीच निरंकारी चौक के पास बाइक पर बैठकर तीन लड़कों को जाते देखा गया। पुलिस को संदेह हुआ तो तीनों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस की सक्रियता देख बाइक सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। आनन-फानन में भागने के दौरान प्रिंस खान के गुर्गों की बाइक पेट्रोलिंग वाहन से टकरा गई। तीनों फायरिंग की आड़ में भागने का प्रयास करने लगे। इस बीच पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इरफान और नाजिर उर्फ नन्हे के पैर में गोली लग गई, जबकि तीसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। दोनों अपराधी बाइक (जेएच 10 डीके 7487) पर सवार थे। घटना के बाद मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, मुख्यालय-1 डीएसपी कुमार विनोद समेत धनबाद और बरवाअड्डा थाना की टीम घटनास्थल पर पहुंची, इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। मौके से हथियार, मोबाइल फोन और बाइक बरामद की गई है। पुलिस फरार तीसरे अपराधी की तलाश में जुटी है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि घटना के वक्त प्रिंस खान का बड़ा भाई गोपी खान गुर्गों से मोबाइल पर बात कर रहा था। पुलिस ने घायलों के मोबाइल जब्त किए हैं। घटनास्थल पर अपराधियों की बाइक के बगल में शूटरों के हथियार भी गिरे मिले हैं। घटना की जानकारी पर रांची से फॉरेंसिक एंड साइंस लैब की टीम धनबाद के लिए रवाना हो गई है। एफएसएल की टीम घटना स्थल का जायजा लेगी। इधर, मौके से फरार तीसरे अपराधी की जानकारी के आधार पर पुलिस सघन छापेमारी कर रही है।

# गुणवत्ता सुधार एवं नवाचार की दिशा में बीएसएल की 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में 'डायरेक्टर-इन-चार्ज क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी 2026'  का आयोजन किया गया। प्लांट स्तर पर आयोजित क्वालिटी सर्किल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में यह दूसरी प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में बीएसएल के विभिन्न विभागों की कुल 28 क्वालिटी सर्किल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी टीमों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में किए गए अभिनव सुधार कार्यों, समस्या-समाधान की क्षमता और निरंतर सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सभी टीमों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के दौरान टीमों ने कार्यस्थल की समस्याओं की पहचान, उनके मूल कारणों का विश्लेषण तथा प्रभावी एवं टिकाऊ समाधान लागू करने की अपनी व्यवस्थित कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया। प्रत्येक टीम का प्रयास यह दशार्ता है कि हमारे कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में सुधार के नए अवसरों की पहचान करने और उन्हें प्रभावी समाधान में बदलने के लिए कितने सजग एवं प्रतिबद्ध हैं। प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित 'मॉडल प्रतियोगिता' में भी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्वालिटी सर्किल टीमों द्वारा विकसित बेहतर प्रक्रियाओं एवं सुधार पहलों को प्रदर्शित किया। इस गतिविधि ने टीमों की व्यावहारिक क्षमता के साथ-साथ क्वालिटी सर्किल की अवधारणाओं की उनकी समझ एवं अनुप्रयोग को भी सामने रखा। डायरेक्टर-इन-चार्ज क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी टीमों को उच्च-स्तरीय क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। 'गोल्ड अवार्ड' प्राप्त करने वाली टीमें बोकारो के सीसीक्यूसी में बीएसएल का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके बाद, आगामी स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से, टीमों को एनसीक्यूसी  और आईक्यूसी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में बीएसएल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

# धनबाद एनकाउंटर मामलाः जमीन कारोबारी से पांच लाख रुपये की लेवी वसूलने पहुंचे थे अपराधी

**रांची से आई एफएसएल की टीम ने की घटना स्थल की जांच**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में प्रिंस खान और गोपी खान के दो कथित गुर्गे गोली लगने से घायल हो गए। घायल अपराधियों की पहचान वासेपुर नूरी मस्जिद रोड निवासी 35 वर्षीय इरफान आलम उर्फ टुन्ना और पुटकी निवासी 36 वर्षीय नन्हे उर्फ नाजिर अंसारी के रूप में हुई है। दोनों के पैर में गोली लगी है और उनका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। वहीं, मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर तीसरा अपराधी मौके से फरार हो गया। मंगलवार को धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार और सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव एसएनएमएमसीएच पहुंचे और घायल दोनों अपराधियों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। डॉक्टरों से इलाज के संबंध में जानकारी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, जमीन कारोबारी से पांच लाख रुपये की लेवी वसूलने के लिए एक बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी निरंकारी चौक पहुंचे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान बरवाअड्डा थाना के गश्ती वाहन को भी निशाना बनाया गया। अपराधियों की गोली गश्ती वाहन के शीशे में लगी, हालांकि वाहन चालक बाल-बाल बच गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इरफान आलम और नन्हे उर्फ नाजिर अंसारी घायल हो गए। मुठभेड़ के बाद रांची से एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, एक पिस्टल, चार कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि बरामद मोबाइल फोन की जांच में गोपी खान से बातचीत के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, इरफान आलम का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है और वह जेल से जमानत पर बाहर आया था। वहीं, नन्हे उर्फ नाजिर अंसारी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। फरार तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घायल दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि संगठित अपराध को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधी जिस भाषा में समझेगा, पुलिस उसी भाषा में समझाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और फरार अपराधी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# टुण्डी व बलियापुर के होमगार्ड अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन संपन्न



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को होमगार्ड बहाली के अंतर्गत चयनित टुण्डी व बलियापुर के अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। जिसमें उनके मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन, चिकित्सीय जाँच, पुलिस चरित्र सत्यापन एवं बॉण्ड निष्पादन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई है। आज टुण्डी व बलियापुर के अभ्यर्थियों का मेडिकल और डोक्युमेंट वेरिफिकेशन किया गया। 19 अगस्त को कलियासोल एवं बाघमारा के अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा। जबकि निर्धारित तिथियों में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को 1 सितंबर 2026 को मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने का अंतिम अवसर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को आवेदन में प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ, स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ और पीछे नाम व रोल नंबर अंकित 4 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होना है। इसके लिए चार टीम बनाई गई है। साथ में एक मेडिकल टीम भी मौजूद है। उपायुक्त ने कहा कि फर्जी दस्तावेज या धोखाधड़ी का प्रयास करने पर झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम, 2023 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला प्रशासन ने बिल्कुल पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर होमगार्ड बहाली की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई है। मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी उसी तरह संपन्न कराई जा रही है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को किसी भी बिचौलिए के झांसे में नहीं आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी बिचौलिया किसी भी अभ्यर्थी को राशि लेकर उनका काम कराने का प्रलोभन देता है तो अभ्यर्थी सीधे होमगार्ड डीएसपी के मोबाइल नंबर 6299226344 पर संपर्क करें। साथ में उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने का अनुरोध किया है। मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान होमगार्ड के कमांडेंट  सूर्यकांत कुमार, अंचल अधिकारी बाघमारा  मुरारी नायक, जांच व मेडिकल टीम के सदस्य मौजूद थे।

# चार घरों के ताले तोड़कर लाखों के आभूषण व नकदी की चोरी

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाटडीह ओपी क्षेत्र के नागदा बस्ती स्थित प्रमाणिक टोला में सोमवार की देर रात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाकर हजारों रुपये नगद सहित लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने जिस कमरे में घर के सदस्य सो रहे थे, उस कमरा को बाहर से बंद कर दिया था। सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने पड़ोसियों को बुलाकर सिकड़ खुलवाया। बाहर निकलने पर दूसरे कमरे का ताला टूटा मिला। घटना की सूचना मिलते ही भाटडीह ओपी पुलिस गांव पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों के अनुसार रमेश प्रमाणिक, लालू नापित, निमाई नापित और अजय प्रमाणिक सोमवार रात खाना खाने के पश्चात दूसरे कमरों में ताला लगाकर सोने चले गए थे। अहले सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर मोबाइल फोन के माध्यम से पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया। इसके बाद कमरों की तलाशी लेने पर सामान बिखरा मिला। बक्से व ट्रंक के ताले टूटे हुए थे, जबकि अलमारी खुली मिली। रमेश प्रमाणिक के घर से अलमारी में रखे 16 हजार रुपये नगद, एक जोड़ी पायल और चांदी की चेन चोरी होने की बात सामने आई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK